सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 16.3 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,802 |
| निफ्टी | 24,013 |
| सोना | 1,45,000 |
| चांदी | 2,32000 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 21 जून 2026 | 7 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 173, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702





## न्यूज ब्रीफ

### सिद्धबाड़ी, योल बाजार में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रख-रखाव व जरूरी मरम्मत कार्य के कारण 11केवी योल फीडर के अंतर्गत गांव सिद्धबाड़ी, गायतो, मोनेस्टरी, योल बाजार, बन्नी बनोरडू, चतेहड़, स्लेट गोदाम, थेरु, खलुड़ बारग, नरवाना, जलोह, तंगरोटी, रक्कड़, उथड़ाग्रां आदि में 22 जून को सुबह 9:30 से शाम कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक परिस्थिति में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

### क्रेच कार्यकर्ता व सहायिका के 22 पदों पर भर्ती

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** बाल विकास परियोजना रैत के तहत शाहपुर और कांगड़ा क्षेत्र के 15 आंगनबाड़ी एवं क्रेच केंद्रों में क्रेच कार्यकर्ता और सहायिका के 22 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इच्छुक महिला अभ्यर्थी 10 जुलाई तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय रैत में आवेदन जमा कर सकती हैं। परियोजना अधिकारी निर्मला चौहान ने बताया कि विभिन्न पंचायतों और केंद्रों में क्रेच कार्यकर्ता व सहायिका के पद भरे जाएंगे।

### डीएवी स्कूल लोअर लंबागांव में मनाया योग दिवस



**अनंत ज्ञान जयसिंहपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल लोअर लंबागांव में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और सरस्वती वंदना से हुई। योग शिक्षक अनूप सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। प्रधानाचार्य भुवेश शर्मा ने योग को स्वस्थ जीवनशैली बताते हुए नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। अंत में सभी ने योग को दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

### विधायक बिक्रम से मिले नवनिर्वाचित प्रतिनिधि



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** अपर परागपुर पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान और वार्ड सदस्यों ने शनिवार को जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिक्रम ठाकुर से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने विधायक के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों, जनहित से जुड़े विभिन्न स्थानीय मुद्दों और पंचायत की आगामी योजनाओं को लेकर चर्चा की। विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर क्षेत्र की प्रगति के लिए सकारात्मक संवाद किया। बिक्रम ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उन्हें जीत की हार्दिक बधाई दी। पंचायत के विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### सुरेंद्र मनकोटिया ने जताया सीएम का आभार

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एचपीसीसी) में प्रशिक्षण विभाग का दायित्व मिलने पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जवाबदेही है। मनकोटिया ने विश्वास दिलाया कि प्रशिक्षण विभाग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन, विचारधारा और जनसेवा के मूल्यों से जोड़ते हुए बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा।

### गरली में नवनिर्वाचित प्रतिनिधि किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिक्रम ठाकुर ने शनिवार को ग्राम पंचायत गरली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित प्रधान, उप-प्रधान और वार्ड पंचों को सम्मानित कर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि जनता ने जिन विश्वास के साथ जनप्रतिनिधियों को चुना है, वे उस पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों के सेवा संकल्प की सराहना की।

### विधायक बिक्रम ने दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को गरली में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जसवां परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थलों की सफाई की और स्वच्छता का संकल्प लिया। इस अवसर पर रमन शर्मा, संजीव शर्मा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सत्या देवी बनी क्षत्रिय महासभा की जिलाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, जवाली।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाते हुए जिला कांगड़ा में नई नियुक्तियों की घोषणा की है। राष्ट्रीय समन्वयक बीएस राणा ने सत्या देवी (त्रिलोकपुर) को जिला अध्यक्ष और शालिनी ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। बीएस राणा ने बताया कि संगठन प्रदेशभर में सदस्यता अभियान चलाकर जमीनी स्तर तक विस्तार करेगा। उन्होंने कहा कि निष्क्रिय जिलों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की जाएगी।

### शिवनगर कॉलेज में योग दिवस मनाया



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर कांगड़ा में शनिवार को विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने की। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व से अवगत कराना और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत योगाभ्यास से हुई। प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

जागोरी ट्रस्ट की बीज यात्रा से जैविक खेती को मिलेगा बढ़ावा

### बीज खोजो यात्रा अभियान 21 से 23 जून तक

**अनंत ज्ञान, गगल।** जागोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट वर्ष 2006 से किसानों के साथ मिलकर जैविक एवं पारंपरिक खेती को बढ़ावा देने तथा महिलाओं को किसान के रूप में पहचान दिलाने का कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा गाँव स्तर पर महिला किसान समूह बनाए गए, जिनमें जैविक खेती के लाभ और रासायनिक खेती के नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। किसानों को सरकार की आत्मा परियोजना से भी जोड़ा गया। किसानों ने पारंपरिक बीजों की कमी की समस्या बताई, जिसे देखते हुए 'उमड़ते सौ करोड़ अभियान' के तहत 21 से 23 जून तक सीड यात्रा (बीज यात्रा) का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य पारंपरिक बीजों का संरक्षण, जैविक खेती को बढ़ावा, कृषि ज्ञान का आदान-प्रदान और महिलाओं की किसान के रूप में भूमिका को मजबूत करना है।

### हेरिटेज गाइड्स के लिए कार्यशाला का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज के धर्मशाला चैप्टर ने पर्यटन विभाग और राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सहयोग से हेरिटेज एवं पर्यटन गाइडों के लिए सात दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ किया। यह कार्यशाला 20 से 26 जून तक चलेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय गाइडों को जिम्मेदार पर्यटन के लिए प्रशिक्षित करना और उन्हें हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का सच्चा संवाहक बनाना है। उद्घाटन सत्र में इनटैक धर्मशाला चैप्टर के अध्यक्ष नरेंद्र अवस्थी ने मुख्य अतिथि मालविका पठानिया का स्वागत किया। मालविका पठानिया ने सांस्कृतिक संरक्षण और रेस्टोरेशन पर व्यावहारिक जानकारी दी।

# अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क के तीन मुख्य आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

## ऑपरेशन 'नया सवेरा' में कांगड़ा पुलिस को मिली सफलता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नशा तस्करी के खिलाफ जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन नया सवेरा' के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। बैकवर्ड इन्वेस्टिगेशन (पिछली कड़ियों की जांच) के माध्यम से पुलिस ने अंतरराज्यीय चिट्टा तस्करी नेटवर्क के तीन प्रमुख आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया है।

पुलिस का मानना है कि इन गिरफ्तारियों से नशा तस्करों के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है और इसके अन्य सदस्यों तक पहुंचने में भी मदद मिलेगी। आरोपियों की पहचान गौरव साहोता, हनी पुत्र सोमनाथ तथा हनी कुमार पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच, तकनीकी साक्ष्यों, वित्तीय लेन-देन के विश्लेषण तथा पहले गिरफ्तार आरोपियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर इन व्यक्तियों की भूमिका सामने आई। जांच में पाया कि आरोपी नेटवर्क के संचालन, नशे की आपूर्ति और अवैध धन के प्रबंधन में सक्रिय रूप से शामिल थे।

### अभिषेक सहोता था प्रमुख सप्लायर

एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि तफ्तीश के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि हनी कुमार मुख्य सरगना अभिषेक साहोता को हेरोइन उपलब्ध करवाने वाला प्रमुख सप्लायर था और पूरे नेटवर्क की सप्लाई चेन को बनाए रखने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। वहीं, गौरव साहोता और हनी पुत्र सोमनाथ मादक पदार्थों की बिक्री से अर्जित अवैध धनराशि के प्रबंधन तथा वित्तीय लेन-देन को संचालित करने में सक्रिय पाए गए। एसपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीमों को पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में भेजा गया था।

### अब तक 3 मामलों में 22 गिरफ्तार

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इस अभियान के तहत अब तक पुलिस थाना पालमपुर में तीन एफआईआर (57/2026, 59/2026 और 61/2026) दर्ज की जा चुकी हैं। इन मामलों में कुल 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनके कब्जे से 167.18 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। इसके अलावा एक पिकअप/मालवाहक वाहन और 18 इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

### वित्तीय लेन-देन की गहन जांच

वित्तीय जांच में यह भी सामने आया है कि नशा तस्करी से अर्जित धनराशि को विभिन्न बैंक खातों और अन्य माध्यमों से संचालित किया जा रहा था। पुलिस अब अपराध से अर्जित संपत्तियों का पता लगाने और उन्हें जब्त करने की दिशा में भी कार्रवाई कर रही है। इसके लिए वित्तीय दस्तावेजों और बैंक लेन-देन की गहन जांच की जा रही है। कांगड़ा पुलिस ने बताया कि 'ऑपरेशन नया सवेरा' के तहत लगातार की जा रही कार्रवाई से अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क पर प्रभावी प्रहार हुआ है। अभियान का उद्देश्य केवल नशा तस्करों को गिरफ्तार करना ही नहीं, बल्कि उनके पूरे तंत्र, वित्तीय लाभार्थियों और सप्लाई चेन को ध्वस्त करना है।

## कंडवाल नाके पर 100 क्विंटल अवैध लकड़ी बरामद, ट्रक जब्त



चालक नहीं दिखा पाया लकड़ी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज।

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** वन परिक्षेत्र भदरोया के तहत रेंज ऑफिसर अब्दुल हामिद ने कंडवाल में लगाए गए नाके के दौरान एक ट्रक से करीब 100 क्विंटल लकड़ी के मोछे बरामद किए। जांच के दौरान चालक के पास लकड़ी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन को कब्जे में ले लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि लकड़ी का कटान जिला चंबा के सीमावर्ती क्षेत्र से किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन परिक्षेत्र डलहौजी को भी सूचित किया गया है, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि कटान वैध था या अवैध। रेंज ऑफिसर ने कहा कि क्षेत्र में अवैध कटान और वन माफिया सक्रिय हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने स्टाफ की कमी के बावजूद कार्रवाई जारी रखने की बात कही और अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी का आश्वासन दिया।

## एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, 2.044 किलोग्राम अफीम सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 19 जून को एसटीएफ नॉर्दर्न रेंज कांगड़ा की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसटीएफ ने लुवाई रेन शेल्टर, लोहारड़ी रोड, तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा में कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से 2.044 किलोग्राम अफीम बरामद की। पुलिस के अनुसार बरामद अफीम ट्रैकिंग बैग के अंदर छिपाकर रखी गई थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज कुमार पुत्र लाल चंद निवासी वार्ड नंबर-5, गांव शिलाग्राम, डाकघर शलांग, तहसील एवं जिला कुल्लू; हेमंत ठाकुर पुत्र लाल चंद निवासी वार्ड नंबर-2, घराकड़, तहसील एवं जिला कुल्लू तथा पलाश ठाकुर पुत्र धर्मपाल ठाकुर निवासी वार्ड नंबर-2, घराकड़, तहसील एवं जिला कुल्लू के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना बीड़, जिला कांगड़ा में एफआईआर नंबर 55/26 दर्ज कर ली गई है। मामले की प्रारंभिक जांच एसटीएफ कांगड़ा नॉर्दर्न रेंज के एएसआई सुरेश द्वारा की गई, जबकि आगे की जांच का जिम्मा पुलिस थाना बीड़ के एसआई अशोक कुमार को सौंपा गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों की प्रोफाइलिंग भी कर ली है और उनके आपराधिक तथा आर्थिक नेटवर्क की जांच की जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद अफीम कहां से लाई गई थी तथा इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। एसटीएफ और जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## अवर ऑन इंग्लिश स्कूल में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह एवं धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा योग के महत्व को समझा। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न योग क्रियाओं, प्राणायाम एवं योगासनों के बारे में विस्तार से जानकारी दीञ विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या रविंदा कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को पूरे विश्व में मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की आठवीं कक्षा के छात्र तरुणदीप ने विभिन्न योगासनों एवं योग क्रियाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया तथा उपस्थित विद्यार्थियों को योगाभ्यास भी करवाया।

## डीजल-पेट्रोल प्रतिबंध हटाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ के बीडीसी सदस्य रविंद्र कुमार ने प्रदेश सरकार से पेट्रोल पंपों पर खुले में डीजल और पेट्रोल देने पर लगाए गए प्रतिबंध को तत्काल वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से प्रदेश के हजारों किसान प्रभावित हो रहे हैं और कृषि कार्य बाधित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसान पावर टिलर, स्प्रे मशीन और अन्य कृषि उपकरणों के लिए कैन में ईंधन ले जाते हैं, लेकिन प्रतिबंध के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। मौजूदा समय में कृषि कार्यों का महत्वपूर्ण मौसम चल रहा है, ऐसे में देरी से उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से किसानों के लिए विशेष व्यवस्था बनाने की अपील की और चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## हैप्पी बर्थडे



मटौर की आहाना को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## ओम चंद लगातार दूसरी बार बने एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बोह में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन के लिए आयोजित बैठक में सलेड़ह पंचायत के उपप्रधान ओम चंद को सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया, जबकि त्रिशला देवी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य बचन चंद ने की। इस अवसर पर आगामी सत्र के लिए 20 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## यशोवर्धन अत्री ने योगासन में लहराया परचम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** 17 वर्षीय यशोवर्धन अत्री, हमीरपुर निवासी और हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के 12वीं कक्षा के छात्र, पिछले 9 वर्षों से योगासन में निरंतर अभ्यास कर रहे हैं। वे जिला से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक कई प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। यशोवर्धन ने 2025-26 सत्र में स्टेट स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक, भारत योगासन और वाईएफआई राज्य चैंपियनशिप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक हासिल की। राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने कोलकाता और विजयवाड़ा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

## सीजीएचएस वेलनेस सेंटर के निर्माण कार्य पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** गोरखा भवन, धर्मशाला में केंद्रीय कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त पैरामिलिट्री कल्याण संगठन की बैठक आयोजित हुई। इसमें आयकर, इंटेलिजेंस ब्यूरो, डाक विभाग, बीएसएनएल, एमईएस सहित विभिन्न केंद्रीय विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर के निर्माण कार्य और इसके शीघ्र उद्घाटन पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही ऑनलाइन सीजीएचएस कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जानकारी भी साझा की गई। संगठन के महासचिव पालम जंग प्रधान ने बताया कि केंद्र से निरीक्षण के लिए अधिकारी जल्द धर्मशाला आएंगे। बैठक में लगभग 100 सदस्य उपस्थित रहे।

## तिलक राज बने सुलह स्कूल के एसएमसी प्रधान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राणा मान चंद मेमोरियल राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुलह का स्कूल प्रबंधन समिति का गठन शनिवार को हुआ। सर्वसम्मति से तिलक राज को आगामी दो वर्षों के लिए प्रधान चुना गया। विद्यालय में पढ़ने वाले 342 बच्चों के दो तिहाई अभिभावकों ने इस गठन में हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेश्वर सिंह ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। इसके साथ ही स्थानीय पंचायत प्रधान रमेश कठियाल तथा उप प्रधान सन्नी बलारू ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई दी।

## लगड़ू स्कूल में निकाली नशा विरोधी रैली

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** पुलिस चौकी लगड़ू द्वारा गोद लिए गए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लगड़ू में शनिवार को नशा विरोधी जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने लरू बाजार में पैदल मार्च कर और नारे लगाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि नशे से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाना, चौकी या डायल-112 पर दें।

## ओलंपिक दिवस आयोजन को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा।** प्रदेश ओलंपिक संघ की जिला बैठक कांगड़ा में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बास्केटबॉल संघ के महासचिव मुनीष शर्मा ने की। बैठक में निर्णय लिया कि 23 जून को ओलंपिक दिवस नगर परिषद मैदान कांगड़ा में शाम 5 से 7 बजे तक मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत ओलंपिक रन से होगी, जिसके बाद बास्केटबॉल, फुटबॉल और हॉकी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मुनीष शर्मा ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने युवाओं से मैदान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। बैठक में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र त्रेहन, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सरकार जनता को भाषण दे रही लेकिन हकीकत में महंगाई और बेरोजगारी का बोझ बढ़ा रही: परमार



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू मंचों से केंद्र सरकार पर हिमाचल के साथ भेदभाव के आरोप लगाकर राजनीतिक सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी अपनी सरकार प्रदेश की जनता पर लगातार नए आर्थिक बोझ लाद रही है। हाल ही में प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं पर 33.8 पैसे प्रति यूनिट फ्यूल चार्ज लगाकर कांग्रेस सरकार ने साफ कर दिया है कि उसकी कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। विपिन सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार हर मंच से जनता को यह बताने में व्यस्त है कि केंद्र ने हिमाचल का हक छीना, लेकिन यह नहीं बताती कि आखिर प्रदेश की जनता के बिजली बिल क्यों बढ़ रहे हैं? क्यों आम आदमी, किसान, कर्मचारी, व्यापारी और गृहिणियां हर महीने बढ़ते खर्चों का सामना कर रहे हैं? अगर सरकार इतनी ही जनहितैषी है तो बिजली पर अतिरिक्त बोझ क्यों डाला जा रहा है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवाओं के भविष्य की चिंता का दिखावा करते हैं, लेकिन प्रदेश का युवा आज भी रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है।

## 'जनगणना आदेशों में लाएं एकरूपता, जनगणना ड्यूटी के लिए रिलीव किए जाएं शिक्षक'

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में पार्ट टाइम जनगणना के आदेश संशोधित होने के बाद भी शिक्षक दुविधा में हैं। जिला प्रशासन ने जब जनगणना कार्य वर्किंग समय में करने के आदेश जारी कर दिए तो कुछ जिलों में शिक्षा विभाग ने उनको जनगणना ड्यूटी के लिए रिलीव करने के आदेश नहीं दे रहे। कांगड़ा जिला में शिक्षा उप निदेशक ने नज़ीर फैसला लेते हुए जनगणना स्टाफ को रिलीव करने के आदेश जारी किए हैं मगर मगर जिला हमीरपुर, मंडी, चंबा आदि में शिक्षक ऐसे आदेशों के इंतजार में हैं। अनेकों स्कूलों में अब भी स्कूल मुखिया शिक्षकों को स्कूल आने के आदेश दे रहे हैं और स्विफ्ट चैट पर हाज़री लगाने के लिए भी कह रहे हैं। इससे शिक्षकों को अनेकों किलोमीटर दूर जाकर यह काम भी जनगणना पैदल मार्च के साथ करना पड़ रहा है।

ऐसे में शिक्षा निदेशक इस स्थिति का संज्ञान लें और शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी के लिए रिलीव करने के आदेश जारी करवाएं। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश शिक्षा विभाग से की है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि जब राज्य सरकार में जनगणना कार्य गुणवत्ता से करना है तो हर घर जाने और सारे जनगणना कार्य करने में वक्त लगेगा। इसलिए शिक्षकों को यह कार्य करने के दौरान अन्य बाधाओं से मुक्त किया जाए। शिक्षकों को जबरन रोकने वाले स्कूली मुखियाओं से इसका जवाब तलब किया जाए। जनगणना के लिए जाने वालों शिक्षकों के सहयोग के लिए कोई भी स्थानीय कर्मचारी नहीं लगाया गया है, जबकि जनगणना एक्ट की धारा 4(2) के अनुसार यदि गणनाकर्ता और पर्यवेक्षक को क्षेत्रीय सहायता, मार्गदर्शन, सुरक्षा, घरों की पहचान, स्थानीय जानकारी या रिकॉर्ड सत्यापन की आवश्यकता हो, तो जिला प्रशासन पंचायत सचिव, पटवारी, ग्राम रोजगार सेवक, नगर निकाय कर्मचारी, अन्य स्थानीय सरकारी कर्मचारियों को जनगणना कार्य में सहयोग के लिए लगा सकता है, बशर्ते सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेश जारी किया जाए। यह व्यवस्था धारा 7 और धारा 4ए के तहत समर्थित हो। कुल्लू जिले की तर्ज पर घरों में कुत्तों को बांधने के आदेश सारे प्रदेश में लागू किए जाएं, ताकि जनगणना कर्मी सुरक्षित रहें। इसके अलावा जनगणना ड्यूटी के एवज में अर्जित अवकाश अन्य राज्यों की तर्ज पर हिमाचल में भी स्वीकृत किया जाए, क्योंकि इस काम में शिक्षक अवकाश के दिन भी लगे हैं। हीर ने कहा कि जब सेमिनार, खेल और सांस्कृतिक समारोह, चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस, इंस्पायर, बोर्ड पेपर चेकिंग ड्यूटी आदि ड्यूटी में शिक्षकों को स्कूल से रिलीव कर भेजा जाता है तो केवल जनगणना के दौरान उनको रिलीव नहीं करना न्यायसंगत नहीं है।

## द्रोणाचार्य कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



दैनिक जीवन में योग को अपनाने का संकल्प लिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में संजीवनी क्लब के सौजन्य से विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

त्रिगर्त दिव्य योगाश्रम कांगड़ा के संस्थापक एवं प्रसिद्ध योग गुरु योगी रंजीत सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं डॉ. बीएस पठानिया, एक्सपर्ट राजयोग मेडिटेशन तथा रोटरी क्लब शाहपुर के अध्यक्ष रोटेरियन सत्येंद्र गौतम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा तथा संजीवनी क्लब की संयोजिका पारुल शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का पारंपरिक पहाड़ी टोपी, शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। योग गुरु योगी रंजीत सिंह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन्होंने युवाओं से प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। डॉ. बीएस पठानिया ने उपस्थित जनों को राजयोग मेडिटेशन की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया तथा मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और आत्मिक विकास में ध्यान की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## सुक्खू सरकार की नाकामी से बल्क ड्रग पार्क की रफ्तार थमी: बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हरोली में बनने वाला महत्वाकांक्षी बल्क ड्रग पार्क प्रदेश की अर्थव्यवस्था और युवाओं के रोजगार का एक बड़ा आधार बनने वाला था, लेकिन सुक्खू सरकार की सुस्ती, लापरवाही और नकारात्मक सोच के कारण यह परियोजना तय समय और गति के अनुसार आगे नहीं बढ़ पा रही है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। सच्चाई यह है कि बल्क ड्रग पार्क हिमाचल प्रदेश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और तत्कालीन भाजपा सरकार के प्रयासों से मिला था। कोरोनाकाल के दौरान देश ने दवा निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल के लिए विदेशी निर्भरता की चुनौती देखी, जिसके बाद पीए नरेंद्र मोदी ने भारत को फार्मा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से देश में तीन बल्क ड्रग पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया था।

# सर्वसम्मति से चुनी गदराणा पंचायत को मिलेंगे 30 लाख रुपए: मलेंद्र

## विधायक ने की पांच लाख रुपए और ओपन जिम खोलने की घोषणा

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने शनिवार को सर्वसम्मति से चुनी गई ग्राम पंचायत गदराणा के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पंचायत के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विधायक ने सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए पंचायत के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सर्वसम्मति से चुनी गई पंचायतों को विकास कार्यों के लिए 25 लाख रुपए की विशेष सहायता प्रदान की जाएगी।

इसके अलावा उन्होंने अपनी विधायक निधि से 5 लाख रुपए देने तथा पंचायत में ओपन जिम स्थापित करने की घोषणा की। मलेंद्र राजन ने कहा कि इंदौरा विधानसभा क्षेत्र को विकास की दृष्टि से मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर ऐसी बैठकें आगे भी आयोजित की जाएंगी ताकि विकास कार्यों की नियमित समीक्षा हो सके। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि क्षेत्र में जल्द ही पांच इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी, जिनमें से एक बस का रूट गदराणा पंचायत से होकर गुजरेगा। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विधायक ने जनप्रतिनिधियों से पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने महिला मंडलों को स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए विशेष सहयोग देने की बात भी कही। इस अवसर पर पंचायत प्रधान अनिल कुमार, उपप्रधान योगेश राणा, बीडीसी सदस्य नरेश कुमारी सहित कई जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



पंचायत गदराणा के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ की बैठक।

सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 16.3 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,802 |
| निफ्टी | 24,013 |
| सोना | 1,45,000 |
| चांदी | 2,32000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 21 जून 2026 | 7 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 173, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702




# टनल-रोपवे और डैम भी बनाएगा लोक निर्माण विभाग : सीएम सुक्खू

## कहा-2050 तक आपदा पुनर्निर्माण खर्च बढ़ने के अनुमान, अभी से सुधार जरूरी

अनंत ज्ञान



उत्तर क्षेत्रीय अंतरराज्यीय संवाद सत्र को संबोधित करते सीएम सुक्खू।

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं और बढ़ती विकास जरूरतों को देखते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को अपनी पारंपरिक कार्यप्रणाली से आगे बढ़कर आधुनिक और तकनीक आधारित व्यवस्था अपनानी होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विभाग की भूमिका केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि टनल, रोपवे, बहुमंजिला भवनों और बांध निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी उसका दायरा बढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को शिमला में आयोजित 'लोक निर्माण विभागों में गुणवत्ता आश्वासन' विषय पर उत्तर क्षेत्रीय अंतर-राज्यीय संवाद सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारी और अभियंता शामिल हुए। संवाद सत्र में सस्टेनेबल सड़क, टनल और भवन निर्माण से जुड़ी चुनौतियों तथा उनके तकनीकी समाधानों पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश ने कई बड़ी प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है और इन परिस्थितियों में लोक निर्माण विभाग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव अब साफ तौर पर दिखाई दे रहे हैं और भविष्य में अन्य राज्यों को भी ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल का लगभग 90 प्रतिशत क्षेत्र पहाड़ी है, इसलिए यहां सड़क संपर्क लोगों की मूलभूत आवश्यकता है। ऐसे में भूस्खलन, ड्रेनेज और पर्यावरण संरक्षण जैसी चुनौतियों का समाधान करते हुए टिकाऊ विकास सुनिश्चित करना जरूरी है।

सुक्खू ने कहा कि आने वाले वर्षों में आपदाओं से क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग चार प्रतिशत हिस्सा आपदा के बाद पुनर्निर्माण कार्यों पर खर्च हो रहा है, जो वर्ष 2050 तक बढ़कर 14 प्रतिशत तक पहुंच सकता है, इसलिए आधुनिक तकनीकों को अपनाना और विभाग की क्षमता बढ़ाना समय की आवश्यकता है।

### पीडब्ल्यूडी के दायरे में बड़ा विस्तार संभव

**मुख्यमंत्री** ने लोक निर्माण विभाग के कार्यक्षेत्र को विस्तारित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विभाग को अपने पारंपरिक दायरे से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने संकेत दिए कि भविष्य में विभाग बांध निर्माण सहित अन्य बड़े अधोसंरचना क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसके लिए राज्य सरकार इस दिशा में गंभीरता से विचार कर रही है ताकि विभाग की तकनीकी विशेषज्ञता का व्यापक उपयोग किया जा सके। इस अवसर पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद रहे।

# देश में पैदल चलना हुआ जानलेवा, पांच साल में 1.8 लाख लोगों की गई जान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत में 2019 से 2024 के बीच सड़क दुर्घटनाओं में 1.8 लाख से अधिक पैदल चलने वालों की मौत हुई है। औसतन हर साल 30,500 से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गंवाई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान पैदल चलने वालों की कुल मौतों में से लगभग 31 प्रतिशत दुर्घटनाएं अकेले राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई हैं।

सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा 2024 के लिए जारी किए गए नवीनतम दुर्घटना आंकड़ों से पता चलता है कि पैदल चलने वालों की लगभग 54 प्रतिशत मौतें दोपहिया वाहनों और कारों की टक्कर के कारण हुईं। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में पैदल यात्रियों की मृत्यु दर विश्व में सबसे अधिक है, जिसका सबसे बड़ा कारण सुरक्षित फुटपाथ और सड़क पार करने के लिए उचित बुनियादी ढांचे का अभाव है। पैदल यात्रियों की मौतों के ये उच्च आंकड़े नीति निर्माताओं और सड़क निर्माण व रखरखाव एजेंसियों के लिए एक बड़ी चेतावनी हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश में नागरिकों के पैदल चलने के मौलिक अधिकार को बरकरार रखा है। साथ ही, अदालत ने सरकार को सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए स्पष्ट रूप से सीमांकित फुटपाथ बनाने के लिए कानून बनाने का निर्देश दिया है। पिछले साल भी शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया था कि फुटपाथ का उपयोग करने का पैदल चलने वालों का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत है। (अनंत ज्ञान)

### तमिलनाडु सबसे ऊपर

**2024** की रिपोर्ट के अनुसार, पैदल यात्रियों की मौतों के मामले में तमिलनाडु सबसे खराब स्थिति में है, जहां अधिकतम 4,712 मौतें दर्ज की गईं। इसके बाद बिहार (4,149), महाराष्ट्र (3,344) और पश्चिम बंगाल (3,241) का स्थान है। मंत्रालय की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, 10 लाख से अधिक आबादी वाले 53 प्रमुख शहरों में 4,328 पैदल यात्रियों की मौत हुई, जो कुल मौतों का केवल 11.8% है। युवाओं के नेतृत्व वाले संगठन इंडिया रोड सेफ्टी कैंपेन के प्रमुख अमर श्रीवास्तव ने कहा, 'यह आंकड़ा दर्शाता है कि सरकारी सड़क एजेंसियों को प्रमुख शहरी क्षेत्रों के बाहर पैदल चलने वालों की मौतों के सटीक कारणों का पता लगाने की सख्त आवश्यकता है।

### राजमार्गों पर चेतावनी बोर्ड लगाने का सुझाव

**इस** बीच, सुप्रीम कोर्ट में चल रहे एक अन्य मामले में एक एमिकस क्यूरी ने सुझाव दिया है कि सरकार को राजमार्गों पर पैदल चलने वालों के लिए साइनेज (सांकेतिक बोर्ड) स्थापित करने चाहिए। साथ ही, उन्हें अलर्ट करने के लिए पैदल चलने वालों का प्रवेश निषेध जैसे स्पष्ट साइन बोर्ड भी लगाए जाने चाहिए। सड़क परिवहन मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में सड़क सुरक्षा का जिम्मा संभाल चुके अभय दामले ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास पैदल चलने वालों की सुविधाओं और फुटपाथों के लिए इंडियन रोड्स कांग्रेस द्वारा निर्धारित अच्छे मानक मौजूद हैं। मुख्य समस्या मानकों की कमी नहीं है, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर लागू करने में हमारी पूरी विफलता है।




## न्यूज शॉर्ट्स

### टीएमसी नेता जहांगीर खान की पत्नी गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता जहांगीर खान की पत्नी सरीना बीबी को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया है। उन पर फालता पुलिस स्टेशन पर भीड़ जुटाकर पुलिस और केंद्रीय बलों पर हमले और जहांगीर खान को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की कोशिश का आरोप है। पुलिस के मुताबिक, 16 जून को सरीना बीबी ने समर्थकों को जुटाकर थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन कराया था। भीड़ ने सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी भी की। मामले में अब तक 27 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जहांगीर खान को पुलिस ने 8 जून को भारत से भागने के दौरान नेपाल बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कई बार फालता में उसकी परेड कराई। इस दौरान जहांगीर कान पकड़कर और हाथ जोड़कर लोगों से माफी मांगता दिखा। (अनंत ज्ञान)

### लंदन में दो ट्रेनों की टक्कर एक की मौत, कई घायल


**एजेंसी, लंदन।** लंदन के उत्तरी क्षेत्र में दो ट्रेनों के बीच टक्कर हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 80 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आपातकालीन सेवाएं तुरंत मौके पर पहुंचीं। ब्रिटेन की परिवहन मंत्री ने घटना पर करीबी नजर रखने की बात कही है और राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की जा रही है। ब्रिटिश परिवहन पुलिस के अनुसार, लंदन से लगभग 60 मील उत्तर में हुई इस टक्कर की सूचना पर कार्रवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र के हनुमान मंदिर की छत गिरी, 7 की मौत

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र में परभणी जिले के यशवाड़ी गांव में शनिवार दोपहर हनुमान मंदिर की छत का एक हिस्सा गिर गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि मंदिर के सभा-मंडप (बाहरी हॉल) की छत का हिस्सा करीब अपराह्न साढ़े तीन बजे गिर गया। पुलिस और जिला प्रशासन ने अपनी टीमें भेज दी हैं और बचाव अभियान जारी है। अब तक करीब 25 लोगों को मलबे के नीचे से बाहर निकाला जा चुका है। (अनंत ज्ञान)

# शिमला के कोर एरिया में सरकार की मंजूरी के बिना नहीं कर सकेंगे निर्माण कार्य

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला के ऐतिहासिक और पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील कोर एरिया में अब किसी भी नए निर्माण या विकास कार्य को राज्य सरकार की मंजूरी के बिना आगे नहीं बढ़ाया जा सकेगा। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने शिमला डेवलपमेंट प्लान में महत्वपूर्ण संशोधन का प्रस्ताव जारी करते हुए निर्माण गतिविधियों पर निगरानी और नियंत्रण को और अधिक सख्त बनाने की पहल की है।

इस फैसले को शिमला के अनियंत्रित शहरी विस्तार, पर्यावरण संरक्षण और विरासत स्वरूप को सुरक्षित रखने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। नए प्रस्तावित नियमों के तहत कोर एरिया में किसी भी विकासात्मक परियोजना, भवन निर्माण, व्यावसायिक परिसर, संस्थागत ढांचा या अन्य निर्माण कार्य को सीधे मंजूरी नहीं दी जा सकेगी। ऐसे सभी प्रस्ताव पहले टीसीपी निदेशक के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे, जहां उनकी तकनीकी, पर्यावरणीय और नियामकीय दृष्टि से जांच की जाएगी। इसके बाद अपनी सिफारिशों के साथ मामला अंतिम निर्णय के लिए राज्य सरकार को भेजा जाएगा। सरकार की स्वीकृति मिलने के बाद ही परियोजनाओं को अनुमति दी जा सकेगी। टीसीपी विभाग ने मसौदे को अंतिम रूप देने से पहले आम जनता, विशेषज्ञों और प्रभावित पक्षों से सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की हैं। अधिसूचना जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर लोग अपनी आपत्तियां लिखित रूप में टीसीपी निदेशक कार्यालय, टाउन प्लानर कार्यालय या नगर निगम आयुक्त कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

प्राप्त सुझावों की समीक्षा के बाद अंतिम प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जाएगा। यह प्रस्ताव केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं बल्कि शिमला के भविष्य और इसके पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए लिया गया महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सीजफायर के बावजूद इसराइल का लेबनान पर फिर हमला, 5 की मौत

**एजेंसी, बेरूत।** लेबनान के आधिकारिक मीडिया ने बताया कि शनिवार को देश के दक्षिणी हिस्से में नए इसरायली हमलों में पांच लोगों की मौत हो गई। ये हमले तब हुए हैं जब एक दिन पहले ही इसरायल और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह समूह के बीच एक नए युद्धविराम की घोषणा की गई थी। सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने आधी रात के बाद और शनिवार सुबह तक दक्षिण लेबनान के एक दर्जन से अधिक स्थानों पर इसरायली हवाई हमलों की सूचना दी। इनमें से कई हमले नबातियेह क्षेत्र और उसके आसपास हुए। एजेंसी ने नबातियेह शहर और उसके बाहरी इलाकों में इसरायली तोपखाने की गोलाबारी की भी जानकारी दी। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हाल के दिनों में लड़ाई काफी तेज रही है। एनएनए के अनुसार, अरब सलीम शहर में हवाई हमलों में तीन लोग मारे गए, दीर जहरानी में एक व्यक्ति की मौत हुई, और ड्वेर शहर के प्रवेश द्वार पर एक मोटरसाइकिल पर दुश्मन के ड्रोन द्वारा किए गए हमले में एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई। यह घोषणा लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के उस बयान के बाद आई जिसमें कहा गया था कि शुक्रवार को देश के दक्षिण और पूर्वी हिस्से में इसरायली हवाई हमलों और बमबारी में 47 लोग मारे गए।

# भारत में मिला सोने का नया भंडार, चार जगहों से निकलेगा हजारों करोड़ का गोल्ड

**एजेंसी, हैदराबाद**



फाइल फोटो

भारत में सोने के प्रति लोगों की दीवानगी जगजाहिर है, और अब इस क्षेत्र को घरेलू स्तर पर बड़ी मजबूती मिलने की संभावना जताई जा रही है। आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में करीब 50 टन सोने के विशाल भंडार का पता चलने का दावा किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस खोज के बाद आने वाले वर्षों में आंध्र प्रदेश देश का प्रमुख सोना उत्पादक राज्य बन सकता है। इससे घरेलू उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ विदेशों से सोने के आयात पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है।

आंध्र प्रदेश के खनन विभाग के प्रधान सचिव मुकेश कुमार मीणा ने प्रेस वार्ता में इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जोन्नागिरी क्षेत्र में सबसे बड़ा भंडार मिलने का अनुमान है। इसके अलावा राज्य में चार अन्य संभावित खनन स्थल भी चिन्हित किए गए हैं, जिनमें रामागिरी, जव्वकुला और चिगुरुकुंटा बिस्नाटम जैसी जगहें शामिल हैं। सरकार अब इन खनिज-समृद्ध क्षेत्रों में आगे की खोज और विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर रही है, ताकि खनन गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

# महाराष्ट्र के रत्नागिरी के समुद्र में आठ लोग डूबे; 3 को बचाया, पांच लापता

**एजेंसी, मुंबई**



महाराष्ट्र के रत्नागिरी के गणपतिपुले समुद्र में शनिवार को घूमने आए संभाजीनगर के आठ लोगों में से पांच लोग समुद्र में लापता हो गए हैं। तीन को सफलतापूर्वक बचा लिया गया है। मौके पर रत्नागिरी पुलिस और गोताखोरों की टीम लापता पांच लोगों को ढूंढ रही है।

इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज सुबह छत्रपति संभाजीनगर के कुछ टूरिस्ट गणपतिपुले घूमने आए थे। सुबह उनमें से कुल 8 लोग समुद्र में गए थे। अचानक आई लहरों और समुद्र के पानी के अचानक बदलने की वजह से वे सभी पानी में बहने लगे। जैसे ही स्थानीय नागरिकों को पता चला कि पर्यटक समुद्र में डूब रहे हैं, लोकल लाइफगार्ड और लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। 8 में से 3 पर्यटकों को समुद्र से सुरक्षित निकाल लिया गया। हालांकि, बाकी 5 अभी भी लापता हैं। पुलिस और क्षेत्रीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस हादसे से गणपतिपुले इलाके में दहशत फैल गई है और पर्यटकों में डर का माहौल बन गया है। लोकल मछुआरों, लाइफगार्ड और प्रसाशन की तरफ से पांचों लापता पर्यटकों को ढूंढने के लिए युद्धस्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

# अमित शाह बोले-अब कोई गुट बचा नहीं, शिवसेना एक हो गई

**एजेंसी, मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आयोजित एक रैली में राज्य की पार्टी शिवसेना को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अब शिवसेना में 'कोई गुट नहीं बचा' है, शिवसेना 'एक ही हो गई' है। अमित शाह का बयान ऐसे वक्त पर आया है, जब शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों के एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने की खबरें हैं। पार्टी के संसदीय दल की बैठक में ये छह सांसद नहीं पहुंचे थे। शनिवार को कोल्हापुर में केंद्रीय गृह मंत्री अपने संबोधन के दौरान वहां मौजूद प्रमुख लोगों के नामों का जिक्र कर रहे थे।

### एकनाथ शिंदे का परिचय देते हुए कसा उद्धव पर तंज



तभी उन्होंने कहा कि मेरे साथ उपस्थित मेरे मित्र और महाराष्ट्र के लोकप्रिय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जी, शिवसेना के अध्यक्ष और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी... पहले शिंदे जी के पीछे शिवसेना शिंदे गुट कहना पड़ता था, अब कोई गुट बचा नहीं है, एक ही शिवसेना हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# एचपीटीडीसी के नए प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर कार्ड लॉन्च, होटलों में 50% तक छूट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के चेयरमैन एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली ने धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार नई योजनाएं लागू की जा रही हैं और इसी क्रम में धर्मशाला स्थित कश्मीर हाउस में पर्यटन विभाग का मुख्यालय स्थापित किया गया है।

बाली ने बताया कि कांगड़ा को 'टूरिज्म कैपिटल' का दर्जा दिया गया है और अब पर्यटन से जुड़ी अधिकांश गतिविधियां धर्मशाला से संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में एचपीटीडीसी के लगभग 60 होटल कार्यरत हैं, जिनसे हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है।

### आरएस बाली ने धर्मशाला में किया ऐलान, पर्यटन को नई दिशा देने की पहल



उन्होंने नई एचपीटीडीसी वेबसाइट लॉन्च कर कहा कि इसे अधिक सरल बनाया गया है और इसमें हिंदी भाषा का विकल्प भी जोड़ा जाएगा, ताकि पर्यटकों को सुविधा मिले। इसके अलावा निजी ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म्स से साझेदारी कर बुकिंग सिस्टम को और मजबूत किया गया है, जिससे निगम को लगभग दो करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई है।

इस अवसर पर एचपीटीडीसी ने तीन सदस्यता कार्ड प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर लॉन्च किए। प्लैटिनम कार्ड की कीमत 99,999 रुपए (3 वर्ष), गोल्ड कार्ड 75,000 रुपए (2 वर्ष) और सिल्वर कार्ड 50,000 रुपए (एक वर्ष) निर्धारित की गई है। इन कार्डों के माध्यम से एचपीटीडीसी होटलों में कमरों पर 50 प्रतिशत तक तथा भोजन पर 20 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। एक कार्डधारक एक समय में दो कमरों का लाभ भी ले सकेगा।

### नीट री-एग्जाम से पहले एनटीए की बड़ी लापरवाही

# नागपुर के स्टूडेंट्स को अबू धाबी में मिला सेंटर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नीट री-एग्जाम से पहले नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) शनिवार को देशभर में मॉक ड्रिल कर रहा है। एग्जाम को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन और सेंटरीय एजेंसियों के साथ मिलकर मल्टी लेयर सिक्योरिटी तैयार की गई है। उधर, कई जगह से स्टूडेंट्स के एग्जाम सेंटर बदलने की शिकायत मिल रही हैं। नागपुर के अब्दुल्ला मोहम्मद तालिब को जारी एडमिट कार्ड में नागपुर की जगह अबू धाबी (यूएई) का सेंटर मिल गया। इसी तरह भुवनेश्वर की संजना संजीवनी को देहरादून में सेंटर दे दिया गया है। हालांकि, बाद में गलती सुधार दी गई। एनटीए के डीजी अभिषेक सिंह ने बताया दोनों के सेंटर बदल दिए गए हैं। 21 जून को होने वाली एग्जाम में 22.79 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए भारत के 551 और विदेश के 14 शहरों में 5000 से ज्यादा एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं। एनटीए के मुताबिक एग्जाम कंडक्ट कराने में 2 लाख से अधिक कर्मी, 674 सिटी को-ऑर्डिनेटर और 6,669 ऑब्जर्वर लगाए गए हैं। एनटीए के अनुसार, एग्जाम दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक पेन-एंड-पेपर मोड में होगी। (अनंत ज्ञान)

### भुवनेश्वर की छात्रा का देहरादून परीक्षा केंद्र

### उम्मीद | सरकार का दावा-बुनियादी ढांचा पूरा, तीन महीनों में एपीआई कंपनियों को मिलेगा मौका

# हरोली बल्क ड्रग पार्क को मिलेगी रफ्तार, 3 माह में शुरू होगा प्लॉट आवंटन

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** जिले के हरोली में निर्माणाधीन महत्वाकांक्षी बल्क ड्रग पार्क परियोजना को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। लंबे समय से तकनीकी और पर्यावरणीय मंजूरियों के कारण धीमी गति से चल रहे इस प्रोजेक्ट को अब गति देने का दावा किया जा रहा है। राज्य सरकार का कहना है कि अगले तीन महीनों के भीतर एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट (एपीआई) निर्माण करने वाली कंपनियों को प्लॉट आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस बीच परियोजना को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने परियोजना में हुई देरी के लिए वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के तहत मिलने वाली मंजूरियों की जटिल प्रक्रिया को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बताया कि करीब 500 एकड़ भूमि पर पेड़ों की कटाई की अनुमति अभी तक नहीं मिल सकी है, जिसके कारण परियोजना के कुछ हिस्सों में निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है।




हाल ही में दिए गए एक मीडिया साक्षात्कार में उद्योग मंत्री ने कहा कि परियोजना के सामने सबसे बड़ी चुनौती एफसीए की मंजूरी रही है, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने बुनियादी ढांचे के अधिकांश कार्य पूरे कर लिए हैं। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश इस योजना के क्रियान्वयन में गुजरात और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

मंत्री के अनुसार बल्क ड्रग पार्क के लिए जलापूर्ति व्यवस्था का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 120 मेगावाट बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर का करीब 75 प्रतिशत निर्माण हो चुका है। सड़क निर्माण का अधिकांश कार्य भी पूरा कर लिया गया है। परियोजना का उद्घाटन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जून 2024 में किया था।

वहीं, उद्योग मंत्री ने विश्वास जताया कि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं और अगले तीन महीनों के भीतर एपीआई निर्माण करने वाली कंपनियों को विकसित भूखंडों का आवंटन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे निवेश आकर्षित होगा और परियोजना तेजी से धरातल पर उतरेगी।

### दो हजार करोड़ की महत्वाकांक्षी परियोजना

**हरोली** में स्थापित किया जा रहा बल्क ड्रग पार्क लगभग 2,000 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार 1000-1000 करोड़ रुपए का योगदान दे रही हैं। इस परियोजना का उद्देश्य देश में एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट (एपीआई) का उत्पादन बढ़ाना, दवा उद्योग को मजबूती देना तथा कच्चे माल के लिए विदेशों पर निर्भरता कम करना है। साथ ही यह परियोजना ऊना जिले को औद्योगिक विकास और रोजगार के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम साबित हो सकती है।

### 10 हजार करोड़ से 25 हजार करोड़ तक कारोबार की संभावना

**हर्षवर्धन** चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पहले ही देश की फार्मास्युटिकल विनिर्माण क्षमता में लगभग 35 प्रतिशत योगदान देता है। बल्क ड्रग पार्क के शुरू होने के बाद इसका अनुमानित वार्षिक कारोबार 10 हजार करोड़ से 25 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 8 हजार से 10 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

### कांग्रेस-भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप तेज

**परियोजना** को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केंद्र प्रायोजित परियोजनाओं में देरी करने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में उद्योग मंत्री ने कहा कि परियोजना में आई देरी का कारण तकनीकी और पर्यावरणीय प्रक्रियाएं हैं, न कि सरकार की कार्यशैली। उन्होंने पिछली भाजपा सरकार पर भी आर्थिक आधार मजबूत नहीं करने का आरोप लगाया।

## न्यूज ब्रीफ

### अंसरा में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की मानपुल शाखा ने नाबार्ड के सहयोग से किटपल पंचायत के अंसरा गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। शिविर में किसानों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, नामांकन सुविधा, केवाईसी, डिजिटल बैंकिंग तथा एटीएम के उपयोग की जानकारी दी गई। सहायक प्रबंधक पुनीत उप्पल और अन्य अधिकारियों ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना व अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया।

### चोड़ू पंचायत में आज लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन की सामाजिक इंकलाब संस्था रंगस द्वारा रविवार 21 जून को ग्राम पंचायत चोड़ू में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। इस संस्था के कार्यकारी सचिव एडवोकेट प्रवीन कौशल ने लोगों से आग्रह किया है कि वे इस रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोग भाग ले और रक्तदान शिविर को सफल बनाएं।

### अवैध माइनिंग पर टिप्पर का कटा चालान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन पुलिस ने अवैध खरवन की गतिविधियों पर शिकंजा कसते हुए शुक्रवार धनेटा में एक टिप्पर खनन की अवैध सामग्री ले जाते हुए पकड़ा है। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि अवैध खनन सामग्री सहित टिप्पर को इंपाउंड करके टिप्पर का चालान काटा है। उन्होंने बताया कि मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### अमतर बेला क्षेत्र में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल नादौन के अंर्तगत आने वाले 11 केवी अमतर भड़ोली फीडर के अंर्तगत अमतर, टिल्लू, बेला व इसके आसपास के क्षेत्रों की बिजली 21 जून को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। कारण यह है कि 11 केवी अमतर भड़ोली फीडर के अंर्तगत क्षेत्र में बिजली की तारों की क्षमता बढ़ाने के कार्य के चलते बिजली बाधित रहेगी।एसडीओ अक्षय कुमार ने उपभोक्ताओं से सहयोग की उम्मीद की है।

### जाहू कलां में गोद भराई रस्म कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जाहू।** महिला एवं बाल विकास परियोजना भोरंज के तहत आंगनबाड़ी केंद्र जाहू कलां में गोद भराई रस्म कार्यक्रम आयोजित किया गया। गर्भवती महिला पूजा शर्मा का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री रांगड़ा ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि सपना शर्मा सहित कई ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

### ओंकार शर्मा बने ग्राम सुधार सभा के प्रधान

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** ग्राम पंचायत सरेड़ी के सबसे बड़े गांव सरेड़ी में ग्रामीणों की सर्वसम्मति से ग्राम सुधार सभा का गठन किया गया। ओंकार शर्मा को प्रधान, राजकुमार को उपप्रधान और नेपाल ठाकुर को सचिव चुना गया। गठन से पहले 100 वर्ष पुराने पीपल वृक्ष के समीप हवन-पूजन कर गांव की खुशहाली की कामना की गई। नवगठित सभा ने पंचायत के सहयोग से गांव में स्वच्छता, नालियों, रास्तों और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान ने जख्योल पंचायत के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया। लोहारवीं, जख्योल, रमेहड़ा और कोहलवीं में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी अभियान में भाग लेकर हरित वातावरण के लिए योगदान देने का संकल्प लिया।

### शिवा स्कूल में किया योगासन का अभ्यास



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के शिवा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहलवीं में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक योगाभ्यास और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने योग के महत्व और लाभों पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास किया। प्रधानाचार्या सुविधा शर्मा ने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### पहचान स्कूल के विशेष बच्चों ने किया योग



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत पहचान स्पेशल स्कूल ने राजकीय उच्च विद्यालय सासन के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस वर्ष की थीम योगा फॉर हेल्थ एजिंग रहा। योग प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए तथा नियमित योग के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय की संस्थापक चेतना शर्मा ने कहा कि योग सभी के लिए लाभकारी है तथा समावेशी गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पहचान स्पेशल स्कूल की संस्थापक चेतना शर्मा ने राजकीय उच्च विद्यालय सासन की प्रधानाचार्य शैली शर्मा तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ का विशेष आभार व्यक्त किया।

### राज राजेश्वरी कॉलेज भोटा में मनाया योग दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोटा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बीएड एवं डीएलएड प्रशिक्षु अध्यापकों तथा स्टाफ ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन योग विशेषज्ञ भानु वर्मा ने किया, जिन्होंने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया तथा योग को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। डीपीई गुलशन ठाकुर ने भी योग सत्र का संचालन किया।

# डिपुओं में जल्द पहुंचेंगी इलेक्ट्रिक बसें : राजकुमार

## टायरों की दिक्कत भी जल्द होगी हल, रोजाना 30,000 किलोमीटर हमीरपुर डिपो की चलती हैं बसें

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सूबे में एचआरटीसी के फ्लीट में बसों की अच्छी खासी कमी उनकी खस्ता हालत जैसी अन्य समस्याएं निगम के बेड़े में मुंह फुला कर खड़ी हैं। समस्याओं का निपटारा उसे तेजी के साथ नहीं हो पा रहा है, जिसकी उम्मीद निगम के प्रबंधन और सरकार से रहती है। समयसीमा तय कर चुकी बसें भी सड़क पर दौड़ती धुआं-धुआं करते हुए नजर आ रही हैं। यह व्यवस्था कब सुधरेगा क्या यात्रियों को कोई नई सुविधा मिल पाएगी हमीरपुर डिवीजन के प्रबंधक राजकुमार पाठक से 'अनंत ज्ञान' ने कई मुद्दों पर बातचीत की।

उनका कहना था कि 297 नई इलेक्ट्रिक बसें बहुत जल्द प्रदेशभर के अलग-अलग डिपुओं को अलाट होने वाली हैं। इनकी एलोकेशन पर मंथन चल रहा है।



अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

यह सारी स्थिति शिमला स्तर पर हो रही है। हमीरपुर डिपो को भी बसों का यह नया बेड़ा मिलेगा, कितना मिलेगा इस बारे अभी कुछ बोला नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री का गृह जिला है, संभवतः अच्छा ही होगा। यह पूछे जाने पर कि नीले रंग की बसें कंडम हालत में हो चुकी हैं। इनमें ज्यादातर चलने योग्य नहीं रहीं हैं। उनका कहना था कि इन बसों की समस्या पर रिपेयर हो रही है। नई बसें आने के बाद निश्चित रूप में राहत मिलेगी और जो बसें सड़क से हटानी होंगी, उन्हें हटाया जाएगा। पाठक ने बताया कि हमीरपुर डिपो की प्रतिदिन के हिसाब से बेहतर स्थिति है। 30,000 किलोमीटर इस डिपो की बसें चलती हैं। एवरेज के हिसाब से हमीरपुर डिवीजन में नालागढ़ का डिपो सबसे बढ़िया है। दूसरे नंबर पर हमीरपुर का नाम है।

### नीट पेपर पर फ्री सफर कर सकेंगे अभ्यर्थी

**मंडलीय** प्रबंधक ने बताया कि हिमाचल में नीट के पेपर को लेकर सरकार ने जो आदेश दिए हैं उसके तहत 3 दिनों तक शनिवार से लेकर सोमवार तक हर एक अभ्यर्थी संबंधित कंडक्टर को अपना एडमिट कार्ड दिखाएगा उसके बाद फ्री ट्रैवलिंग कर सकेगा।

### ड्राइवर-कंडक्टर की कमी दूर करने को भर्ती की जरूरत

**हमीरपुर** डिवीजन में कितने ऐसे डिपो हैं जो बढ़िया स्थिति में है और सैलरी निकाल लेते हैं। उनका कहना था कि एवरेज वाइस तो सब ठीक है, लेकिन सैलरी के हिसाब से जितनी इनकम रहती है, सैलरी उससे मीट आउट नहीं हो पाती। इसके कई कारण हैं उन्होंने यह भी माना कि अभी जितने कंडक्टर व ड्राइवर सेवानिवृत हो रहे हैं, उस हिसाब से नए लोगों का भी आना जरूरी है।

### महंगाई का असर : बसों के जरूरी कल-पुर्जो की आपूर्ति पर ब्रेक

**कल** पुर्जों और खासकर पिछले डेढ़-दो महीनों से बसों के फटे हाल टायर दशा और उनकी दशा दिशा कौन सुधरेगा? इस पर पाठक ने कहा कि हेडक्वार्टर स्तर पर इनकी खरीद के लिए टेंडर हो रहा है। उन्होंने बताया कि इनकी सप्लाई पर महंगाई का असर पड़ा है और इसी वजह से सप्लाई नहीं हो पाई है। हमीरपुर डिवीजन में भी इनकी सप्लाई पर इसीलिए असर पड़ा। क्योंकि यह सप्लाई महंगी हुई है। अब नया टेंडर शिमला स्तर पर हो गया है। ऐसा बताया गया है, बहुत जल्दी यह समस्या भी हल होगी। उनका कहना था कि टायरों के अलावा कुछ और मटेरियल भी इसकी कमी चल रही थी वह आने वाली सप्लाई के बाद सामान्य हो जाएगा। हमीरपुर डिपो को भी हर महीने तकरीबन 30 टायरों की जरूरत पड़ती है। इसी तरह बसों की संख्या के मुताबिक अलग-अलग डिपुओं में इसी तरह की रेशो रहती है।

## सम्मू गांव में अनियंत्रित कार ने खड़ी कार को मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हमीरपुर-जाहू सड़क मार्ग पर तरकवाड़ी बाजार के समीप गांव सम्मू में रात के समय एक टैक्सी कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ऑल्टो कार से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा तीखे मोड़ पर रात करीब 10 बजे हुआ, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। थानीय लोगों के अनुसार जोरदार आवाज सुनाई देने के बाद जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि टैक्सी कार खड़ी कार को टक्कर मारकर सड़क किनारे एक लेंटर के पिलर के सरियों में फंस गई थी। उसी दौरान वहां से गुजर रहे एक बाइक चालक ने टैक्सी में फंसे दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। दुर्घटना में एक व्यक्ति को मामूली चोट आई है, जबकि दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है। गनीमत यह रही कि टैक्सी कार पिलर की सरियों में फंसकर रुक गई, वरना वह करीब 20 मीटर नीचे घर के आंगन में गिर सकती थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भरेड़ी में होगा विशेष योग कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को सागर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, भरेड़ी में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 6.30 बजे से 7.30 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के लोगों को परिवार एवं मित्रों सहित भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योग विशेषज्ञ डॉ. बीआर शर्मा उपस्थित रहेंगे। डॉ. शर्मा ने बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान में पूज्य श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस अवसर पर प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों एवं उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी जाएगी। आयोजन समिति के महासचिव विद्यासागर शर्मा ने बताया कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे कार्यक्रम में भाग लेकर योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लें।

## नशा मुक्त अभियान में योगदान दें सभी विभाग : डीसी गंधर्वा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं, अभियानों तथा अधिनियमों से संबंधित छह अलग-अलग जिला स्तरीय समितियों की बैठक की अध्यक्षता की। नशा मुक्त भारत अभियान 2.0 की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान के तहत 17 से 26 जून तक सभी विभाग जागरूकता गतिविधियां आयोजित करें तथा इसकी रिपोर्ट जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करें।

उन्होंने बताया कि नशे के विरुद्ध प्रदेश सरकार भी दो महीने तक विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के लिए पुलिस के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायती राज, युवा सेवाएं एवं खेल और अन्य सभी विभागों की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण रहेगी। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक शिक्षण संस्थान में जागरूकता गतिविधियों की रुपपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित ग्राम पंचायतों की पहली बैठक और इन जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में नशे के विषय को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि मानसिक विकलांगता, ऑटिज्म, सेरीब्रल पाल्सी और बहु-विकलांगता से ग्रस्त 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के लोगों के लिए कानूनी संरक्षकों की नियुक्ति आवश्यक होती है।


इस तिमाही के दौरान समिति को कोई नया आवेदन नहीं मिला है। जिला दिव्यांगता समिति की बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी सरकारी भवनों, सार्वजनिक स्थलों, परिवहन सेवाओं, अस्पतालों, कार्यालयों और शौचालयों इत्यादि में दिव्यांगों के लिए निर्धारित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

## हमीरपुर में नीट-यूजी परीक्षा के पांचों केंद्रों पर पुख्ता प्रबंध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा रविवार 21 जून को दोबारा आयोजित की जा रही राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-नीट (यूजी)-2026 के लिए हमीरपुर शहर और इसके आस-पास के शिक्षण संस्थानों में कु 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। ये परीक्षा केंद्र कुल 2781 उम्मीदवारों को आवंटित किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय मटाहणी, एनआईटी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय अणु, केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर और शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में स्थापित किए गए इन परीक्षा केंद्रों पर एनटीए के मानकों के अनुसार पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। डीसी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि एचआरटीसी को हमीरपुर शहर से दूर के परीक्षा केंद्रों जैसे-एनआईटी, एचपीटीयू, डिग्री कालेज और केंद्रीय विद्यालय के रूटों पर चलने वाली सभी बस सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

## सीओएमईडीके 2026 परीक्षा में अर्शी राणा ने लहराया परचम

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** विकासनगर स्थित हिम अकादमी पब्लिक स्कूल की छात्रा अर्शी राणा ने प्रतिष्ठित सीओएमईडीके यूगेट 2026 परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन किया है।

सीओएमईडीके (कॉन्सोर्टियम ऑफ मेडिकल, इंजीनियरिंग एंड डेंटल कॉलेजेज ऑफ कर्नाटक) देश की प्रमुख इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को कर्नाटक के विभिन्न प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश का अवसर प्राप्त होता है। अर्शी की इस उपलब्धि पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, क्षितिज, मनोज कुमार, राहुल शर्मा, पारुल शर्मा, नीलम, अशोक गुलेरिया तथा कमल सिंह सहित समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने अर्शी राणा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि अर्शी की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देगी।

स्कूल प्रबंधन ने अर्शी के अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में परिवार, शिक्षकों और विद्यालय के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अर्शी की इस उपलब्धि ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय परिवार ने अर्शी राणा को इस उल्लेखनीय सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## बड़सर बस अड्डे के लिए दो करोड़ रुपए स्वीकृत

अनंत ज्ञान

◆ कांग्रेस नेताओं ने सीएम का जताया आभार

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर बस अड्डे के निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

प्रेस विज्ञप्ति में पवन कुमार कालिया ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बड़सर बस अड्डे के निर्माण के लिए राशि उपलब्ध करवाना क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांग रही है, जिसके पूरा होने से यात्रियों, व्यापारियों और आम लोगों को बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा बड़सर क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित और विकास को प्राथमिकता देते हुए लगातार महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि बस अड्डे के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी, ताकि क्षेत्र की जनता को जल्द इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस सुभाष ढटवालिया, पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, संजय शर्मा, कमल पठानिया, राजेश वन्याल, नरेश लखनपाल, विपन ढटवालिया, डैनी जसवाल, रुबल ठाकुर, सुरजीत रूहानी, सुनील खरियाल, कैप्टन सोनी, सतीश सोनी, प्रधान पवन कुमार, विजय धीमान, मीरां कालिया, मीना धीमान, निक्का राम सहित अन्य कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं और आने वाले समय में क्षेत्र को विकास की नई पहचान मिलेगी।

## तकनीकी विवि में एक साल से खाली पड़ा वाइस चांसलर का पद : नवीन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह जिले हमीरपुर में स्थित सूबे के एकमात्र हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय में पिछले एक वर्ष से वाइस चांसलर (कुलपति) का स्थायी पद खाली पड़ा है। इससे विश्वविद्यालय का प्रशासनिक ढांचा और शैक्षणिक माहौल पूरी तरह चरमरा गया है। नवीन शर्मा ने कहा कि कुलपति का पद विश्वविद्यालय का सर्वोच्च प्रशासनिक और शैक्षणिक पद होता है और एक साल से स्थायी वाइस चांसलर न होने के कारण विश्वविद्यालय में नीतिगत और बड़े फैसले लटके हुए हैं। नवीन शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमित शिक्षकों की भारी कमी चल रही है और यह प्रमुख संस्थान इस समय गेस्ट फैकल्टी के सहारे सांसे ले रहा है। छात्रों के भविष्य पर संकट गहरा चुका है। सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो सरकार मुख्यमंत्री के अपने ही गृह जिले के इतने बड़े तकनीकी संस्थान में एक साल के भीतर एक वाइस चांसलर नियुक्त नहीं कर सकती, वह पूरे प्रदेश में युवाओं को रोजगार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का दावा कैसे कर सकती है? उन्होंने कहा कि सर्वजनकल्याण सभा व स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों, शैक्षणिक संघों और छात्र संगठनों ने प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि राजनीतिक और प्रशासनिक शिथिलता को छोड़ते हुए हिमाचल प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी, हमीरपुर में तुरंत एक योग्य और स्थायी वाइस चांसलर की नियुक्ति की जाए, ताकि इस प्रतिष्ठित संस्थान की गिरती साख को बचाया जा सके।

## शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत पद से हटाया जाए : पवन ठाकुर



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते कांग्रेस के महासचिव पवन ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हिमाचल कांग्रेस के महासचिव पवन ठाकुर ने नीट पेपर के मामले को लेकर केंद्र सरकार की जमकर आलोचना की है। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का फौरी तौर पर इस्तीफा मांगा है। उन्होंने कहा कि यदि वे स्वयं इस्तीफा नहीं देते हैं तो उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाए, क्योंकि देशभर के तकरीबन 23 लाख युवाओं के सपनों को वे लगातार चकनाचूर कर रहे हैं।

शनिवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पवन ने कहा कि मोदी सरकार के पिछले 12 सालों में 10 बार पेपर लीक हुए हैं। लेकिन इस केंद्र सरकार पर किसी भी तरह का कोई असर होने वाला नहीं है। उसे युवाओं की जरा भर भी परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक का बड़ा कारण लापरवाही है। बार-बार पेपर लीक होना युवाओं के भविष्य के साथ भयंकर खिलवाड़ है। युवा नौकरी के लिए मेहनत कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार बेईमानी पर उतारू है। उन्होंने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ जज की अगुवाई में कोई जांच कमेटी गठित की जाए। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला का कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनका कहना था कि कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर इस मसले को आम जनता तक ले जाने के लिए काम कर रही है और अब हिमाचल में भी इसे बूथ स्तर पर ले जाया जाएगा। इसके लिए कांग्रेस पार्टी पीआईएल भी कोर्ट में दायर करेगी। इस मौके पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती हमीरपुर से विधानसभा चुनाव लड़े डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा, राजू चौधरी, पूर्व पार्षद अनिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## 3 लोगों को जख्मी करने वाले लावारिस बैल को जंगल बैरी काऊ सेंक्चुरी भेजा



भरेड़ी क्षेत्र में लावारिस बैल को विशेष अभियान चलाकर पकड़ा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के भरेड़ी क्षेत्र में लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी और भय का कारण बने एक लावारिस बैल को विशेष अभियान चलाकर पकड़ लिया गया और सुरक्षित रूप से जंगल बैरी काऊ सेंक्चुरी छोड़ दिया गया। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

ग्रामीणों के अनुसार यह बैल काफी समय से भरेड़ी और आसपास के क्षेत्रों में घूम रहा था तथा राह चलते लोगों पर हमला कर देता था। बैल के हमलों में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके थे, जबकि कई लोगों को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में उपचार करवाना पड़ा। स्थानीय लोगों का दावा है कि बैल के हमलों से तीन ग्रामीणों की मौत भी हो चुकी थी, जिससे क्षेत्र में लगातार भय का माहौल बना हुआ था।

क्षेत्रवासियों की मांग पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गौ सेवा दल के सहयोग से अभियान चलाकर बैल को काबू किया गया। इस कार्य में पंचायत प्रधान सुरेंद्र जरयाल, उपप्रधान अंकुश सैणी, बीडीसी उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, प्रिंस शर्मा, अभिमन्यु कालिया, गौ सेवा दल के अध्यक्ष दीपक और फहम चंद कालिया सहित कई लोगों ने अहम भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने अभियान में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार जताते हुए इसे जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया। उनका कहना है कि बैल को काऊ सेंक्चुरी भेजे जाने से अब क्षेत्र में सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

## भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के छात्रों ने की अनुलोम-विलोम व सूर्य नमस्कार क्रिया

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के छात्रों ने योग क्रियाएं कर के 12वें संस्करण का अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस दिवस का थीम है 'स्वस्थ आयु के लिए योग' इस साल कि थीम मंत्रालय की ओर से घोषित मुख्य रूप से बढ़ती उम्र में शारीरिक सक्रियता, मानसिक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने पर केंद्रित है। इस अवसर पर छात्रों व अध्यापकों ने अनुलोम विलोम, सूर्यनमस्कार, ऊं का उच्चारण वज्र आसन, गरूड आसन, ताडआसन, टी वैलेंस, ध्यान, पदमासन, प्राणायाम, कपालभारती आदि क्रियाएं करवाई गई। छात्रों को इन क्रियाओं से होने वाले स्वास्थय लाभ की जानकारियां भी दी गई। योग शिक्षिका अंजु वाला व अतुल कुमार, निखिल ने बच्चों को इन आसनों व प्राणायाम का हमारे शरीर के लिए कितना लाभ होता है इसके बारे में बताया और इन्हे अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से करने को कहा। प्रधानाचार्या आरती कटोच ने योग को स्वस्थ रहनें का सबसे आसान तरीका बताया तथा कहा की जो व्यक्ति दैनिक रूप से योग क्रियाएं करता है वह लंबा स्वस्थ जीवन जीता है। उन्होंने छात्रों का आहवान किया कि वह दिनचर्या में बदलाव करें तथा रोजाना कम से कम आधा घंटा योग क्रियाएं करें।

### मीटिंग सुजानपुर नप के 5 पार्षदों ने बलॉक कांग्रेस अध्यक्ष के साथ की बैठक

## नप अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कल

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर को सोमवार को नया अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिल जाएगा। एसडीएम सुजानपुर द्वारा इस बाबत बैठक 22 जून को रखी गई है। इस दिन कोरम पूरा करने के लिए साथ पार्षदों की उपस्थिति आवश्यक है।

इससे पहले नगर परिषद की नए सदस्यों को शपथ दिलाने के दिन नया अध्यक्ष सुनने के लिए बैठक रखी गई थी, लेकिन शपथ ग्रहण समारोह के बाद रखी गई बैठक में एक भी पार्षद नहीं पहुंचा। इस कारण बैठक आगामी दोनों के लिए टाल दी गई थी। अब यह बैठक सोमवार को रखी गई है। संभावना जताई जा रही है कि इसी दिन नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नाम का फैसला भी हो जाएगा। नगर परिषद सुजानपुर में कांग्रेस समर्थित दो पार्षद चुने गए थे, जबकि भाजपा समर्थित तीन पार्षदों ने विजय हासिल की थी। जबकि चार पार्षद निर्दलीय चुने गए थे। निर्दलीय चुने गए तीन पार्षद कांग्रेस विचारधारा के माने जाते हैं। जबकि एक पार्षद ने भाजपा में अपनी निष्ठा जताई है। पांच पार्षदों ने शुक्रवार देर शाम सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा के साथ बैठक की थी। जिसमें कांग्रेस के समर्थन से जीते दो पार्षद, जबकि तीन निर्दलीय पार्षद भी बैठक में शामिल हुए थे। बैठक में मनीष गुप्ता, वीणा धीमान, ज्योतिका ठाकुर विनय कुमार और नीलम धीमान मौजूद रहे थे। राजेंद्र वर्मा ने बताया कि सभी पांच पार्षदों से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नाम अलग पूछे गए। सभी पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि जो फैसला सुजानपुर विधायक करेंगे वह उन्हें मंजूर होगा। सुजानपुर का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद कांग्रेस के लिए इतना महत्वपूर्ण है कि कांग्रेस ने यहां तीन ऑब्जर्वर लगाएं हैं। पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया के साथ हमीरपुर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश ठाकुर और मोहनलाल को यहां आब्जर्वर तैनात किया है। जो सभी जीते हुए पार्षदों की राय लेकर कांग्रेस की नगर परिषद बनाए जाने का प्रयास कर रहे हैं। नगर परिषद ईओ हर्षित शर्मा ने बताया कि कोरम के लिए सात पार्षदों की उपस्थिति होना आवश्यक है। 22 जून को बैठक रखी गई है। जिसने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने जाएंगे।



कांग्रेस ने तीन ऑब्जर्वर लगाए हैं। अनंत ज्ञान

### महिला के लिए रिजर्व है अध्यक्ष का पद

**महिलाएं** चुनाव जीती हैं। इस वर्ष अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित है, इसलिए सभी महिलाएं अपने को अध्यक्ष चुने जाने की जगत में लगी हुई है। कांग्रेस में अध्यक्ष पद को लेकर लंबे समय से सहमति नहीं बन पा रही थी। कांग्रेस समर्थक पार्षदों की संख्या चाहे ज्यादा है, लेकिन एक दूसरे के साथ मतभेद इनको इकट्ठा नहीं होने दे पा रहे थे। कांग्रेस की विचारधारा से निर्दलीय जीते तो पार्षद वीणा धीमन और मनीष गुप्ता बीते दिनों मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह से शिमला में भी मिले थे। क्योंकि हमीरपुर मुख्यमंत्री का गृह जिला है इसलिए कांग्रेस के विचारधारा से जीते हुए लोगों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने जाने का प्रयास सुजानपुर कांग्रेस कर रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जेल रोड व आसपास अब कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के आयोजन को देखते हुए 11 केवी पंजेठी एचटी लाइन की आवश्यक मरम्मत, रखरखाव तथा लाइन के आसपास पेड़ों की कटाई-छंटाई के लिए 21 जून को प्रस्तावित कार्य को पुनर्निर्धारित कर दिया गया है। अब यह कार्य 22 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सहायक अभियन्ता विद्युत उपमंडल-1 मंडी नरेश ठाकुर ने बताया कि उक्त कार्य के दौरान 11 केवी पंजेठी एचटी लाइन से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में जेल रोड, त्याम्बड़ा, दो अंब, पंजेठी, लोक निर्माण विभाग मुख्य अभियन्ता कार्यालय एवं कॉलोनी, टारना रोड, टारना हिल, परिधि गृह, जल शक्ति विभाग परियोजना टारना, अमर विहार, परमार कॉलोनी, तल्याहड़, मड्डवाहन तथा इसके आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यदि निर्धारित तिथि को मौसम प्रतिकूल रहता है, तो यह कार्य अगले उपयुक्त दिन किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए अनुरोध किया है कि वे इस अस्थाई असुविधा को देखते हुए आवश्यक तैयारियां पूर्व में ही सुनिश्चित कर लें।

### सौलीखड्ड फीडर के तहत कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** 11 केवी उच्च ताप विद्युत लाइन सौलीखड्ड की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 22 जून को सौलीखड्ड फीडर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उप-मंडल मंडी नंबर-3 ई. होशियार सिंह ने बताया कि आई.पी.एच. रेस्ट हाउस सावल, अप्पर छिप्णू, त्रयीं, नसलोह, बुरादीधार, डुमग्राम, रेपड्, अरड़ा, स्कोर, मांडव एयर फैक्टरी के आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

### एनसीसी कैडेट डुमेश कुमारी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की प्रतिभाशाली छात्रा एवं एनसीसी एयर विंग की कैडेट डुमेश कुमारी के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन से महाविद्यालय, एनसीसी संगठन तथा पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिक्षकों, कर्मचारियों, एनसीसी कैडेटों तथा विद्यार्थियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा डुमेश कुमारी जिला मंडी के गोहर क्षेत्र के सलोण गांव की निवासी थी। उन्होंने हाल ही में दार्जिलिंग स्थित हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया था। इस दौरान उन्होंने 18 हजार फीट ऊंचे माउंट बीसी रॉय शिखर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर महाविद्यालय, जिला मंडी और प्रदेश का नाम रोशन किया था। महाविद्यालय के मीडिया समन्वयक एवं एनसीसी एयर विंग के फ्लाइट कमांडर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह ने कहा कि डुमेश एक अनुशासित, मेहनती और प्रेरणादायी कैडेट थीं, जिनकी उपलब्धियां सदैव स्मरणीय रहेंगी।



### असेंट स्कूल पधर पहुंचे फ्लाइंग ऑफिसर सौरभ

**अनंत ज्ञान, पधर।** भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले पाखरी गांव के सौरभ ठाकुर का शनिवार को उनके मातृ संस्थान असेंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पधर में भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस दौरान पूरा परिसर देशभक्ति और उत्साह के नारों से गूंज उठा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सौरभ ठाकुर को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सौरभ ने वायुसेना में अधिकारी बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सौरभ ठाकुर वर्ष 2018 में इसी विद्यालय से जमा दो उत्तीर्ण कर चुके हैं। उस समय उन्होंने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में 13वां स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद उन्होंने शूलिनी विश्वविद्यालय से बीटेक की डिग्री हासिल की तथा एएफकैट परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बने। छात्रों को संबोधित करते हुए सौरभ ने कहा कि जीवन का प्रारंभिक चरण ही भविष्य की दिशा तय करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को किताबों को अपना सबसे अच्छा मित्र बनाने, स्कूल की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और लक्ष्य के प्रति स्पष्टता रखने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने, अपनी गलतियों से सीखने तथा संचार कौशल विकसित करने पर बल दिया।



### चांबी स्कूल के होनहारों ने किया योगाभ्यास

**अनंत ज्ञान,जंगमबाग।** योग बनाए निरोग और स्वास्थ्य परमधर्म का पाठ पढ़ाने एवं सिखाने वाले वाले जाने माने योग शिक्षक राजेन्द्र कुमार तथा रीता कुमारी जो आयुष विभाग के प्रशिक्षकों में से एक हैं के मार्गदर्शन में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चांबी में एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों राजेंद्र कुमार व रीता कुमारी जो पिछले कई वर्षों से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जन जन में जागरूकता फैला रहे हैं के द्वारा छात्रों को योग प्राणायाम की क्रियाएं सिखाई गई। छात्रों को विशेष रूप से वृक्षासन, ताड़ासन, पादहस्तासन,अर्ध चक्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शीतली प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम करवाया गया। योग प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को योग के महत्व व जीवन में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया उन्होंने कहा कि किस प्रकार आजकल के तनाव भरे और प्रदूषण युक्त वातावरण में योग के माध्यम से जीवन को सरल बनाया जा सकता है। विद्यार्थी जीवन ही वह आयु है जिसमें हम योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनकर संपूर्ण जीवन को स्वस्थ एवं संतुलित रूप से जी सकते हैं। गौरतलब है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। इस वर्ष 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' योग की विषय वस्तु रखी गई है।

### पंचायत समिति के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सदर मंडी पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव 22 जून को आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी एसडीएम सदर मंडी रूपिन्द्र कौर ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया प्रातः 11 बजे खंड विकास अधिकारी कार्यालय, भ्यूली में संपन्न करवाई जाएगी। चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### एसडीएम ने लिया बखरोट-भंथल सड़क का जायजा

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग के एसडीएम गौरव महाजन ने आज बखरोट-भंथल सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन विभागों के साथ मिलकर इस सड़क मार्ग का एफसीए से संबंधित ज्वाइंट इंस्पेक्शन भी किया। एसडीएम ने मानसून सीजन के दृष्टिगत सड़क मार्ग पर विभिन्न संवेदनशील स्थानों का जायजा भी लिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क मार्ग की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि बरसात के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सड़क मार्ग के विभिन्न स्थानों पर आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विशेष रूप से सरकोल नाला तथा इसके आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि गत वर्ष सरकोल नाला क्षेत्र में बादल फटने की घटना के कारण भारी मात्रा में मलबा एवं विशाल चट्टानें सड़क मार्ग पर आ गई थीं, जिससे यातायात प्रभावित हुआ था। गौरव महाजन ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि संभावित जोखिम वाले स्थलों की पहचान कर समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने सड़क किनारे मौजूद बड़े पत्थरों एवं चट्टानों को हटाने तथा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए, ताकि भारी वर्षा की स्थिति में सड़क मार्ग सुरक्षित एवं सुचारू बना रहे।

# विश्व योग दिवस: आज सेरी मंच पर होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

## आयुष विभाग ने लोगों से की सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेने की अपील

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को ऐतिहासिक सेरी मंच मंडी में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर के लोगों, विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने आमजन से सुबह 6:30 बजे सेरी मंच पहुंचकर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने की एक प्राचीन एवं वैज्ञानिक जीवन पद्धति है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. हितेश शर्मा ने बताया कि योग दिवस समारोह के दौरान प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक क्षमता बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है तथा व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहता है। आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न अनेक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान में भी योग अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ है। आयुष विभाग ने जिले के सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया है।

◆ **योग विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में करवाए जाएंगे विभिन्न योगासन**

### असेंट स्कूल पधर में करवाया योगाभ्यास

**अनंत ज्ञान, पधर।** असेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पधर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं सहित समस्त स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित किया। इसके उपरांत, सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक साथ सामूहिक योग तथा प्राणायाम का अभ्यास किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य गुलाब सिंह ने जीवन में योग और प्राणायाम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाती है। विद्यालय के अध्यापक अमित ठाकुर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को योग के वैज्ञानिक व व्यावहारिक लाभ समझाए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्राणायाम के नियमित अभ्यास से एकाग्रता और मानसिक ऊर्जा में वृद्धि होती है, जो छात्रों के शैक्षणिक विकास के लिए बेहद जरूरी है।



# 'एक पेड़ माता-पिता के नाम' अभियान के तहत रोपे पौधे



अनंत ज्ञान

◆ **डीएवी सेंटेनरी स्कूल मंडी में मनाया योग सप्ताह**

**ब्यूरो, मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी में 15 से 20 जून तक अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ 'योग सप्ताह' का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ में शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देना था। इस सप्ताह के दौरान कक्षा दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों के लिए विशेष योग सत्र आयोजित किए गए, जिसमें 'आर्ट ऑफ लिविंग' की टीम ने विशेष रूप से शिरकत कर योग प्रदर्शन और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से बच्चों को आंतरिक शांति व समग्र कल्याण का पाठ पढ़ाया। पूरे स्कूल परिसर में योग दिवस से संबंधित सुंदर प्रदर्शनियां और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इसी कड़ी में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्कूल के इको क्लब द्वारा माननीय प्रधानाचार्य के.एस. गुलेरिया की उपस्थिति में 'एक पेड़ माता-पिता के नाम' मुहिम के तहत एक भव्य वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें छात्रों ने अपने माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए पौधे रोपे। 20 जून को इस योग सप्ताह का भव्य समापन हुआ, जिसमें दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षाओं के साथ-साथ कक्षा आठवीं और नौवीं के विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से योग सत्र में शामिल किया गया। समापन समारोह की शुरुआत अतिथियों के स्वागत, एक ऊर्जावान योग सत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई।

### सुंदरनगर के शीतला माता मंदिर में आनंद-योग साधना शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अखिल भारतीय सन्तमत सत्संग (पंजी.) दिल्ली के तत्वावधान में तहसील सुंदरनगर के गांव भौण स्थित शीतला माता मंदिर में चार दिवसीय निःशुल्क 'आनन्द-योग साधना शिविर' आयोजित किया जा रहा है। 18 जून से आरंभ हुआ यह शिविर 21 जून तक चलेगा। शिविर का आयोजन परम संत महात्मा पूज्य डॉ. सुरेश जी महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिन पूज्य डॉ सुरेश महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आध्यात्मिक जीवन में ईश्वरीय कृपा, गुरु कृपा और निज कृपा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से मनुष्य जीवन प्राप्त होता है, गुरु कृपा से साधना का मार्ग मिलता है और निज कृपा गुरु द्वारा बताए मार्ग पर निष्ठापूर्वक चलने में निहित है इससे साधक आत्म साक्षात्कार प्राप्त कर सकता है। शिविर के अंतर्गत 19 जून की रात्रि से 48 घंटे का अखंड शांति पाठ भी आरंभ किया गया है, जिसमें श्रद्धालु मानसिक रूप से 'ॐ शांति' का जाप कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार इच्छुक साधक किसी भी समय इसमें शामिल होकर आध्यात्मिक साधना का लाभ उठा सकते हैं। प्रतिदिन आयोजित कार्यक्रमों में रामधुन, ध्यान योगाभ्यास, ध्यान के सिद्धांतों पर प्रवचन तथा समूह चर्चा शामिल हैं। शिविर के अंतिम दिन 21 जून को सायं 4 से 5 बजे तक विशेष नामदान एवं दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि 'आनन्द-योग' एक सरल साधना पद्धति है, जो मानसिक शांति, तनाव मुक्ति और सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक है।

# सिया हत्याकांड की एसआईटी करे जांच, फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो सुनवाई

## पीड़ित परिवार ने राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से मिलकर उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट के नैन गांव में हुए सिया गुलेरिया हत्याकांड के संबंध में पीड़ित परिवार ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से मुलाकात कर मामले में शीघ्र एवं निष्पक्ष न्याय की मांग रखी। इस दौरान भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता अतुल ठाकुर भी परिवार के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने परिवार की चिंताओं एवं मांगों को राज्यपाल के समक्ष रखा।

मुलाकात के दौरान परिवार ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि काफी समय बीत जाने के बावजूद मामले में अपेक्षित प्रगति दिखाई नहीं दे रही है। परिवार की ओर से मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई, परिवार को पूर्व में दिए गए आर्थिक सहायता के आश्वासन को पूरा करने तथा मामले के संचालन में कथित लापरवाही से जुड़े विषयों पर ध्यान देने की मांग रखी गई। राज्यपाल ने परिवार की बात को गंभीरता से सुना और हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि मामले को उचित स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। अतुल ठाकुर ने कहा कि यह किसी एक परिवार का नहीं, न्याय और भरोसे का विषय है। हमारी कोशिश रहेगी कि परिवार की आवाज सुनी जाए और मामले में निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई हो।' परिवार ने आशा व्यक्त की कि इस मुलाकात के बाद मामले की प्रक्रिया में तेजी आएगी और न्याय की दिशा में सकारात्मक प्रगति होगी।



राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से बात करते सिया गुलेरिया के परिजन। अनंत ज्ञान

### हटली पुलिस ने बरामद की 9 बोतल अवैध शराब

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले हटली थाना क्षेत्र में पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में चालान और जब्ती की है। थाना प्रभारी हटली बृज लाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने समेला, कोट तथा बलद्वाड़ा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए स्मोकिंग के 11 चालान किए गए तथा 1,100 रुपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा मोटर वाहन अधिनियम के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 6 वाहनों के चालान भी किए गए। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने की अपील की। वहीं, बलद्वाड़ा बाजार स्थित डेली नीड्स की एक दुकान पर गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान संतरा ब्रांड की 9 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने इस मामले में देश राज निवासी गांव व डा. बलद्वाड़ा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए संजीव गौतम ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था, यातायात नियमों के पालन तथा नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# गुरुकुल स्कूल संधोल ने बॉक्सिंग स्पर्धा में रोशन किया क्षेत्र का नाम

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** गुरुकुल अकादमी पब्लिक स्कूल संधोल ने एक बार फिर खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए धर्मपुर क्षेत्र का नाम प्रदेशभर में रोशन किया है। स्कूल के चार खिलाड़ियों ने सब जूनियर अंडर-15 राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर क्षेत्र को लगातार दूसरी बार राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व दिलाया है। विशेष बात यह है कि धर्मपुर क्षेत्र से किसी विद्यालय द्वारा बॉक्सिंग में लगातार दूसरी बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी का गौरव गुरुकुल एकेडमी पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक तथा रनर-अप ट्रॉफी हासिल की थी।



प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में कार्तिक (पुत्र वीर सिंह), राजवीर (पुत्र राहुल मडोत्रा), अन्या (पुत्री राकेश कुमार) तथा कीर्ति (पुत्री पवन कुमार) शामिल रहीं। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

बॉक्सिंग कोच सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की। विशेष रूप से छात्राओं के प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और यह संदेश दिया कि खेलों में सफलता का आधार प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प होता है। विद्यालय प्रबंधन एवं चेयरमैन ने इस सफलता पर खिलाड़ियों, कोच सौरभ तथा अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय के खिलाड़ी भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### चच्योट में किसानों को बताया पारंपरिक फसलों का महत्व

**अनंत ज्ञान, गोहर।** औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, थुनाग (स्थित गोहर गुडाहरी) द्वारा ग्राम पंचायत चच्योट (गोहर) में पारंपरिक फसलों के महत्व और कृषि वानिकी प्रणाली में उनके इस्तेमाल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण व जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. नेहा ठाकुर और डॉ. गरिमा ने किसानों को सलाह दी कि वे अपनी अन्य नकदी फसलों के साथ-साथ रामदाना, बिथु जैसी पारंपरिक फसलें भी उगाएं, ताकि उन्हें अतिरिक्त आमदनी हो और वे इसका पूर्ण लाभ उठा सकें। शिविर में ग्राम पंचायत चच्योट के 30 किसानों को रामदाना/बिथु और गेंदे की गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण सामग्री भी वितरित की गयी। हाल ही में चुनी गईं पंचायत प्रधान लीला देवी ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी महाविद्यालय के साथ मिलकर अपनी पंचायत के किसानों के लिए इस तरह के प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने में पूर्ण सहयोग की बात कही।

# मिड-डे मील वर्कर्स कल करेंगे हड़ताल स्कूलों में नहीं बनेगा भोजन: भूपेंद्र



अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मिड-डे मील वर्कर्ज यूनियन (सीटू) की धर्मपुर क्षेत्रीय कमेटी का गठन धर्मपुर में आयोजित सम्मेलन में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता यूनियन के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह और प्रभारी गुरदास वर्मा ने की। बैठक में सिद्धपुर की सत्या देवी को प्रधान, लौंगनी की सरोजा और सज्याओ की रजनी को उपप्रधान, सरौन की जमना को सचिव तथा अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि राज्य कमेटी के आह्वान पर 22 जून को प्रदेशभर के मिड-डे मील वर्कर स्कूलों में भोजन नहीं बनाएंगे तथा शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शन और रैली में भाग लेंगे। गुरदास वर्मा ने कहा कि वर्करों को वर्ष के 12 महीनों के बजाय केवल 10 माह का मानदेय दिया जा रहा है, जबकि उच्च न्यायालय 12 माह का मानदेय देने का निर्णय दे चुका है। उन्होंने आकस्मिक अवकाश, मेडिकल छुट्टियां, पे-स्लिप और प्रत्येक स्कूल में कम से कम दो वर्करों की नियुक्ति की मांग उठाई। जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण मानदेय में बढ़ोतरी नहीं हो रही है तथा 25 विद्यार्थियों की शर्त के आधार पर वर्करों की छंटनी की जा रही है। उन्होंने हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया।

# प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर रहा है संगीत सदन: रेवती

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर की मशहूर सांस्कृतिक संस्था संगीत सदन की ओर से अमेरिका की प्रतिभा पुष्प फाउंडेशन की ओर से प्रायोजित प्रतिभा क्रिएटिव फ्यूजन समर कैंप का विधिवत समापन हो गया। इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। जबकि नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षद गगन कश्यप वशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संगीत सदन के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्यआर्कषण युवतियों द्वारा विभिन्न पहाड़ी परिधानों में किया गया फैशन शो रहा है। दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया, वहीं संगीत सदन के प्रशिक्षुओं की ओर से सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात एकता ने शास्त्रीय भाव में गीत प्रस्तुत किया, उसके बाद वरिष्ट प्रशिक्षुओं ने भयागड़ा गंगा रे नोहने' की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि रेवती सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि संगीत सदन बीते कई वर्षों से संगीत और कला के क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने को कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि संगीत सदन की ओर से प्रतिभा पुष्प फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार के लिए भी प्रशिक्षण दिया गया। वहीं पर गायन ,वादन और नृत्य का प्रशिक्षण भी दिया गया। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भाषा विभाग भी इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन कर लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कार्य करेगा।

**मुहिम** समाज को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अभियान चला रही सरकार

# सभी पंचायतों में 26 जून को होंगी एंटी चिट्टा विशेष ग्राम सभाएं: उपायुक्त

अनंत ज्ञान

**मंडी।** जिला मंडी में नशा मुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 26 जून को सभी ग्राम पंचायतों में प्रातः 11 बजे एंटी-चिट्टा विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष ग्राम सभाएं 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर आयोजित की जाएंगी।

इस संबंध में उपायुक्त मंडी ने पंचायत राज अधिनियम, 1994 तथा पंचायत राज सामान्य नियम, 1997 के तहत आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और समाज को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से एंटी-चिट्टा अभियान चलाया जा रहा है।



इसी कड़ी में आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभाएं केवल जागरूकता कार्यक्रम नहीं होंगी, बल्कि नशे के खिलाफ सामूहिक संकल्प और जनभागीदारी का सशक्त मंच भी बनेंगी। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाओं में ग्रामीणों एवं युवाओं को विशेषकर चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों, अवैध तस्करी और इससे होने वाले सामाजिक व स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही ग्राम स्तर पर गठित नशा निवारण समितियों के कार्यों की समीक्षा कर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

विशेष ग्राम सभाओं में पंचायत प्रतिनिधियों, युवक मंडलों, महिला मंडलों, सामुदायिक संगठनों, शिक्षकों तथा फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि नशा मुक्ति अभियान को एक व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। प्रत्येक ग्राम पंचायत में जिला प्रशासन द्वारा नामित अधिकारियों के साथ संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

उपायुक्त ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं और आम नागरिकों से इन विशेष ग्राम सभाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा नशा मुक्त, सुरक्षित और सशक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है।

चंद्रमा, हिमालय पर्वत, केले के वृक्ष और चंदन शीतल माने गए हैं, पर इनमें से कुछ भी इतना शीतल नहीं जितना मनुष्य का तृष्णा रहित चित्त।
-वशिष्ठ

## संपादकीय

# जनजातीय स्वास्थ्य संकट

यह बेहद चिंताजनक तथ्य है कि हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों के लोगों का स्वास्थ्य संकट में है। इन क्षेत्रों में लगभग 20 प्रतिशत लोग यौन संचारित रोगों (एसटीडी) से प्रभावित पाए गए हैं। यह स्थिति सामाजिक, भौगोलिक और जागरूकता से जुड़ा बहुस्तरीय संकट है, जिस पर गंभीरता से विचार करना आवश्यक है। राज्य के लाहौल-स्पीति, किन्नौर और चंबा जिले के पांगी-भरमौर पहले ही कठिन भौगोलिक परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। पथरीले रास्ते, सीमित आवागमन और कठोर मौसम यहां के जीवन को अत्यंत चुनौतीपूर्ण बना देते हैं। लोगों का अधिकांश समय यात्रा और बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने में ही निकल जाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और भी कठिन हो जाती है।

हाल ही में जनजातीय विकास विभाग और आईजीएमसी शिमला की ओर से किए गए अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि इन क्षेत्रों में यौन संचारित संक्रमणों ने चिंता बढ़ा दी है। यह एक गंभीर स्थिति है, क्योंकि समय पर उपचार न मिलने पर यह रोग जीवन को भी खतरे में डाल सकता है। चंबा में संक्रमण के लक्षणों का प्रतिशत सबसे अधिक (24.2 प्रतिशत) पाया गया, जबकि किन्नौर (20.1 प्रतिशत) और लाहौल-स्पीति (15.7 प्रतिशत) में भी यह समस्या मौजूद है।

यह तथ्य भी सामने आया है कि लगभग 33.1 प्रतिशत लोग यौन संबंधों के दौरान सुरक्षा साधनों का उपयोग नहीं करते, जबकि 61.4 प्रतिशत लोग एकल जीवनसाथी के साथ संबंध बनाए रखते हैं। यह दर्शाता है कि समस्या केवल व्यवहारिक नहीं, बल्कि जागरूकता और स्वास्थ्य शिक्षा की कमी से भी जुड़ी है।

जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता हमेशा से चुनौतीपूर्ण रही है। दूर-दराज के क्षेत्रों में स्थित गांवों तक पहुंचना कठिन है, विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है और स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधनों का अभाव भी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में लोग अक्सर इलाज को टाल देते हैं या अधूरा छोड़ देते हैं, जिससे बीमारी बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है।

इसके अलावा सामाजिक संकोच भी एक बड़ी बाधा है। यौन स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा न होना, विशेषकर महिलाओं में, स्थिति को और जटिल बना देता है। कई लोग बीमारी छिपाते हैं या समय पर जांच नहीं करवाते, जिससे संक्रमण के फैलने का जोखिम बढ़ जाता है। प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने इस अध्ययन को करवाकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इससे न केवल समस्या की गंभीरता सामने आई है, बल्कि आगे की रणनीति बनाने का आधार भी मिला है। सरकार की ओर से 'सेफ सेक्सुअल प्रैक्टिस' पर ध्यान देना और जागरूकता बढ़ाने की कोशिश एक सकारात्मक संकेत है।


हालांकि केवल अध्ययन पर्याप्त नहीं है। इस समस्या से निपटने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई आवश्यक है। जैसे- नियमित स्वास्थ्य शिविर, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स का विस्तार, गोपनीय जांच सुविधाएं और महिला स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या में वृद्धि। यौन स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान केवल चिकित्सा व्यवस्था से नहीं, अपितु सामाजिक जागरूकता से भी संभव है। लोगों को यह समझाना होगा कि बीमारी छिपाने से नहीं, बल्कि समय पर उपचार से ठीक होती है। सुरक्षित व्यवहार, नियमित जांच और चिकित्सकीय सलाह का पालन ही इस संकट को नियंत्रित कर सकता है।

महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों का विस्तार आवश्यक है। विशेषकर दूरदराज क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रम स्थानीय भाषा और सांस्कृतिक संदर्भों के अनुरूप होने चाहिए, ताकि लोग उनसे जुड़ सकें। जनजातीय क्षेत्रों में सामने आया यह स्वास्थ्य संकट वास्तविक जीवन और मानव गरिमा से जुड़ा प्रश्न है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि यह समय है कि सरकार, स्वास्थ्य विभाग और समाज मिलकर इस चुनौती का समाधान खोजें। 'जान है तो जहान है'- यह केवल कहावत नहीं, बल्कि जीवन का मूल सत्य है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, समय पर इलाज और सामाजिक खुलापन ही इस संकट से उबरने का सबसे प्रभावी रास्ता है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली आदिवासी युवती



बिनीता सोरेन
जन्म : 21 जून, 1987


**बिनीता सोरेन** (जन्म: 21 जून 1987) विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराने वाली पहली आदिवासी युवती हैं। उन्होंने अपनी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाया। बिनीता बचपन से ही काफी साहसिक रहीं हैं और खेल गतिविधियों में ज्यादा ध्यान देती थीं। धीरे-धीरे उनकी रुचि पर्वतारोहण में बढ़ गई और समय के साथ उन्होंने इसे अपना पैशन बना लिया। बिनीता सोरेन झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड स्थित पहाड़पुर गांव की निवासी हैं। ग्रामीण और साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली बिनीता ने अपने साहस, दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम के बल पर पर्वतारोहण की दुनिया में एक नया इतिहास रचा।

वर्ष 2012 में 'इको एवरेस्ट स्प्रिंग-2012' अभियान के तहत बिनीता सोरेन ने अपने साथियों मेघलाल महतो और राजेंद्र के साथ एवरेस्ट अभियान में भाग लिया। यह दल 20 मार्च 2012 को जमशेदपुर से रवाना हुआ था। लंबे और कठिन प्रशिक्षण तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करते हुए बिनीता ने 8,848 मीटर ऊंची विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचकर भारतीय ध्वज फहराया। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष मानी जाती है क्योंकि दल ने एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए अपेक्षाकृत कठिन लुकला मार्ग का चयन किया था।

इस अभियान को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) के तहत tata Steel का सहयोग प्राप्त था। अभियान का नेतृत्व और मार्गदर्शन प्रसिद्ध भारतीय पर्वतारोही Bachendri Pal ने किया था। उन्हीं के प्रशिक्षण और प्रेरणा से बिनीता सोरेन ने यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की। उनकी उपलब्धि आज भी आदिवासी समाज, महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

**कविता**

### मां



रवि कुमार, गांव मैहरी, डाकघर नालटी तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

मां ममता की कामधेनु, प्यार का सागर।
सागर जल में युगांतर बहते कोटि सागर,
मां होती तरुवर की छांव, विपदा के भंवर में,
डगमगाते नहीं उनके पांव। जड़ चेतन की समूची शक्ति
मां गाथा नहीं लिख पाई। मां हर मौसम का ऋतुराज,
हरपल उन्हें याद करते समाज। बालमन का प्रथम गुरु,
संस्कार बोध का ज्ञाता, मां के ऋण से,
जड़ चेतन कभी ऋण नहीं हो पाता।

# विश्व योग दिवस का शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अतुलनीय योगदान



सुभाष चंद कश्यप
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, गांव जौंठा, त. व जिला चंबा (हि.प्र.)

मानव जीवन की सबसे बड़ी संपदा यदि कोई है तो वह है-स्वास्थ्य। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है और स्वस्थ मन ही व्यक्ति को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता, संतुलन तथा संतुष्टि प्रदान करता है। आधुनिक युग में विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को अत्यंत सुविधाजनक बना दिया है, किंतु इसके साथ ही अनेक नई स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो गई हैं।

भागदौड़ भरी जीवनशैली, अनियमित खान-पान, शारीरिक श्रम की कमी, मानसिक तनाव तथा प्रदूषित वातावरण के कारण आज मनुष्य अनेक रोगों से ग्रस्त होता जा रहा है। ऐसे समय में योग एक ऐसी जीवन-पद्धति के रूप में सामने आया है जो न केवल रोगों से बचाव करती है, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वित विकास का मार्ग भी प्रशस्त करती है। इसी योग के महत्व को विश्व स्तर पर स्थापित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है।

विश्व योग दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का वैश्विक अभियान है। योग भारत की प्राचीन ऋषि-परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसने हजारों वर्षों से मानवता को स्वस्थ और संतुलित जीवन का मार्ग दिखाया है। आज जब संपूर्ण विश्व स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब योग एक ऐसी प्राकृतिक और सरल चिकित्सा पद्धति के रूप में उभरा है जो बिना किसी दुष्प्रभाव के शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सक्षम है।

योग शब्द संस्कृत की 'युज्' धातु से बना है, जिसका अर्थ है-जोड़ना या मिलाना। योग मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा को एक सूत्र में बांधने की प्रक्रिया है। सामान्यतः लोग योग को केवल कुछ आसनों तक सीमित समझते हैं, जबकि वास्तव में यह जीवन को अनुशासित और संतुलित बनाने की एक संपूर्ण कला है। योग में आसन, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा और विभिन्न शुद्धि क्रियाएं सम्मिलित हैं, जो शरीर के प्रत्येक अंग और प्रणाली पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से योग का महत्व अत्यंत व्यापक है। योग शरीर को लचीला, सुदृढ़ और ऊर्जावान बनाता है। नियमित योगाभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, शरीर की कार्यक्षमता बढ़ती है और अंगों का समुचित विकास होता है। आज अनेक लोग कमर दर्द, गर्दन दर्द, जोड़ों के दर्द और मांसपेशियों की जकड़न जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं। योगासन इन समस्याओं को दूर करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुए हैं। ताड़ासन, भुजंगासन,





त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन और सूर्य नमस्कार जैसे अभ्यास शरीर को लचीलापन प्रदान करते हैं तथा रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ बनाए रखते हैं। विश्व योग दिवस का एक महत्वपूर्ण योगदान यह है कि इसने लोगों को शारीरिक सक्रियता के प्रति प्रेरित किया है। आधुनिक जीवन में अधिकांश कार्य मशीनों द्वारा होने लगे हैं, जिसके कारण लोगों की शारीरिक गतिविधियां कम होती जा रही हैं। इससे मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

योग एक ऐसा व्यायाम है जिसे किसी विशेष उपकरण या बड़े स्थान की आवश्यकता नहीं होती। इसे किसी भी आयु का व्यक्ति सरलता से कर सकता है। नियमित योगाभ्यास शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करता है, वजन को नियंत्रित रखता है तथा शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखता है। हृदय स्वास्थ्य की दृष्टि से भी योग अत्यंत लाभकारी है। वर्तमान समय में हृदय रोग विश्वभर में मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन चुके हैं। तनाव, उच्च रक्तचाप, धूम्रपान और असंतुलित जीवनशैली इसके प्रमुख कारण हैं। योग रक्तचाप को नियंत्रित करने, रक्त संचार को बेहतर बनाने तथा हृदय की कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विश्व योग दिवस ने लोगों को योग के महत्व से परिचित कराकर शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाया है। नियमित योगाभ्यास से हृदय स्वस्थ रहता है। प्राणायाम और ध्यान तनाव को कम करते हैं, जिससे हृदय रोगों की संभावना घटती है। इसी कारण चिकित्सक भी हृदय रोगियों को योग अपनाने की सलाह देते हैं। योग श्वसन तंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है। अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और कपालभाति जैसे प्राणायाम फेफड़ों की क्षमता बढ़ाते हैं तथा शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। ये अस्थमा, एलर्जी और अन्य श्वसन संबंधी समस्याओं में भी लाभदायक हैं।

पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में भी योग अत्यंत सहायक है। विभिन्न योगासन पाचन अंगों की कार्यक्षमता बढ़ाकर गैस, कब्ज, अपच और अम्लता जैसी समस्याओं को कम करते हैं। इसके अतिरिक्त योग मधुमेह के रोगियों के लिए भी लाभकारी है, क्योंकि यह रक्त में शर्करा के स्तर को नियंत्रित रखने में सहायता करता है।

योग रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है, जिससे शरीर संक्रमणों और मौसमी बीमारियों से बेहतर ढंग से लड़ पाता है। सूर्य नमस्कार जैसे योगाभ्यास शरीर में ऊर्जा का संचार करते हैं और व्यक्ति को सक्रिय बनाए रखते हैं। वृद्धजनों के लिए योग लचीलापन, संतुलन तथा हड्डियों और मांसपेशियों की मजबूती बनाए रखने में सहायक है।

महिलाओं के स्वास्थ्य में भी योग का विशेष महत्व है। विश्व योग दिवस ने योग को जन-जन तक पहुंचाकर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया है। योग रोगों के उपचार के साथ-साथ उनकी रोकथाम का भी प्रभावी साधन है। यह स्वस्थ, संतुलित और दीर्घायु जीवन का आधार है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# योग : भारत की सांस्कृतिक चेतना से वैश्विक कल्याण तक



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा (हि.प्र.)

जब पूरी दुनिया तनाव, अवसाद, जीवनशैली जनित रोगों और मानसिक असंतुलन जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब भारत की हजारों वर्ष पुरानी सांस्कृतिक विरासत योग मानवता के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है। कभी आश्रमों और ऋषि-मुनियों की साधना तक सीमित समझा जाने वाला योग आज विश्व स्वास्थ्य और मानवीय कल्याण का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है।

यह भारत के लिए गर्व का विषय है कि उसकी इस प्राचीन ज्ञान परंपरा को वैश्विक स्वीकार्यता मिली और संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत ने इस प्राचीन विद्या को वैश्विक पहचान दिलाई। वर्ष 2015 से आरंभ हुए इस अभियान ने यह सिद्ध कर दिया कि योग किसी धर्म, जाति या देश विशेष की सीमाओं में बंधा नहीं है। यह संपूर्ण मानवता के कल्याण का विज्ञान है। यही कारण है कि विश्व के अधिकांश देशों में लाखों लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं।

आज का मनुष्य तकनीकी रूप से जितना उन्नत हुआ है, उतना ही वह मानसिक तनाव, शारीरिक निष्क्रियता और भावनात्मक असंतुलन से भी घिरता जा रहा है। तेज रफ्तार जीवन, अनियमित दिनचर्या, बढ़ता प्रदूषण, मोबाइल और कंप्यूटर पर निर्भरता, घटता शारीरिक श्रम तथा प्रतिस्पर्धा का बढ़ता दबाव अनेक नई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे रहा है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, अवसाद, अनिद्रा और चिंता जैसे रोग अब किसी विशेष आयु वर्ग तक सीमित नहीं रह गए हैं। ऐसे समय में योग एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन दर्शन के रूप में हमारे सामने खड़ा है।

वर्ष 2026 की योग दिवस थीम भी इसी व्यापक सोच को आगे बढ़ाती है। इसका मूल संदेश है कि स्वस्थ जीवन, सक्रिय वृद्धावस्था



और बेहतर भविष्य के लिए योग को जीवन के प्रत्येक चरण में अपनाना आवश्यक है। वास्तव में योग केवल रोगों के उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि रोगों की रोकथाम का सबसे सरल और सुलभ उपाय है।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग' है। यह थीम केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संदेश देती है कि यदि जीवन के प्रत्येक चरण में योग को अपनाया जाए तो व्यक्ति लंबे समय तक स्वस्थ, सक्रिय और आत्मनिर्भर रह सकता है। बढ़ती औसत आयु के इस दौर में स्वस्थ जीवन की गुणवत्ता बनाए रखना उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि दीर्घायु होना।

वर्तमान समय की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि तकनीकी विकास और भौतिक सुविधाओं के विस्तार के बावजूद मनुष्य पहले से अधिक तनावग्रस्त और असंतुष्ट दिखाई देता है। अनियमित दिनचर्या, फास्ट फूड संस्कृति, शारीरिक श्रम में कमी तथा प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ ने अनेक शारीरिक और मानसिक रोगों को जन्म दिया है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और अवसाद जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं।

ऐसे समय में योग केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यकता बन गया है। योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मन और भावनाओं को भी संतुलित करता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी स्वीकार करता है कि नियमित योगाभ्यास और प्राणायाम तनाव कम करने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है।

दुर्भाग्य से समाज का एक बड़ा वर्ग आज भी योग को शारीरिक व्यायाम तक सीमित समझता है, जबकि भारतीय दर्शन में योग का अर्थ कहीं अधिक व्यापक है। महर्षि पतंजलि द्वारा वर्णित योग के आठ अंग व्यक्ति को नैतिकता, अनुशासन और आत्मसंयम की ओर ले जाते हैं। भगवद्गीता में भी योग को जीवन में संतुलन और कर्मकुशलता का आधार बताया गया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण का अवसर प्रदान करता है। आइए, हम सब योग को जीवन का हिस्सा बनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारतीय संस्कृति की यही पुकार, योग से स्वस्थ रहे सारा संसार




लकेश चंदेल (अध्यापक)
जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

इस वर्ष मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि योग केवल फिटनेस का माध्यम नहीं बल्कि बढ़ती उम्र में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य बनाए रखने का प्रभावी तरीका भी है।

योग भारतीय संस्कृति का एक अनुपम उपहार है। भारत प्राचीन काल से ही ऋषि और मुनियों की भूमि रही है इसलिए भारतीय संस्कृति पूरे विश्व के आंगन में अपनी श्रेष्ठता और महानता के लिए प्रसिद्ध रही है। भारतीय संस्कृति के मूल में सभी सुखी रहें की भावना पूर्ण रूप से निहित है इस कारण हमारे ऋषि और मुनियों ने मानव जीवन को सुखी बनाने के लिए अनेक उपाय किए तथा इसमें से एक उपाय है योग। योग मानव जाति के लिए भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार है। पतंजलि को योग के पिता के रूप में जाना जाता है। दरअसल, चित्त की प्रवृत्तियों को रोकना ही योग है। शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में योग मदद करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है। योग में अनुलोम विलोम, कपालभाति तथा ओम उच्चारण जैसे प्राणायाम से बहुत फायदे मिलते हैं। इस दिवस का मनाने का प्रमुख उद्देश्य योग के अद्भुत और चमत्कारी प्राकृतिक फायदों की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है।

आसन की शक्ति शरीर में लचीलापन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जानी जाती है। योग सभी को नियमित रूप से करना चाहिए, जिससे मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। एक स्वस्थ व्यक्ति अपने जीवन में बहुत लाभ कमा सकता है और स्वास्थ्य पूर्ण जीवन जीने के लिए नियमित योग बहुत ही आवश्यक है। आज के आधुनिक जीवन में



तनाव काफी बढ़ चुका है और आसपास का पर्यावरण भी स्वच्छ नहीं है। परिणाम स्वरूप बड़े शहरों में रहने वाले लोगों को कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आजकल की जीवन शैली के अनुसार योग का हर स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय व अन्य संस्थाओं में होना बहुत जरूरी हो गया है।

आजकल के युवा ज्यादातर मानसिक तनाव से जूझते रहते हैं जिसके चलते बच्चे गलत गतिविधियों का सहारा ले लेते हैं, इसलिए यदि बच्चे हर दिन योग करेंगे तो नशा व आत्महत्या जैसे मामलों में कमी आएगी साथ ही बच्चे स्वस्थ और शारीरिक रूप से चुस्त रहेंगे। योग के बहुत लाभ हैं। प्राणायाम का अभ्यास करके मनुष्य तनाव को अपने जीवन से हमेशा के लिए दूर कर सकता है। दैनिक योग मांसपेशियों को मजबूत बनाता है योग के विभिन्न आसन शरीर को लचीला बनाते हैं जो की एक स्वस्थ शरीर की निशानी होती है।

शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य ही मनुष्य की असली दौलत है जिसे योग के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। योग ने अपने शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभों व चमत्कारों के कारण दुनियाभर में अपनी एक अद्वितीय पहचान बनाई है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य अपना खान-पान, आराम और नींद तक भूल चुका है। परिणामस्वरूप तनाव और अशांति उसके जीवन का हिस्सा बन गए हैं। ऐसे समय में योग एक ऐसी प्राकृतिक पद्धति है जो मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाती है।

शिक्षण संस्थानों में भी यह देखा गया है कि योग करने से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि तथा ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है। कम उम्र में योग सीखना अधिक लाभदायक होता है क्योंकि बच्चों का शरीर अधिक लचीला होता है। आज के बच्चे खेलकूद की अपेक्षा मोबाइल और अन्य गैजेट्स में अधिक समय बिताते हैं, जिससे अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। योग बच्चों के मन-मस्तिष्क को जागरूक बनाकर उनकी सहनशीलता और मानसिक शक्ति को बढ़ाता है। योगासन और प्राणायाम से शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है तथा मनुष्य स्वस्थ जीवन जीता है। इसी कारण कहा जाता है-'योग भगाए रोग।'

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नए दौर में पिता का बदला स्वरूप... रिश्तों में बढ़ी मिठास



संजय एम तराणेकर
स्वतंत्र लेखक

वर्तमान में पिताओं में जो परिवर्तन परिलक्षित हुआ है, वह एक साहसिक और खुशगवार पहलू है। पहले के पिता जो विशेष रूप से अपने कार्य में लीन और पूरे परिवार के सदस्यों पर रौब जमाने वाले होते थे, उनसे बच्चे बातें करने से डरते थे। यदि यह भी मैं कहूं कि वे बात भी नहीं करते थे, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

पिता से बात मां के माध्यम से होती थी। वर्तमान में पापा के नाम का खौफ नहीं रह गया है। अब पापा सकारात्मक सोच के साथ बच्चों के एकदम करीब आ गए हैं। उनके मित्र के रूप में। यही है खुशगवार परिवर्तन जो इस आधुनिक युग में देखने में आया है। जिस पर हम गर्व कर सकते हैं।

**वातावरण का असर :** पूर्व की पीढ़ी के पिता की आलोचना करना आसान है, परंतु उस जमाने का वातावरण आज जितना खुलापन लिए हुए नहीं था। सकारात्मक दृष्टिकोण से सोचें तो ऐसी परिस्थितियां भी नहीं थीं। परिवार बहुत बड़े हुआ करते थे। ऐसे में किस पर ध्यान दें और किस पर नहीं, समझ में नहीं आता था। यह भी एक कारण हो सकता है। वर्तमान में यह स्थितियां उलट हैं। आज की युवा पीढ़ी भविष्य की संभावनाओं का पहले ही विचार कर लेती है, फिर वर्तमान में निर्णय करती हैं। न्यू जनरेशन का ध्यान इस ओर रहता है कि बच्चे हो और उनका पालन-पोषण बहुत ही अच्छे तरीके से हो। सिर्फ दो बच्चों पर ही ध्यान केंद्रित वे करते हैं, वरन कई परिवार तो इससे भी आगे की सोचने लगे हैं। हालांकि, उनकी वो सोच किस दिशा में जाएगी यह कहना मुश्किल है, लेकिन वे अब एक ही बच्चे में खुश रहने का सोचती हैं। इसलिए समय और वातावरण दोनों का ही असर देखने को मिलता है।

**मित्र की भूमिका में :** वर्तमान में पिता अपने बच्चों के लाडले पापा हैं। साथ ही वे मित्र की भी भूमिका में हैं। उन्हें किसी प्रकार का संकोच नहीं होता। वे अपने पापा से खुले तौर पर बातचीत करते हैं। अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वे आज मां



को आगे नहीं करते, वरन स्वयं उत्सुक रहते हैं, अपने पापा से बातें करने में। पहले बच्चों के लालन-पालन का संपूर्ण जिम्मा अकेले मां के कंधों पर होता था। आज वह हॉफ हो गया है।

**पिता होने का सुख :** पिता होने के सुख की अनुभूति इन्हीं शब्दों से होती है कि जब पिता कह उठते हैं-'यकिन, नहीं होता कि यह हमारा बच्चा है।' इसके गूढ़ अर्थ में जाएं तो वे पिता बनकर बहुत ही आनंदित है। वे आंदोलित है नन्हे-नन्हे हाथ-पैर, गोल-मटोल चेहरा देखकर। उनके पास इस आनंद को बांटने के लिए शब्द भले ही न हो, परंतु वे उसे अपने हाथों में लेकर, छूकर अपनत्व के सागर में डुबकियां लगाने को आतुर रहते हैं।

**संरक्षणात्मक कवच है :** एक पिता के होने और न होने को खूब परिलक्षित किया जा सकता है। इस संबंध में एक सुपर सितारा नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताते हैं-'मैं जब पंद्रह वर्ष का था, तभी मेरे पिता नहीं रहे। हालांकि यह बर्दाश्त करना बहुत मुश्किल था, परंतु मैं रोया नहीं और समय से पहले बड़ा हो गया। कंधों पर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ गया। मैंने वह सब किया जो वे करते थे। परंतु उनका साया होना ही चाहिए था। पिता की कमी को पूरा करना नामुमकिन है, क्योंकि पिता शब्द अपने आप में एक संरक्षणात्मक कवच है।'जब कोई पूछता है-'तुम किसके बेटे हो' या 'तुम्हारे पिताजी का नाम क्या है?', तो यहीं से पहचान और सम्मान की शुरुआत होती है। किसी भी दस्तावेज में पिता के नाम का उल्लेख आज भी आवश्यक है। भले ही अब मां का नाम भी जोड़ा जाने लगा है, पर पिता का महत्व अभी भी बना हुआ है। पिता केवल जन्मदाता नहीं, बल्कि कठिनाइयों से लड़ना और स्वाभिमान से जीना सिखाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोस्टर इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## एम्मा रादुकानू का खूबसूरत अंदाज

**एम्मा** रादुकानू एक ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी हैं। वह साल 2021 में यूएस ओपन जीत चुकी हैं। कनाडा में जन्मी रादुकानू ब्रिटेन की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी हैं और साल 2021 में वह दुनिया की टॉप-30 में जगह बना चुकी हैं।



# एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप-2026

# चिली को 6-0 से हराकर भारत फाइनल में

**एजेंसी, ऑकलैंड**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप न्यूजीलैंड 2025-26 के सेमीफाइनल में शनिवार को चिली को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की और फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम की इस शानदार जीत में नवनीत कौर और दीपिका ने दो-दो गोल दागे, जबकि नेहा और ऋतुजा दादासो पिसाल ने एक-एक गोल किया। कप्तान सलीमा टेटे को उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



भारत अब फाइनल में अमेरिका और मेजबान न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगा। भारत ने मुकाबले की शुरुआत से ही गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और छठे मिनट में मिले पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए बढ़त हासिल की। नवनीत कौर ने सटीक शॉट लगाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। 13वें मिनट में कप्तान सलीमा टेटे ने बाएं फ्लैंक से शानदार मूव बनाते हुए गेंद नवनीत तक पहुंचाई और उन्होंने अपना दूसरा गोल दागकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद दीपिका ने लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए 14वें और 18वें मिनट में गोल दागे और भारत ने पहले हाफ में ही 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली। दीपिका के इन दो गोलों के साथ टूर्नामेंट में उनके कुल गोलों की संख्या छह हो गई और वह शीर्ष गोल स्कोरर बन गईं। दूसरे हाफ में भी भारतीय टीम ने आक्रामक खेल जारी रखा। नेहा ने 32वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 5-0 किया। इसके बाद ऋतुजा दादासो पिसाल ने 39वें मिनट में ओपन प्ले से शानदार रिवर्स हिट लगाकर भारत का छठा गोल दाग दिया। अंतिम क्वार्टर में चिली ने कुछ मौके बनाए, लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने बेहतरीन बचाव करते हुए विपक्षी टीम को कोई गोल नहीं करने दिया। भारत ने अंत तक अपना दबदबा बनाए रखा और 6-0 की बड़ी जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह पक्की कर ली। (अनंत ज्ञान)

## महिला टी20 विश्व कप

# न्यूजीलैंड ने आयरलैंड को 4 रन से हराया

**एजेंसी, साउथम्पटन**

महिला टी20 विश्व कप-2026 में मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड ने बेहद रोमांचक मुकाबले में आयरलैंड को 4 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। लगातार दो हार के बाद दबाव में उतरी न्यूजीलैंड टीम अंत तक संघर्ष करती रही और मुश्किल मुकाबले में दो अहम अंक हासिल कर प्रतियोगिता में अपनी उम्मीदें कायम रखीं।



141 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन कप्तान गैबी लुईस और ऑर्ला प्रेंडरगास्ट ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच को न्यूजीलैंड के हाथों से लगभग छीन लिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 95 गेंदों में 110 रन जोड़कर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया।

ऑर्ला प्रेंडरगास्ट ने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले 2 विकेट लिए और फिर 53 गेंदों पर 59 रन बनाए। वहीं कप्तान गैबी लुईस ने 53 गेंदों में 58 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। एक समय आयरलैंड को अंतिम चार ओवर में 34 रन चाहिए थे और उसके नौ विकेट शेष थे। लेकिन यहीं से न्यूजीलैंड ने वापसी की। जेस केर और कप्तान अमेलिया केर ने दबाव बनाया। अमेलिया ने 18वें ओवर में दो विकेट लेकर मुकाबले का रुख बदल दिया। आखिरी ओवर में आयरलैंड को 15 रन चाहिए थे। कप्तान अमेलिया केर ने अनुभवी सूजी बेट्स को गेंद सौंपी। सूजी ने शानदार संयम दिखाते हुए बल्लेबाजों को बड़े शॉट नहीं लगाने दिए और मुकाबला न्यूजीलैंड के पक्ष में कर दिया। आयरलैंड अंतिम गेंद पर 6 रन नहीं बना सकी और जीत से सिर्फ चार रन दूर रह गई। इससे पहले न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम सिर्फ 10 रन पर 3 विकेट गंवा बैठी।

ऑर्ला प्रेंडरगास्ट और कारा मरे ने शुरुआती झटके दिए। इसके बाद ब्रूक हॉलिडे और इजी शार्प ने उपयोगी पारियां खेलते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इजी शार्प ने 28 गेंदों में 36 रन बनाए, जबकि ब्रूक हॉलिडे ने 34 रन की अहम पारी खेली। अंतिम ओवरों में न्यूजीलैंड ने तेजी से रन जोड़े और चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप

# समीर, रोहित कन्यान ने दिलाया स्वर्ण भारत ने दूसरे दिन जीते पांच पदक

**सुहल (जर्मनी)।** भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कुल पांच पदक अपने नाम किए। इस प्रदर्शन के साथ भारत ने दो दिन में कुल आठ पदक (4 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य) हासिल कर पदक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। भारत के लिए समीर ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।



उन्होंने फाइनल में शानदार संयम दिखाते हुए 28 हिट्स के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं, 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर पुरुष वर्ग में रोहित कन्यान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारत को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया और भारतीय अभियान को और मजबूत किया। महिला वर्ग में प्राची गायकवाड़ ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर महिला स्पर्धा में 354.7 अंक के साथ रजत पदक जीतकर भारत की झोली में एक और सफलता जोड़ी। टीम स्पर्धाओं में भी भारतीय निशानेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया। 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर पुरुष टीम स्पर्धा में रोहित कन्यान, वेदांत नितिन वाघमारे और हितेश श्रीनिवासन की तिकड़ी ने कांस्य पदक जीता। इसके अलावा 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष टीम स्पर्धा में समीर, अभिनव चौधरी और साहिल चौधरी ने कांस्य पदक हासिल कर भारत के पदकों की संख्या बढ़ाई। लगातार दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय दल ने चैंपियनशिप में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है और व्यक्तिगत व टीम दोनों वर्गों में प्रभावशाली शुरुआत की है। (अनंत ज्ञान)

# दोहा डायमंड लीग में चौथे स्थान पर रहे नीरज राष्ट्रमंडल खेलों के लिए किया क्वालिफाई

**एजेंसी, दोहा।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने लगभग आठ महीने बाद प्रतिस्पर्धी वापसी करते हुए दोहा डायमंड लीग 2026 में चौथा स्थान हासिल किया। हालांकि वह पदक जीतने से चूक गए, लेकिन उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिए निर्धारित योग्यता मानक को पार कर लिया। पीठ की चोट के कारण लंबे समय से मैदान से दूर रहे



28 वर्षीय नीरज का पहला प्रयास अमान्य रहा। इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए तीसरे प्रयास में 85.69 मीटर दूर भाला फेंका और शीर्ष तीन में जगह बनाई। चौथे प्रयास में उन्होंने 83.45 मीटर का प्रदर्शन किया, जबकि पांचवां प्रयास भी अमान्य रहा, जिससे वह चौथे स्थान पर खिसक गए। नीरज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेलों के लिए तय 82.61 मीटर के योग्यता मानक से बेहतर रहा। प्रतियोगिता का खिताब श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिराणे ने 88.68 मीटर के साथ जीता। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स दूसरे और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन तीसरे स्थान पर रहे। नीरज की सफल वापसी भारतीय एथलेटिक्स के लिए उत्साहजनक संकेत मानी जा रही है और अब उनकी नजर आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं पर होगी। (अनंत ज्ञान)

# जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में वंशिका हाथ से फिसला स्वर्ण पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाज वंशिका चौधरी एक दुर्भाग्यपूर्ण गलती के कारण पदक से वंचित रह गईं। स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार वंशिका अंतिम निशाना लगाने से पहले घोषणा को गलत समझ बैठीं और समय रहते अपना आखिरी निशाना नहीं लगा सकीं। प्रतियोगिता में वंशिका 191.3 अंकों के साथ शीर्ष पर चल रही थीं और स्वर्ण पदक लगभग तय माना जा रहा था। उनकी साथी सेजल कांबली दूसरे स्थान पर थीं, जबकि हिमांशी कांस्य पदक की दौड़ में थीं। इसी दौरान उद्घोषक ने संभावित टाई की स्थिति में 'शूट-ऑफ' की जानकारी दी, जिसे वंशिका ने अंतिम निर्देश समझ लिया। भ्रम की स्थिति में उन्होंने आखिरी निशाना नहीं लगाया और समय समाप्त हो गया। नतीजतन वह चौथे स्थान पर खिसक गईं। सेजल ने स्वर्ण, बुल्गारिया की मारिया अतानासोवा ने रजत और हिमांशी ने कांस्य पदक जीता। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए कहा कि घोषणा को लेकर हुई गलतफहमी के कारण वंशिका पदक से वंचित रह गईं। (अनंत ज्ञान)

# फीफा विश्व कप: कुन्हा के दो गोल से ब्राजील ने हैती को 3-0 से हराया

**एजेंसी, फिलाडेल्फिया**

पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील ने फीफा विश्व कप-2026 के ग्रुप-सी मुकाबले में शनिवार को हैती को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ब्राजील ने नॉकआउट चरण की ओर मजबूत कदम बढ़ाया, जबकि हैती विश्व कप से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। ब्राजील की जीत के नायक रहे मैथियस कुन्हा, जिन्होंने विश्व कप में अपने पहले दो गोल दागे। वहीं विनीसियस जूनियर ने एक गोल करने के साथ दोनों गोल में सहायता भी की। मोरक्को के खिलाफ पहले मैच में 1-1 की निराशाजनक बराबरी के बाद ब्राजील इस मुकाबले में कहीं अधिक आक्रामक और संतुलित नजर आया।



ब्राजील को पहला गोल 23वें मिनट में मिला। विनीसियस जूनियर ने बाएं छोर से अंदर आते हुए शॉट लगाया जिसे हैती के गोलकीपर ने रोकने की कोशिश की, लेकिन गेंद पूरी तरह नियंत्रण में नहीं रह सकी। इसी मौके का फायदा उठाते हुए मैथियस कुन्हा ने गेंद को गोल में पहुंचाकर ब्राजील को बढ़त दिला दी। 36वें मिनट में ब्राजील ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। हैती की गलती के बाद तेज पलटवार में विनीसियस जूनियर ने शानदार पास दिया, जिस पर मैथियस कुन्हा ने सटीक फिनिश करते हुए अपना दूसरा गोल दाग दिया। हालांकि, ब्राजील को एक झटका भी लगा जब विंगर राफिन्या दूसरे गोल के कुछ देर बाद चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए। दूसरे हाफ में हैती ने संघर्ष जारी रखा और एक मौके पर रिकार्डो अडे के हेडर को ब्राजील के गोलकीपर एलिसन ने शानदार बचाव करते हुए गोल में जाने से रोका। इस जीत के साथ ब्राजील के दो मैचों में चार अंक हो गए और वह ग्रुप अंतर के आधार पर ग्रुप-सी में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया। दूसरी ओर, हैती लगातार दूसरी हार के बाद विश्व कप से बाहर हो गया। (अनंत ज्ञान)

# 71 सेकेंड में गोल कर मोरक्को ने स्कॉटलैंड को हराया

**एजेंसी, फॉक्सबोरो।** फीफा विश्व कप 2026 में मोरक्को ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कॉटलैंड को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। मैच का एकमात्र गोल इस्माइल साइबारी ने मुकाबला शुरू होने के महज 71 सेकेंड बाद दागा, जो अब तक इस विश्व कप का सबसे तेज गोल है। इस जीत के साथ मोरक्को ने ग्रुप-सी में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। टीम के अब दो मैचों में चार अंक हो गए हैं और वह नॉकआउट चरण में पहुंचने के करीब है। 25 वर्षीय साइबारी ने पिछले मैच में ब्राजील के खिलाफ भी गोल किया था और इस मुकाबले में भी शुरुआती मौके को भुनाकर टीम को बढ़त दिलाई। मोरक्को ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और कई मौके बनाए, जबकि स्कॉटलैंड की टीम आक्रामक खेल नहीं दिखा सकी। अंत में रयान क्रिस्टी और स्कॉट मैक्टोमिने ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर अंतिम-32 में बनाई जगह

**एजेंसी, सिएटल**

सह-मेजबान अमेरिका ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-डी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और एक मैच शेष रहते हुए नॉकआउट चरण (अंतिम-32) में अपनी जगह पक्की कर ली। अमेरिका ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और 11वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। अमेरिकी खिलाड़ी फोलारिन बालोगुन ने शानदार दौड़ लगाते हुए गेंद को ऑस्ट्रेलियाई रक्षा पंक्ति के बीच पहुंचाया, जिसे रोकने के प्रयास में ऑस्ट्रेलिया के डिफेंडर कैमरून बर्गेस ने गलती से गेंद अपने ही गोल में पहुंचा दी।



पहला गोल खाने के बाद ऑस्ट्रेलिया वापसी की कोशिश करता रहा, लेकिन अमेरिकी टीम ने दबाव बनाए रखा। पहले हाफ के अंत से ठीक पहले अमेरिका ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। एलेक्स फ्रीमैन ने नजदीक से हेडर लगाकर गेंद को जाल में पहुंचाया। शुरुआत में इस गोल को ऑफसाइड करार दिया गया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी (वीएआर) की समीक्षा के बाद गोल को मान्यता दे दी गई। इसके बाद स्टेडियम में मौजूद अमेरिकी समर्थकों में जश्न का माहौल बन गया। इस जीत के साथ अमेरिका के दो मैचों में छह अंक हो गए और टीम ग्रुप से बाहर होने के खतरे से पूरी तरह बाहर निकलकर अंतिम-32 में पहुंच गई। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर में उग्रवादी संगठनों पर कसा शिकंजा, कई सक्रिय कैडर गिरफ्तार


**एजेंसी, इम्फाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों और पुलिस ने उग्रवादी संगठनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कई सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान उग्रवादी संगठन में शामिल किए जा रहे एक किशोर को भी सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस के अनुसार, विभिन्न जिलों में चलाए गए अभियानों में केसीपी (पीडब्ल्यूजी), आरपीएफ/पीएलए और यूकेएनएफ से जुड़े कई सक्रिय सदस्यों को पकड़ा गया। गिरफ्तार लोगों में संगठन के स्वयंभू पदाधिकारी, खुफिया प्रभारी और वसूली में शामिल कैडर भी शामिल हैं।

सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व और चुराचांदपुर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर यह कार्रवाई की। एक अभियान के दौरान आरपीएफ/पीएलए से जुड़े दो कैडरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक किशोर को मुक्त कराया गया, जिसे संगठन में भर्ती करने की कोशिश की जा रही थी। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से आपत्तिजनक सामग्री, नकदी और एक वाहन भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई हाल के कई चर्चित मामलों की जांच के दौरान की गई है। मामले की आगे जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान में दो बम धमाके 7 लोगों की मौत, 3 घायल

**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी बन्नू जिले में शनिवार को सड़क किनारे हुए दो बम धमाकों में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य घायल हो गए।



अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक, पहला धमाका वजीर उपखंड के फांग मूसा खेल इलाके में हुआ। इसमें एक यात्री गाड़ी को निशाना बनाया गया। गाड़ी डोमेल की ओर जा रही थी, तभी रिमोट कंट्रोल से धमाका किया गया। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए।

पहले धमाके के घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी कुछ देर बाद दूसरा धमाका हुआ। यह विस्फोट पहले हमले की जगह से करीब एक किलोमीटर दूर हुआ। इसमें 2 और लोगों की मौत हो गई और एक गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। बन्नू के जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं। घटनास्थल से सबूत जुटाए गए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमले की कड़ी निंदा की और नागरिकों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। (अनंत ज्ञान)

# ईरान जंग में दुनिया से 115 करोड़ बैरल तेल गायब

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

ईरान-अमेरिका समझौते के बाद इस हफ्ते होर्मुज स्ट्रेट फिर से खुल गया है। हालांकि, दुनिया अभी भी तेल संकट से पूरी तरह बाहर नहीं निकली है। एनालिटिक्स फर्म केपलर की रिपोर्ट के मुताबिक युद्ध के करीब चार महीनों में वैश्विक बाजार से 115 करोड़ बैरल तेल की सप्लाई गायब हो चुकी है। इसका असर आने वाले महीनों तक बना रह सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक युद्ध के दौरान मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई लगभग बंद रही। इस वजह से दुनिया के स्ट्रेटजिक और कॉमर्शियल ऑयल रिजर्व तेजी से घटे हैं। पिछले कुछ महीनों में 19 करोड़ बैरल तेल स्टॉक से निकल चुका है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के स्ट्रेटजिक रिजर्व 1990 के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। वहीं अमेरिका का इमरजेंसी रिजर्व 43 साल के निचले स्तर पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को वर्साय में ₹7 बैठक के दौरान कहा कि अगर जंग खत्म नहीं करते तो हमारे रिजर्व करीब चार हफ्तों में खत्म हो जाते।

अमेरिका-ईरान समझौते की खबर से तेल बाजार ने राहत की सांस ली। युद्ध के दौरान 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा ब्रेंट क्रूड अब 80 डॉलर से नीचे आ गया है। लेकिन कीमतों में यह गिरावट पूरी कहानी नहीं बताती। रिपोर्ट के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट खुलने के बाद भी तेल की सप्लाई तुरंत सामान्य नहीं होगी। पहले समुद्री रास्तों से बारूदी सुरंगें हटानी होंगी। इसके बाद खाली टैंकरों की वापसी, तेल उत्पादन बढ़ाने और सप्लाई चेन को पटरी पर लाने में वक्त लगेगा। तेल उद्योग से जुड़े एक्सपर्ट्स का मानना है कि पूरी व्यवस्था को सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। तब तक दुनिया को मौजूदा तेल भंडार के सहारे ही काम चलाना होगा। ब्रूष्ट कैपिटल मार्केट्स की हेलिमा क्रॉफ्ट ने कहा कि बाजार जरूरत से ज्यादा उत्साहित है। (अनंत ज्ञान)


अनंत Classifieds

### नाम दुरुस्ती

**मैं, सन्त राम** पुत्र श्री भूप सिंह निवासी द्रव्यास डाकघर थिन्हागलू उप-तहसील रिवालसर जिला मण्डी हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम भूप सिंह बन्सल व माता का नाम कोकला देवी बन्सल गलत दर्ज है। जबकि मेरे पिता सही नाम भूप सिंह व माता का नाम कोकला देवी है। सभी संबंधित नोट करें।

**व अदालत नायव तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी फतेहपर जिला कांगड़ा हि0प्र0**
कान्ता देवी पत्नी सुखदेव सिंह निवासी गांव डा0 स्थाना, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

**वनाम आम जनता**

प्रार्थना पत्र वराये अन्तगर्त जेर धारा 13 (3) हि0प्र0 पंजीकरण अधिनियम अधिनियम 1969 वावत जन्म पंजीकरण ग्राम पंचायत स्थाना तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ।

**विषयः- ईश्तेहार अखवार वनाम आम जनता ।**

प्रार्थीन श्रीमति कान्ता देवी पत्नी सुखदेव सिंह निवासी गांव व डा0 स्थाना, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ने प्रार्थना पत्र गुजारा है कि उसकी पुत्री नीलम कुमारी का जन्म दिनांक 17-11-1992 को महाल स्थाना में हुआ था। जिसका पंजीकरण अज्ञानतावश ग्राम पंचायत स्थाना में न हो पाया है व उसकी जन्म तिथि के विलम्बित पंजीकरण के आदेश पारित किए जाएं। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के समर्थन मे अनुपलब्धता प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत स्थाना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला. शपथ पत्र प्रार्थी व अन्य वाशिंदगान देह साथ संलग्न है। अतः इस ईश्तेहार अखवार द्वारा हर आम व खास को प्रार्थीन श्रीमति कान्ता देवी पत्नी सुखदेव सिंह निवासी गांव व डा0 स्थाना तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा हि0 प्र0 के आवेदन वराये विलम्बित जन्म पंजीकरण सूचित किया जाता है। यदि किसी भी व्यक्ति को प्रार्थीन के आवेदन वारे कोई आपति हो तो वह भीतर एक माह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में हाजिर आकर अपनी आपति दर्ज करवा सकता है। कोई आपति दर्ज न होने की सूरत में नियमानुसार जन्म पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएंगे । आज दिनांक 20.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर सहित मोहर अदालत जारी हुआ

**कार्यकारी दण्डाधिकारी फतेहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**
मुकदमा इन्द्राज जन्म तिथी ।
पेशी- 03.07.2026
कौशल्या देवी पुत्री पोरखी राम निवासी गांव व डाकघर अनसुई तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा अब पत्नि श्री प्रीतम चंद निवासी गांव व डाकघर भडियाडा तहसील व जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
**बनाम** -1. आम जनता 2. सचिव ग्राम पचांयत अनसुई ।

**विषय- बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।**

उपरोक्त मुकदमा वारे प्राथी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उनकी माता का जन्म दिनांक 13.03.1948 गांव अनसुई में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्राम पंचायत अनसुई तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्राथी उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहता है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer के Recommandation letter No. HFW/KGR/ST (Delayed) (B&D)/ 2025-2401 date 15.06.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को ग्राम पंचायत अनसुई विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 03.07.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 18.066 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**


# राष्ट्रपति मुर्मू को पीएम मोदी, अमित शाह समेत शीर्ष नेताओं ने दी जन्मदिन पर शुभकामनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राष्ट्रपति के साहस, सादगी, विनम्रता और सार्वजनिक सेवा के प्रति अटूट समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन देशवासियों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी संदेश में कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र की उत्कृष्ट सेवा की है। उन्होंने विशेष रूप से वंचित, गरीब और हाशिए पर रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विकास और प्रगति के प्रति राष्ट्रपति की अटूट समर्पण अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने राष्ट्रपति के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि उन्हें



राष्ट्र सेवा के लिए ईश्वर से शक्ति और उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त हो।

वहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत शीर्ष नेताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने राष्ट्रपति मुर्मू के संघर्षपूर्ण जीवन, सादगी, संवैधानिक मूल्यों के प्रति निष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साधारण परिवेश से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक की उनकी प्रेरणादायी यात्रा करोड़ों भारतीयों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के लिए आशा, परिश्रम और संकल्प का सशक्त संदेश है।

उन्होंने राष्ट्रपति के गरिमामय नेतृत्व और विकसित भारत के निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रणम्यशील बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति मुर्मू के कार्यकाल को नारी सम्मान, जनकल्याण और राष्ट्रसेवा के क्षेत्र में उपलब्धियों से भरा बताया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन समाज सेवा और लोगों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित किया है। इनके अलावा अन्य कई दिग्गज नेताओं ने भी राष्ट्रपति मुर्मू को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

# एफएटीएफ के उपाध्यक्ष बने विवेक अग्रवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल को वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) का उपाध्यक्ष चुना गया है। इसे वैश्विक वित्तीय सुरक्षा और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ लड़ाई में भारत की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने इस चयन का स्वागत करते हुए कहा कि इससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की भूमिका और प्रभाव मजबूत होगा। साथ ही आतंकवाद के वित्तपोषण, धन शोधन और अवैध वित्तीय गतिविधियों के खिलाफ भारत की चिंताओं को अधिक मजबूती से उठाने का अवसर मिलेगा। विवेक अग्रवाल 1994 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग में अतिरिक्त सचिव के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# जून में भी जमी है बर्फ की सफेद चादर बारालाचा दर्रे पर पर्यटकों का लगा मेला

## मनाली व लाहौल से डे-ट्रिप का बना हॉटस्पॉट, बारालाचा दर्रा बना सैलानियों का पहली पसंद

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग।** गर्मी के इस मौसम में जहां मैदानी इलाके भीषण तपिश से जूझ रहे हैं, वहीं कुल्लू व लाहौल स्पीति के ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र पर्यटकों के लिए स्वर्ग बने हुए हैं। लाहौल का ऐसा ही एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जो मनाली से लगभग 140 किलोमीटर दूर है और 16,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित बारालाचा दर्रा इन दिनों सैलानियों की पहली पसंद बना हुआ है।

जून की गर्मी में भी बर्फ की सफेद चादर से ढके इस दर्रे का दीदार करने के लिए इन दिनों पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सैलानी सुबह मनाली से रवाना होते हैं और करीब 4-5 घंटे का सफर तय कर बारालाचा पहुंच रहे हैं, जहां दिनभर बर्फ के बीच स्कीइंग, स्नो-मैन बनाने और खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठाने के बाद शाम तक वापस मनाली लौट आते हैं। सैलानी घाटी के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे दारचा, जिसपा, केलंग, तांदी, गोंदला और सिस्सु में बने शानदार होटलों और होमस्टे में रुककर लाहुली संस्कृति और पहाड़ों की शांत वादियों का आनंद उठा रहे हैं। बारालाचा पहुंचते ही पर्यटक वहां जमी ताजा बर्फ में जमकर मस्ती कर रहे हैं। स्कीइंग, स्नो-मैन बनाना और इस अद्भुत नजारे को कैमरों में कैद करना उनकी यादों का हिस्सा बन रहा है। लिहाजा, देश विदेश से इस वीकेंड या जून की कड़कड़ाती गर्मी से राहत पाने के लिए व सैर सपाटे के लिए मनाली व लाहुल घाटी आने वाले पर्यटकों के लिए बारालाचा दर्रा एक परफेक्ट एडवेंचर डेस्टिनेशन है।



बारालाचा में बर्फ के बीच मस्ती करते पर्यटक। अनंत ज्ञान

### यात्रियों के लिए सलाह

**लाहौल**-स्पीति जिला प्रशासन ने बारालाचा ला आने वाले पर्यटकों से अपील की है कि बारालाचा दर्रा 16,000 फुट की अत्यधिक ऊंचाई पर है, इसलिए अचानक तापमान गिरने और ऑक्सीजन की कमी जैसी स्थिति से बचने के लिए अपने साथ पर्याप्त गर्म कपड़े, पानी और जरूरी दवाइयां अवश्य रखें और जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन करें।

**विंटर वंडरलैंड' बना बारालाचा:** सीमा सड़क संगठन द्वारा मई महीने में इस रणनीतिक मार्ग से बर्फ हटाकर इसे वाहनों के लिए बहाल किया गया था। आमतौर पर जून के अंत तक पिघलने वाली बर्फ इस बार भारी शीतकालीन बर्फबारी के कारण जून के मध्य और उत्तरार्ध में भी पूरी तरह जमी हुई है।

## आंगनबाड़ी-सह-क्रेच पदों के साक्षात्कार 24 को

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, नग्गर स्थित कटराई (जिला कुल्लू) खुशविंदर ठाकुर ने बताया कि सेऊबाग सर्किल के आंगनबाड़ी केंद्र-सह-क्रेच, कायस में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता (वर्कर) और सहायिका (हेल्पर) के पदों के लिए स्थगित साक्षात्कार प्रक्रिया अब पुन: आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह साक्षात्कार 24 जून 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे उपमंडलाधिकारी (नागरिक) कुल्लू के कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। सभी पात्र आवेदकों को निर्धारित तिथि और समय पर चयन समिति के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। उम्मीदवारों को अपने साथ मूल प्रमाण पत्रों के साथ एक सेट स्व-सत्यापित छायाप्रतियां लाना अनिवार्य होगा। इस प्रक्रिया के लिए कोई अलग कॉल लेटर जारी नहीं किया जाएगा, इसलिए सभी अभ्यर्थियों को समय पर उपस्थित रहने की सलाह दी गई है।

## कुल्लू फलोत्पादक मंडल की बैठक में फल सीजन की समस्याओं पर चर्चा



मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल की मासिक बैठक शनिवार को बागवान भवन में मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारियों और सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा फल सीजन के दौरान बागवानों और किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की शुरुआत महामंत्री रिमन सिंह ठाकुर ने की, जिन्होंने कार्यसूची सदस्यों के समक्ष रखी। बैठक में परिवहन व्यवस्था सुधारने, सब्जी मंडियों में सुविधाएं बढ़ाने और विपणन संबंधी चुनौतियों के समाधान पर विचार-विमर्श हुआ। सदस्यों ने प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर समय पर समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। प्रधान प्रेम शर्मा ने कहा कि फल सीजन के दौरान कई बार फलों से लदे वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान होता है। ऐसे में मंडल की ओर से सुपरवाइजर तैनात किए जाएंगे, जो दुर्घटना या आपात स्थिति में मौके पर पहुंचकर आवश्यक सहायता और समन्वय सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि मंडल किसानों और बागवानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और फल सीजन को सुचारु बनाने के लिए लगातार प्रयासरत रहेगा।

## तांदी पंचायत में तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार उपमंडल की तांदी पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम स्तर पर समुदाय, पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयंसेवकों को आपदा की स्थिति में सजग, सक्षम और संगठित बनाना था। प्रतिभागियों को आपदा जोखिम की समझ, प्रारंभिक प्रतिक्रिया, खोज एवं बचाव तथा सामुदायिक समन्वय जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान त्वरित निर्णय, प्राथमिक सुरक्षा उपाय और राहत कार्यों की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सीईओ अश्वनी कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण आपदा रक्षक परियोजना के तहत आयोजित किया गया, जिसे राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और यूएनडीपी के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

### कुल्लू के बाद भुंतर में फिर चला विधायक सुंदर का राजनीतिक दांव

# भुंतर ब्लॉक से बीडीसी अध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित राम प्रसाद निर्वाचित

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** कुल्लू की राजनीति में एक बार फिर विधायक सुंदर सिंह ठाकुर का प्रभाव देखने को मिला है। भुंतर ब्लॉक में बीडीसी अध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित राम प्रसाद के निर्वाचित होने के बाद विधायक ने कहा कि उनका फोकस शुरू से ही अध्यक्ष पद पर था और उसी रणनीति के तहत सफलता मिली। राजनीतिक गलियारों में इस जीत को विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की बड़ी रणनीतिक सफलता माना जा रहा है।

वहीं, इसे कुल्लू जिला भारतीय जनता पार्टी के लिए एक और झटका भी माना जा रहा है। इस परिणाम से कई राजनीतिक समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं और विरोधियों के मंसूबों पर फिर पानी फिर गया है। लिहाजा, राजनीति की पिच पर नगर परिषद कुल्लू के बाद अब भुंतर ब्लॉक से बीडीसी पद पर कांग्रेस के राम प्रसाद के अध्यक्ष बनने से भाजपा की दूसरी विकेट भी गिर गई है। अब नगर पंचायत भुंतर से अध्यक्ष पद की कुर्सी पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

### जयदेई बनी उपाध्यक्ष

**भुंतर** ब्लॉक पंचायत समति के अध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित राम प्रसाद विराजमान हुए हैं।, जबकि उपाध्यक्ष के पद पर भाजपा समर्थित जयदेई को चुना गया है। दोनों पदों के लिए मतदान प्रक्रिया अमल में लाई गई है। 25 सदस्यों वाली पंचायत समिति के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के लिए चुनावी प्रक्रिया में सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे, जिसमें कांग्रेस समर्थित राम प्रसाद और भाजपा समर्थित ओम प्रकाश के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें ओम प्रकाश को 12 मत और राम प्रसाद को 13 मत पड़े। इसके चलते कांग्रेस समर्थित राम प्रसाद को विजयी घोषित किया गया, जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित जय देई और कांग्रेस समर्थित मंजीत के बीच मुकाबला हुआ। इसमें मंजीत को 11 मत और जय देई को 14 मत पड़े। जिसके चलते यहां उपाध्यक्ष के पद पर जयदेई को कमान सौंपी गई है।

## चाटी में तीन युवकों से 2.17 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, आनी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपमंडल आनी की ब्रो पुलिस को सफलता हाथ लगी है। डीएसपी आनी राजीव मेहता ने बताया कि पुलिस थाना ब्रौ की टीम ने चेकिंग एवं रेड के दौरान चाटी गांव में तीन युवकों के कब्जे से 2.17 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, थाना ब्रौ के प्रभारी अपनी टीम के साथ चेकिंग एवं रेड के लिए चाटी गांव पहुंचे। इस दौरान अंकित ठाकुर (30) पुत्र रमेश चंद निवासी गांव चाटी, डाकघर रामपुर, तहसील निरमंड, जिला कुल्लू के मकान में कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान अंकित ठाकुर तथा उसके दो दोस्तों सन्नी और संजय पुत्र वंदे, निवासी वार्ड नंबर-2 पाटबंगला, डाकघर एवं तहसील रामपुर, जिला शिमला के कब्जे से 2.17 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना ब्रौ में धारा 21 एवं 29 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद नशीला पदार्थ कहां से लाया गया था और इसमें अन्य कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं।पुलिस ने क्षेत्रवासियों से नशे के खिलाफ अभियान में सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

# 'हिम रंग षष्ठी' नाट्योत्सव में 'बाबूजी' का मार्मिक मंचन

◆ पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल रहे मुख्यातिथि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल के 'हिम रंग षष्ठी' ग्रीष्मकालीन नाट्योत्सव के दूसरे दिन अटल सदन स्थित अंतरंग सभागार में लेखक मिथिलेश्वर की कहानी पर आधारित नाटक 'बाबूजी' का भव्य मंचन किया गया। इस नाटक का नाट्य रूपांतरण विभांशु वैभव ने किया तथा निर्देशन रंगमंडल प्रमुख श्री राजेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

नाटक को लोकप्रिय नौटंकी शैली में प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रत्यक्ष संगीत और सशक्त अभिनय के माध्यम से कथानक को अत्यंत प्रभावपूर्ण ढंग से दर्शकों के सामने रखा गया। इसकी शुरुआत एक भावुक दृश्य से होती है, जहां परिवार



अटल सदन में नाटक का मंचन करते हुए कलाकार।

और ग्रामीण 'बाबूजी' के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं और उनके जीवन को लेकर अनेक चर्चाएँ सामने आती हैं। फ्लैशबैक के माध्यम से कहानी लल्लन सिंह तक पहुँचती है, जो बाद में 'बाबूजी' के रूप में पहचाने जाते हैं। वे कला, नाटक, संगीत और नृत्य के प्रति गहरे समर्पित व्यक्ति होते हैं। सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देते हुए वे अपने ही समाज में बदनाम मानी जाने वाली एक युवती से विवाह करते हैं, जिससे उनके जीवन में संघर्ष की शुरुआत होती है। विवाह के बाद उनकी पत्नी उनके कला-समर्पण और असामान्य जीवनशैली से असंतुष्ट होकर उन्हें छोड़ देती है। इसके बावजूद लल्लन सिंह अपने साथी कलाकार के साथ नाटक कंपनी की स्थापना करते हैं और पूरी तरह कला को समर्पित हो जाते हैं। समय के साथ उनकी नाटक कंपनी प्रसिद्ध हो जाती है और वे समाज में एक पहचान बना लेते हैं। कहानी में मोड़ तब आता है जब एक जमींदार उन्हें अपने पुत्र के विवाह समारोह में प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित करता है, जहाँ उन्हें यह नहीं पता होता कि वह उनकी अपनी बेटी का विवाह है। इसी दौरान एक महिला कलाकार के साथ दुर्व्यवहार का विरोध करने पर हुए संघर्ष में वे गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इसके बाद उनका जीवन संघर्षों से भर जाता है और अंतत: वे बिस्तर पर आ जाते हैं। इस कठिन समय में केवल सरस्वती नामक कलाकार उनके साथ रहती है। अपने अंतिम क्षणों में वे समाज और कला के बीच के संघर्ष पर प्रश्न उठाते हुए अंतिम सांस लेते हैं। नाटक में लल्लन सिंह उर्फ बाबूजी को उन कलाकारों का प्रतीक बताया गया है, जिन्हें अपने जुनून और समर्पण के कारण सामाजिक उपेक्षा और अस्वीकृति झेलनी पड़ती है। मंचन में शिव प्रसाद, पूनम दहिया, शिल्पा भारती, अनंत शर्मा, सत्येन्द्र मलिक, अंकुर सिंह, प्रतीक वडेरा, आलोक कुमार, तबिश खान, मुजीबुर रहमान और अप्सरा खान सहित कई कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय किया।

# युवा प्रतिभागियों ने किया स्पीति के गांवों का भ्रमण

## युवा प्रतिभागियों ने आईटीबीपी की ओर से आयोजित योग सत्र में भी लिया हिस्सा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** माई भारत, युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार और आईटीबीपी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम-2026 के तहत देश के विभिन्न राज्यों से आए युवा प्रतिभागियों ने जनजातीय क्षेत्र स्पीति के सीमावर्ती गांवों का दौरा कर उपयुक्तता, अनुशासन, सामुदायिक जुड़ाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान किया गया। इस मौके पर युवा प्रतिभागियों ने आईटीबीपी द्वारा आयोजित योग सत्र में हिस्सा लिया।

योग सत्र के बाद प्रतिभागियों ने आईटीबीपी के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा आयोजित शारीरिक प्रशिक्षण सत्र और बिना हथियार के कॉम्बैट प्रशिक्षण सत्र में उन्हें अनुशासन, आत्म रक्षा और बुनियादी आत्म रक्षा टेक्नीक के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी गई। इस दौरान युवाओं ने आईटीबीपी के जवानों के साथ क्रिकेट मैच भी खेला गया, जिससे आपसी खेल भावना, टीम वर्क और निष्पक्ष खेल के महत्व को जानने का मौका मिला। युवा प्रतिभागियों ने राजकीय उच्च पाठशाला लालुंग का भ्रमण किया, जहां उन्होंने विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद किया और मनोरंजन की गतिविधियों जिसमें डांस परफॉर्मेंस और वॉलीबॉल मैचों में हिस्सा लिया, जिससे युवा प्रतिभागियों को विद्यार्थियों के साथ रूबरू होने का सुअवसर प्राप्त हुआ।इसके उपरांत युवाओं ने मॉनेस्ट्री का भ्रमण भी किया जहां उन्हें क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के बारे में जानकारी हासिल की। इस भ्रमण से उन्हें कठिन एवं दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले स्थानीय समुदायों की परंपराओं, मूल्यों और जीवन यापन के तरीके को समझने का मौका मिला। विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं की भागीदारी, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय एकता और सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले समुदायों के साथ बातचीत, सेवा भाव और एकता की भावना को बढ़ावा देना है।



युवा प्रतिभागी व आईटीबीपी जवान योगाभ्यास करते हुए। अनंत ज्ञान

# लाहौल घाटी में तीन दिन रहेगी बिजली आपूर्ति बाधित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। लाहौल घाटी में तीन दिन तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उपमण्डल केलांग ने लाहौल घाटी के उपभोक्ताओं के लिए सूचना जारी करते हुए बताया कि विद्युत मंडल मनाली द्वारा बजौरा टनल ग्रिड से 22 जून, 25 जून और 29 जून को निर्धारित शटडाउन लिया जाएगा। इन दिनों लाहौल घाटी को मुख्य विद्युत आपूर्ति उपलब्ध नहीं रहेगी। बिजली बोर्ड के अनुसार, शटडाउन की अवधि के दौरान थिरोट स्रोत से उपलब्ध लोड और सिस्टम की परिस्थितियों के अनुसार बिजली आपूर्ति संचालित की जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं को यथासंभव राहत मिल सके। विद्युत उपमण्डल केलांग द्वारा इस दौरान विभिन्न 11 केवी फीडरों पर पेड़ों की कटाई और छंटाई, जंपरिंग, लाइनों की सैगिंग और री-सैगिंग में सुधार सहित आवश्यक अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य किए जाएंगे। शटडाउन का समय प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।22 जून को 11 केवी सिस्सू फीडर रहेगा बंद,सिस्सू से गुशाल तक के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। 25 जून को बीआरओ और लोते फीडरों पर होगा कार्य,11 केवी बीआरओ फीडर के अंतर्गत नर्सरी से कुथबिहाल तथा 11 केवी लोते फीडर के तहत टांडी से रूडिंग तक के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 29 जून को केलांग और दारचा फीडरों पर रहेगा शटडाउन,11 केवी दारचा एवं केलांग फीडर के अंतर्गत केलांग से दारचा तथा योचे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी।

सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल केलांग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियां कर लें तथा मरम्मत एवं रख-रखाव कार्यों के दौरान विद्युत विभाग का सहयोग करें, ताकि भविष्य में बेहतर और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## डोभी और कटराई में 25 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सहायक अभियंता जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि 25 जून को 33/11 केवी सब-स्टेशन नगर में आवश्यक रखरखाव कार्य किया जाएगा। इस कारण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। रखरखाव कार्य के चलते राइट बैंक और लेफ्ट बैंक साइड के कई क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है। राइट बैंक साइड में नांगाबाग से रायसन विहाल, छाटनसेरी, शिरड़, बैंची, हिमारी, डोभी, कटराई, बशकोला, बागा, पतलीकूहल, हल्लान-2, बड़ाग्रां, पनगा,15 मील, बरान, 18 मील, व आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। वही लेफ्ट बैंक साइड में नगर, मढ़ी, चचोगी, पुलग, रुम्सू, सरण, घुडदौड़ , लाराकेलो, नशाला, जाणा, नथान, हिरनी, बरनोट, अरछंडी, छाकी, सरसैई, बलथा, कुमारटी, रामन, हरीपुर, भोष, रागड़ी, बटाहर, मनसारी, चकलाडी, सेरीनगर, धमसू, सजला, करजा, खखनाल आसपास का क्षेत्र प्रभावित होगा।

# जिस्पा गोम्पा फोटांग पहुंचने पर क्याबजे रिंपोछे का भव्य स्वागत



अनंत ज्ञान

**केलांग।** परम पूज्य क्याबजे कुनदेलिङ रिंपोछे लाहौल के जिस्पा गोम्पा फोटांग पहुंचने पर स्थानीय श्रद्धालुओं, विभिन्न बौद्ध संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य एवं श्रद्धापूर्ण स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर परम पूज्य रिंपोछे जी के पावन सान्निध्य में विश्व शांति, मानव कल्याण, क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं सभी प्राणियों के मंगल की कामना को लेकर दो दिवसीय विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। यह आध्यात्मिक आयोजन समाज में शांति, करुणा, सद्भावना एवं भाईचारे का संदेश प्रसारित करेगा तथा समूचे लाहौल-स्पीति के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा एवं आशीर्वाद का केंद्र बनेगा। श्रद्धालुओं ने अंग वस्त्र भेंटकर रिंपोछे से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, प्रार्थना सभाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने रिंपोछे के आगमन क्षेत्र के लिए सौभाग्यपूर्ण बताते हुए लोगों ने उनके संदेशों को समाज में शांति, करुणा और सद्भाव बढ़ाने वाला बताया।लाहौल में रिम्पोचे के आगमन से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोग उनके दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे।

# ढूंगरी गांव में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हिडिंबा माता के जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** ऐतिहासिक ढूंगरी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भी श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथा स्थल पर सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और हिडिंबा माता के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज रहा है। व्यास गद्दी पर विराजमान आचार्य शशांक कौशल ने देवी को शक्ति, करुणा और भक्ति का स्वरूप बताते हुए श्रद्धालुओं को धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने ब्रह्मांड में असुरों के उत्पात और महादेवी के दिव्य प्राकट्य की कथा सुनाते हुए देवी सरस्वती, लक्ष्मी और महादेवी के स्वरूप का वर्णन किया। कथा आयोजकों के अनुसार 17 से 27 जून तक चल रही इस कथा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। करदार रघुवीर नेगी ने बताया कि घाटी के विभिन्न देवी-देवता भी रथों के साथ कथा में भाग ले रहे हैं। पुजारी एवं करदार राज कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिल रही है। समिति सदस्यों ने आयोजन को सफल बताया।

# सरकार की योजनाओं से बदल रही बागवानों की तकदीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाले फलों के उत्पादन के लिए भी देशभर में प्रसिद्ध है। सेब के अलावा प्लम (आलूबुखारा) की खेती भी जिले के हजारों किसानों और बागवानों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनकर उभरी है। इन दिनों कुल्लू जिला से प्लम की खेप विभिन्न मंडियों में पहुंच रही है और फलों के अच्छे दाम मिलने से बागवानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं।

बंजार उपमंडल के प्रगतिशील बागवान तारा चंद ठाकुर ने लगभग 600 प्लम के पौधे लगाए हैं। सरकार की सहायता से सोलर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली उपलब्ध हुई, जिसके माध्यम से उनके खेतों और बागीचों तक नियमित रूप से पानी पहुंच रहा है। सिंचाई सुविधा मिलने से पौधों की वृद्धि बेहतर हुई है और उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। तारा चंद ठाकुर का कहना है कि पहले पानी की कमी के कारण खेती और बागवानी करना कठिन था, लेकिन अब सरकारी सहयोग से उनकी आय बढ़ी है और परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। ज़िला में तारा चंद ठाकुर जैसे हजारों किसान और बागवान आज सरकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

जिले में प्लम की प्रमुख किस्मों में सैंटा रोजा, मैरी पोजा, ब्लैक हैमर तथा फ्रन्टियर शामिल हैं। इन किस्मों के फलों की गुणवत्ता और स्वाद के कारण बाजार में अच्छी मांग बनी रहती है।आज कुल्लू के अनेक गांवों में बागवानी विकास की नई कहानी लिख रही है और किसान आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बन रहे हैं। कुल्लू की घाटियों में लहलहाते प्लम के बाग केवल फलों का उत्पादन ही नहीं कर रहे, बल्कि वे ग्रामीण समृद्धि, आत्मनिर्भरता और विकास के प्रतीक बन चुके हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और किसानों की मेहनत के संगम से जिले में खुशहाली का नया अध्याय लिखा जा रहा है। बदलते जलवायु परिदृश्य में सिंचाई की उपलब्धता बागवानी की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बन गई है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई प्रणालियां (सोलर लिफ्ट सिस्टम) स्थापित करने में सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। सरकार के सहयोग से आधुनिक तकनीकों के प्रयोग, गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री, बेहतर सिंचाई व्यवस्था तथा बाजार तक आसान पहुंच ने ग्रामीण क्षेत्रों में नए अवसर पैदा किए हैं। परिणामस्वरूप बागवानी केवल एक पारंपरिक व्यवसाय न रहकर एक लाभकारी उद्यम के रूप में विकसित हो रही है।



बंजार के बागवान तारा चंद ठाकुर के बगीचे में तैयार प्लम।

### जिले में लगभग 2270 हेक्टेयर क्षेत्र में होती है प्लम की खेती

**जिले** में लगभग 2270 हेक्टेयर क्षेत्र में प्लम की खेती की जा रही है , जिसमे प्रतिवर्ष लगभग 7875 मीट्रिक टन उत्पादन प्राप्त हो रहा है। यह उत्पादन न केवल स्थानीय किसानों की आय बढ़ा रहा है बल्कि जिले की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।

### भाजपा किसान मोर्चा जिला कुल्लू का विस्तार

# मेहर चंद को जिला उपाध्यक्ष और संदीप मेहरा को जिला सचिव की जिम्मेदारी

◆ किसान मोर्चा का मुख्य लक्ष्य किसानों की समस्याओं को उठाना : दूनी चंद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला कुल्लू के अध्यक्ष दूनी चंद ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के उपरांत जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। दूनी चंद ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है।

उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा का मुख्य लक्ष्य किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाना और उनकी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाना है। इसी दिशा में नव-नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें। उन्होंने नव-नियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की नीतियों और किसान हितों को हर गांव तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत होता है जब कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़कर उनकी समस्याओं को समझे और उनके समाधान के लिए कार्य करे। नई नियुक्तियों के तहत ब्यासर निवासी मेहर चंद को जिला उपाध्यक्ष तथा बैंची-रैसन निवासी संदीप मेहरा को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। दोनों पदाधिकारियों को संगठन में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा किसान मोर्चा जिला कुल्लू के अध्यक्ष दूनी चंद ने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव, कार्यशैली और संगठनात्मक क्षमता से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इनके जुड़ने से किसान मोर्चा की गतिविधियों को और अधिक गति प्राप्त होगी तथा संगठनात्मक ढांचा और सुदृढ़ होगा।

# सोलन में नई पाइप लाइन बिछने से सुधरेगी पेयजल व्यवस्था

## लिकेज समस्या से जल्द मिलेगी निजात, संबंधित कार्य तेजी से प्रगति पर, स्थानीय लोगों को बड़ी राहत की उम्मीद

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शहर में 10.54 करोड़ रुपये से पेयजल पाइप लाइनों के नए नेटवर्क को बिछने का कार्य प्रगति पर है। नगर निगम ने इस कार्य का जिम्मा जल शक्ति विभाग को सौंपा था। विभाग ने इस कार्य को दिसंबर 2026 से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा है। ज्ञात रहे कि शहर में कई दशकों से पाइप लाइनों को नहीं बदला गया था। ऐसे में अब लीकेज व अन्य समस्याओं को देखते हुए बदलने की योजना तैयार की गई थी। खास बात ये है कि पुरानी पाइप के समानांतर लाइन को बिछाया जा रहा है।



पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर। अनंत ज्ञान

इससे कुछ समय बाद लोगों को पेयजल की बेहतर व्यवस्था की सुविधा मिल जाएगी। इसी के साथ पानी की लीकेज की समस्या का भी समाधान हो जाएगा। वर्तमान में पाइप लाइन से कई जगह पर पानी की लीकेज है। इससे 20 से 25 फीसदी तक पानी व्यर्थ बह जाता है। कई बार पाइप लाइन की मरम्मत भी करवाई जा चुकी है, लेकिन हालत ठीक नहीं हो रहे हैं। मरम्मत कार्य पर पैसे खर्च करने के बाद पाइप में फिर लीकेज की समस्या आ जाती थी।

इसके बाद नगर निगम ने नई पाइप लाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार किया और कार्य को जल शक्ति विभाग को सौंपा। विभाग ने भी औपारिकताओं को पूरा करने के साथ ही कार्य शुरू कर दिया है। मोहन पार्क की ओर से इन दिनों पाइप को बिछाया जा रहा है। पहले चरण में कार्य को करने के लिए नगर निगम ने जल शक्ति विभाग को कुल राशि का 50 फीसदी भाग दिया है। आगामी पैसा भी जल्द विभाग को नगर निगम देगा।

शहर में पाइप लाइन बिछाने के लिए नगर निगम ने जल शक्ति विभाग को मुख्य भंडारण टैंक चौरीघाटी से क्लब टैंक और क्लब टैंक से जवाहर पार्क टैंक तक कार्य 1.98 करोड़ रुपये, मुख्य टैंक से चामुंडा कालोनी (कथेड़ टैंक) तक 2.95 करोड़ रुपये, मुख्य टैंक से मोहन पार्क तक 2.34 करोड़ और चार खंबा में राय हाउस तक 32 लाख रुपये से पाइप लाइन बिछाने का कार्य दिया है। बॉक्स शहर में नगर निगम की ओर से पाइप लाइन बिछाने का कार्य विभाग को दिया है। विभाग की ओर से टेंडर व अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद कार्य शुरू कर दिया है। ठेकेदार को कार्य तेजी से करने के लिए कहा है ताकि समय अनुसार कार्य पूरा किया जा सके। फ़िलहाल शूलिनी मेले के चलते कुछ दिनों के लिए कार्य रोका गया है।



शहर में चल रही इस महत्वाकांक्षी योजना से भविष्य में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। नगर निगम और जल शक्ति विभाग दोनों ही मिलकर इस परियोजना को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि लंबे समय तक किसी प्रकार की समस्या न हो।

स्थानीय लोगों ने भी इस परियोजना का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे पानी की बर्बादी रुकेगी और नियमित सप्लाई सुनिश्चित होगी। कई क्षेत्रों में लंबे समय से पानी की अनियमित आपूर्ति और लीकेज की समस्या से लोग परेशान थे, जिसके समाधान की अब उम्मीद जगी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, कार्य पूरा होने के बाद शहर की जल आपूर्ति प्रणाली अधिक मजबूत और आधुनिक हो जाएगी।

इससे न केवल पानी की बचत होगी बल्कि वितरण व्यवस्था भी अधिक प्रभावी बन सकेगी। परियोजना पूरी होने पर शहरवासियों को लंबे समय तक स्थायी लाभ मिलने की संभावना है। इसके साथ ही विभाग ने लोगों से भी अपील की है कि निर्माण कार्य के दौरान सहयोग बनाए रखें और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। ई. आशीष राणा अधिशासी अभियंता, जल शक्ति विभाग मंडल सोलन।

# लक्ष्य कान्वेंट स्कूल मन्जयाट में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग एवं ध्यान सत्र आयोजित



अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अर्की।** मंझयाट स्थित लक्ष्य कान्वेंट स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन व विभिन्न योगासन विद्यालय की शिक्षिका सावित्री रघुवंशी द्वारा करवाए गए। पश्चात शिवाणी ठाकुर ने ध्यान मेडिटेशन सत्र में मानसिक शांति एवं एकाग्रता का महत्व समझाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या कुसुम गुप्ता सहित समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने ताड़ासन, भुजंगासन, वृक्षासन, वज्रासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। शिक्षकों ने बच्चों को सही मुद्रा और श्वास-प्रश्वास की तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग सत्र के बाद प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास भी कराया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### राजेंद्र ठाकुर बने व्यापार मंडल राजगढ़ के नए अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान,राजगढ़।** व्यापार मंडल राजगढ़ के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। यह चुनाव पूर्व अध्यक्ष हरिओम खेड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। चुनाव प्रक्रिया के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस दौरान राजेंद्र ठाकुर को सर्वसम्मति से व्यापार मंडल राजगढ़ का अध्यक्ष चुना गया, जबकि राकेश मैनी व हरदेव भारद्वाज को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। क्रांति चौहान, राजीव ठाकुर और शिव बोहरा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी में सुरेन्द्र ठाकुर को महासचिव बनाया गया है। वहीं हर्ष आनंद और अंशुल पुंडीर को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त हरिओम खेड़ा, अरविन्द राय, मनीष ठाकुर और टीटू शर्मा को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया है, जो अपने अनुभव से संगठन का मार्गदर्शन करेंगे। इसके अलावा मनीष सूद, भानू शर्मा, हरि चन्द , रजनीश, वीरेन्द्र, विनय शर्मा, विशाल ठाकुर, अशोक ठाकुर, विवेक सूद और कन्हैया लाल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई टीम व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और बाजार के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करेगी।

### शिव मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन


**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट एवं अंबुजा सीमेंट लिमिटेड द्वारा अंबुजा कॉलोनी स्थित शिव मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक अभिषेक सरोज एवं स्वाति शुक्ला के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में अंबुजा फाउंडेशन की सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना, आईटीआई सेडी दाड़लाघाट के प्रशिक्षुओं, स्वयं सहायता समूहों, सखी बहनों, कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों एवं उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के मुख्य संयंत्र प्रबंधक सुनील कुमार चौधरी, मानव संसाधन प्रमुख पद्मनाभ शर्मा तथा अंबुजा फाउंडेशन के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक संजय शर्मा, मनोज कौशल ने योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। स्वास्थ्य परियोजना के कार्यक्रम समन्वयक अजीत कुमार सिंह ने कहा कि योग मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा मानसिक तनाव जैसे गैर-संचारी रोगों की रोकथाम में सहायक है।

### नसीम मोहम्मद दीदान के निधन पर शोक की लहर,सामाजिक योगदान को किया गया याद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी और जनहित के मुद्दों को मुखरता से उठाने वाले नसीम मोहम्मद दीदान के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में नगर कांग्रेस अध्यक्ष वर्मा, पार्षद कपिल गर्ग मोंटी, पार्षद राकेश गर्ग उर्फ पपली तथा पार्षद नरेंद्र तोमर सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि नसीम मोहम्मद दीदान ने हमेशा समाज के हर वर्ग की आवाज बनकर कार्य किया। उन्होंने पद और पहचान से ऊपर उठकर जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहे। उनके सरल स्वभाव और समाज के प्रति समर्पण के कारण उन्हें सभी वर्गों का सम्मान प्राप्त था। लोगों का कहना है कि नसीम मोहम्मद दीदान के निधन से सिरमौर ने एक ऐसी आवाज खो दी है, जिसका सामाजिक योगदान और जनसेवा के लिए किया गया संघर्ष लंबे समय तक याद किया जाता रहेगा।




# शूलिनी विवि क्यूएस ग्लोबल टॉप 500 में शामिल भारत की नंबर 1 प्राइवेट यूनिवर्सिटी बरकरार



शूलिनी यूनिवर्सिटी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के ग्लोबल टॉप 500 में शामिल हो गई है, इसे दुनिया में 452वां और भारत में 10वां (ओवरऑल) स्थान मिला है। यह ग्लोबल टॉप 500 में शामिल इकलौती भारतीय प्राइवेट यूनिवर्सिटी है और लगातार चौथे साल देश की नंबर 1 प्राइवेट यूनिवर्सिटी बनी हुई है। क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा आज जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के 2027 एडिशन में 106 हायर एजुकेशन सिस्टम की 1,500 से ज़्यादा यूनिवर्सिटीज़ शामिल हैं।

भारत की 52 यूनिवर्सिटीज़ को इसमें जगह मिली है, जो अब तक की सबसे ज़्यादा संख्या है और एक दशक पहले की तुलना में पांच गुना ज़्यादा है। इस लिस्ट में, शूलिनी इकलौती प्राइवेट यूनिवर्सिटी है जिसने लगातार चार रैंकिंग साइकल में नेशनल टॉप 10 में अपनी जगह बनाए रखी है। पिछले एक दशक का सफर अपनी कहानी खुद बयां करता है। यूनिवर्सिटी ने क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में 801–1000 बैंड से शुरुआत की, फिर 771–780, फिर 587, फिर 503 और अब 452 के पायदान पर पहुंची।

हर साल, बिना किसी अपवाद के, इसने तरक्की की है। शूलिनी ने एक ही साल में ग्लोबल रैंकिंग में 138वें स्थान से 76वें स्थान पर छलांग लगाई। 62 स्थानों की यह बढ़त इस दौर में किसी भी भारतीय संस्थान द्वारा रिसर्च के असर में की गई सबसे बड़ी तरक्की में से एक है।यह उपलब्धि शूलिनी यूनिवर्सिटी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है, जिसने न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान बनाई है। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति और वैश्विक पहचान और अधिक सुदृढ़ कर ली है।

# प्रदेश सरकार का बड़ा एक्शन : बघाट बैंक का निदेशक मंडल निलंबित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** वित्तीय संकट का सामना कर रहे दी बघाट अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) को राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। रजिस्ट्रार सहकारी समितियां की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस के तहत बोर्ड के सदस्यों से 30 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। बैंक के संचालन के लिए तीन प्रशासकों की नियुक्ति भी की गई है।

जानकारी के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंक के बढ़ते एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स) पर लगातार चिंता जताई जा रही थी। बैंक का एनपीए करीब 138 करोड़ रुपये तक पहुंचने के बाद आरबीआई ने बैंक के लेनदेन पर विभिन्न प्रतिबंध लगाए थे, जिनकी अवधि 8 जुलाई को पूरी होने जा रही है। अभी भी करीब 102 करोड़ की एनपीए बाकी है। जबकि बैंक में 80 हजार खाताधारकों की करीब 450 करोड़ की जमा राशि पड़ी है।

वर्तमान निदेशक मंडल में अध्यक्ष अरुण शर्मा, उपाध्यक्ष किरण किशोर ठाकुर सहित सुंदर सिंह ठाकुर, संजीव कुमार, अमर सिंह, कृष्ण लाल ग्रोवर, कल्पना ठाकुर और गगन चौहान सदस्य के रूप में शामिल हैं।

रजिस्ट्रार सहकारी समितियां दोरजे शेरिंग नेगी द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि आरबीआई की वर्ष 2017–18 से लगातार की जा रही वैधानिक निरीक्षण रिपोर्टों में बैंक के कामकाज में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। आरबीआई द्वारा कई बार सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि बैंक के लगभग 11 हजार शेयरधारकों और 80 हजार जमाकर्ताओं की ओर से शिकायतें दर्ज करवाई गईं और विरोध-प्रदर्शन भी किए गए। आरोप है कि निदेशक मंडल बैंक के सामान्य कामकाज को सुचारु रूप से बहाल करने में विफल रहा।

जमाकर्ताओं और बैंक के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने निदेशक मंडल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए नीरज सूद, गिरीश नड्डा और संजय कुमार शर्मा को प्रशासक नियुक्त किया है। ये तीनों अधिकारी आगामी आदेशों तक बैंक के प्रशासन और प्रबंधन का कार्य संभालेंगे।

# भाजपा ने पौधारोपण एवं प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** किसान मोर्चा मंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरायली के बरायली बूथ नंबर–32 में पर्यावरण संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण एवं प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं किसानों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा–भरा बनाए रखने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों और प्राकृतिक खेती के लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाकर मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में संत राम, निशांत, नरेंद्र तथा महेंद्र ठाकुर शामिल रहे।



पौधरोपण के दौरान भाजपा नेता। अनंत ज्ञान

अतिथियों ने किसानों की मेहनत और कृषि क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष सोलन रत्न सिंह पाल, पूर्व विधायक गोविंद राम तथा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है और इससे किसानों की लागत कम होने के साथ–साथ स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को भी लाभ पहुंचता है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं, किसान भाइयों एवं महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प और धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# किसान–वैज्ञानिक साझेदारी से कृषि विकास पर बल

अनंत ज्ञान

**नाहन/सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के अधीन क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र धौलाकुआं में लीची एवं आम दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को इन महत्वपूर्ण फलों की नवीनतम उत्पादन तकनीकों, उन्नत किस्मों तथा कटाई उपरांत प्रबंधन संबंधी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में किसानों, वैज्ञानिकों तथा अन्य हितधारकों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरमिंदर सिंह बवेजा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे, जबकि अनुसंधान निदेशक डॉ. देविना वैद्य तथा विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. डी.पी. शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए धौलाकुआं केंद्र की सह डायरेक्टर डॉ. प्रियंका ठाकुर ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत उत्पादन तकनीकों एवं कटाई उपरांत प्रबंधन के बारे में जागरूक कर उनकी उत्पादकता एवं लाभप्रदता बढ़ाना है।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते वीसी। अनंत ज्ञान

अपने संबोधन में प्रो. बवेजा ने हिमाचल प्रदेश एवं आसपास के क्षेत्रों में आम और लीची की खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इन्हें किसानों की आय बढ़ाने वाली फसलें बताया।

उन्होंने अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिक बाग प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सिट्रस फलों के बागों की उत्पादकता एवं लाभप्रदता अनुसंधान और प्रसार का प्राथमिक क्षेत्र होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने किसानों के साथ मजबूत सहयोग तथा किसानों के खेतों पर सहभागी अनुसंधान परीक्षणों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे स्थानीय समस्याओं के समाधान और नई तकनीकों को अपनाने में सहायता मिल सके।

बाजार से जुड़ाव के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रो. बवेजा ने कृषि उपज मंडी समितियों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से सहयोग बढ़ाने का सुझाव दिया, ताकि किसानों को बाजार की आवश्यकताओं, गुणवत्ता मानकों, ग्रेडिंग, पैकेजिंग और मूल्य संवर्धन की बेहतर जानकारी मिल सके। उन्होंने धौलाकुआं में बागवानी जर्मप्लाज्म के संरक्षण हेतु एक जीन बैंक स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो और स्ट्रॉबेरी जैसी उभरती हुई।

# धर्म पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सोशल मीडिया पर धर्म विशेष के खिलाफ की गई कथित अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जिला मुख्यालय नाहन में मुस्लिम समुदाय में भारी रोष देखने को मिला। अंजुमन इस्लामिया के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक सिरमौर को ज्ञापन सौंपा और आरोपी के खिलाफ तत्काल गिरफ्तारी तथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। मामले को लेकर अंजुमन इस्लामिया के सदर बॉबी अहमद ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाओं को भड़काने और समाज में जहर घोलने वाली ऐसी घटनाएं देश के सामाजिक ताने–बाने के लिए बेहद खतरनाक हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी धर्म के खिलाफ इस प्रकार की टिप्पणियां लगातार होती रहीं और लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती रहीं तो आने वाले वर्षों में हालात बेहद चिंताजनक हो सकते हैं। बॉबी अहमद ने कहा कि मुस्लिम समुदाय हमेशा कानून और संविधान में विश्वास रखता है, लेकिन कानून का पैमाना सभी के लिए समान होना चाहिए।

उन्होंने संबंधित व्यक्ति पर जानबूझकर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी टिप्पणियां समाज को बांटने और लोगों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर करने का प्रयास हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले में बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बॉबी अहमद ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि यदि आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती और प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो मुस्लिम समुदाय लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो आंदोलन जिला और प्रदेश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर तक भी ले जाया जाएगा।

# बैडमिंटन हॉल में दरारें आने से खिलाडी चिंतित

## मलबा डंपिंग से बैडमिंटन हॉल में दरारें, खिलाड़ियों ने मरम्मत और रोक लगाने की मांग की

अनंत ज्ञान

**सोलन।** ठोडो ग्राउंड के साथ नगर निगम की कार्यप्रणाली के चलते बैडमिंटन हॉल में दरारें आने से खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में गंभीर चिंता व रोष व्याप्त है। आरोप है कि हॉल के पीछे संबंधित ठेकेदार द्वारा लगातार मलबा डंप किए जाने के कारण भवन की संरचना प्रभावित हुई है, जिससे दीवारों और फर्श में स्पष्ट दरारें दिखाई देने लगी हैं।

यह बैडमिंटन हॉल क्षेत्र की एक प्रमुख खेल सुविधा है, जहां प्रतिदिन लगभग 200 खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। इनमें बच्चे, युवा और वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि हॉल के पीछे लगातार मलबा डाले जाने से भवन की स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे सुरक्षा को लेकर आशंकाएं बढ़ गई हैं। हॉल का नियमित उपयोग करने वाले खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने प्रशासन से मांग की है कि भवन की तत्काल तकनीकी और संरचनात्मक जांच करवाई जाए तथा आवश्यक मरम्मत और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं।



जिला बैडमिंटन संघ ने यह भी मांग उठाई है कि बैडमिंटन हॉल के आसपास मलबा डालने की गतिविधि को तुरंत बंद किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। खिलाड़ियों का कहना है कि यह हॉल सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य और खेल गतिविधियों से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी सुरक्षा और रखरखाव को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों से मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है। खिलाड़ियों ने कहा कि लगातार बढ़ती दरारों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। उनका आरोप है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यह खेल सुविधा पूरी तरह असुरक्षित हो सकती है। कई खिलाड़ियों ने अभ्यास के दौरान असहजता और डर महसूस करने की बात भी कही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा मलबा डालने की प्रक्रिया बिना किसी उचित निगरानी के जारी रही, जिसका सीधा असर भवन की मजबूती पर पड़ा है।

नगर निगम पर भी लापरवाही के आरोप लग रहे हैं, क्योंकि समय–समय पर शिकायतें मिलने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। खेल प्रेमियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम और निगरानी व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही खिलाड़ियों ने वैकल्पिक अभ्यास स्थल उपलब्ध कराने की भी मांग की है, ताकि उनकी दैनिक प्रशिक्षण प्रक्रिया बाधित न हो।

# डीएवी राजगढ़ में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग पर कार्यशाला आयोजित

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** डी.ए.वी. सेंटेनरी पब्लिक स्कूल राजगढ़ में शनिवार को 'कम्प्यूटेशनल थिंकिंग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में डी.ए.वी. एवं गुरुकुल विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आधुनिक शिक्षा प्रणाली में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग की उपयोगिता एवं इसके व्यावहारिक पहलुओं को समझा।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को समस्या समाधान, तार्किक चिंतन, पैटर्न पहचान, एल्गोरिदम निर्माण तथा डिजिटल युग में आवश्यक कौशलों के प्रति जागरूक करना था।




कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों, प्रस्तुतियों एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को कम्प्यूटेशनल थिंकिंग की मूल अवधारणाओं तथा कक्षा–कक्ष में इसके प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान समय में केवल विषयगत ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की क्षमता विकसित करना भी अत्यंत आवश्यक है।

कम्प्यूटेशनल थिंकिंग विद्यार्थियों को जटिल समस्याओं को सरल भागों में विभाजित कर उनका व्यवस्थित समाधान खोजने में सक्षम बनाती है, जिससे उनकी तार्किक एवं निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है।कार्यक्रम में एक विशिष्ट मूल्यांकन एवं प्रशंसा समिति भी उपस्थित रही। कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न, प्रतिभागियों ने सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांगजनों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 जुलाई तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** दिव्यांगजनों के अधिकारों, शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, पुनर्वास और सामाजिक समावेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के लिए केंद्र सरकार ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार-2026 के लिए आवेदन एवं नामांकन आमंत्रित किए हैं। पात्र उम्मीदवार और संस्थाएं 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा दिए जाने वाले ये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी कार्य करने वाले व्यक्तियों, नियोक्ताओं, नवाचारकर्ताओं, संस्थाओं एवं संगठनों को प्रदान किए जाते हैं।

### अपर झलेड़ा केंद्र में लगा समर रेडीनेस मेला



**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल विकास परियोजना ऊना के पर्यवेक्षक वृत्त झलेड़ा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र अपर झलेड़ा में पर्यवेक्षक कुलवीर कौर की अध्यक्षता में समर कैंप रेडीनेस मेला-1 का सफल आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य छोटे बच्चों को खेल-खेल में विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करना तथा अभिभावकों को बच्चों के प्रारंभिक विकास से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के साथ उनके माता-पिता, दादा-दादी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से उन्हें सीखने, समझने और अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान किए गए। मेले में अभिभावकों को बच्चों के प्रारंभिक विकास, स्कूल रेडीनेस, घर पर सीखने के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने तथा बच्चों की बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक क्षमताओं को मजबूत बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत करने में परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई।

### आईटीआई भद्रकाली में बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला कल्याण अधिकारी ऊना आवास पंडित की अध्यक्षता में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आईटीआई भद्रकाली में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से सावधान रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश की सबसे बड़ी शक्ति है और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा देनी चाहिए। शिविर में डॉ. सुजाता कपिला ने नशे के सेवन से शरीर, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। योगाचार्य डॉ. बलदेव डोगरा ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया तथा स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन के लिए नियमित योग एवं शारीरिक व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी।

# हरोली के तीन क्लस्टर देश के 38 पायलट क्लस्टरों में शामिल

## 97 करोड़ की योजना से क्षेत्र के 6,240 किसान परिवार होंगे लाभान्वित

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, ऊना।** हर बूंद का सदुपयोग और हर खेत तक पर्याप्त पानी पहुंचाने के संकल्प के साथ हरोली ब्लॉक के पालकवाह में शनिवार को 'समृद्धि की पाठशाला' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) योजना के तहत जल प्रबंधन, आधुनिक सिंचाई प्रणाली और किसानों की भागीदारी को लेकर व्यापक मंथन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने की, जबकि केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की संयुक्त आयुक्त डॉ. एम्बिली जी.के. विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ सोशल एक्सपर्ट हेमलता, एनीटो फ्रांसिस शोभित तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जल संरक्षण और पानी का विवेकपूर्ण उपयोग आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 97.05 करोड़ रुपए की यह महत्वाकांक्षी योजना हरोली के कृषि परिदृश्य में ऐतिहासिक बदलाव लाएगी। उन्होंने किसानों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने और हरोली को देश के लिए जल प्रबंधन का एक आदर्श मॉडल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि हरोली ब्लॉक के टाहलीवाल, हरोली और खड्ड क्लस्टरों के कुल 4,889 हेक्टेयर कमांड क्षेत्र को इस योजना के तहत सुनिश्चित सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे लगभग 6,240 किसान परिवार लाभान्वित होंगे।

62 राजस्व गांवों को कवर करने वाली इस परियोजना को प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके तहत कुल 131 सिंचाई योजनाओं का आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिनमें 26 नई तथा 105 मौजूदा योजनाओं का विकास एवं जीर्णोद्धार शामिल है। योजना के अंतर्गत लगभग 335 किलोमीटर लंबा दाबयुक्त पाइप वितरण तंत्र, भंडारण संरचनाएं, एससीएडीए और आईओटी आधारित निगरानी एवं नियंत्रण प्रणाली तथा ऊर्जा दक्ष एवं सौर ऊर्जा आधारित पंपिंग व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। इससे किसानों की वर्षा पर निर्भरता कम होगी, जल उपयोग दक्षता बढ़ेगी और कृषि उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की संयुक्त आयुक्त डॉ. एम्बिली जी.के. ने बताया कि एम-सीएडीडब्ल्यूएम योजना देशभर के 38 क्लस्टरों में पायलट परियोजना के रूप में लागू की जा रही है, जिनमें हरोली के तीन क्लस्टर भी शामिल हैं।

# विभाग ने प्रतिबंधित लकड़ी से लदे 10 वाहन किए जब्त

अनंत ज्ञान



**अंब।** वन माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए वन विभाग ऊना ने अवैध वन उपज से लदे 10 वाहनों को जब्त किया है। शनिवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग ने अंब और भरवाईं रेंज में रातभर विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें बिना अनुमति प्रतिबंधित प्रजातियों की लकड़ी ले जा रहे वाहनों को पकड़ा गया। वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ऊना के निर्देश पर गठित विशेष टीमों ने रात करीब एक बजे से सुबह आठ बजे तक लगातार अभियान चलाया। इस दौरान भरवाईं रेंज में दो वाहन पकड़े गए, जो देहरा डिवीजन की ओर से आ रहे थे। वहीं अंब रेंज में आठ वाहन पकड़े गए, जिनमें सात वाहन ऊना डिवीजन और एक वाहन हमीरपुर डिवीजन से संबंधित था।

जांच के दौरान किसी भी वाहन चालक के पास वन उपज के परिवहन का वैध परमिट या अनुमति पत्र नहीं मिला। प्रारंभिक जांच में सभी वाहनों में प्रतिबंधित चौड़ी पत्ती वाली प्रजातियों की लकड़ी लदी होने का पता चला। वन विभाग ने सभी 10 वाहनों को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम, 1927 की विभिन्न धाराओं के तहत वन अपराध के मामले दर्ज किए हैं। इस सफल अभियान में वन विभाग के फील्ड स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्रवाई में रंजीत सिंह, संजीव कुमार, ऊषा ठाकुर, विक्रांत, नरेंद्र, साहिल, नरेश, विकास, शक्ति चंद सहित अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध कटान और बिना अनुमति वन उपज के परिवहन के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेंगे।

# हिमकैप्स नर्सिंग कॉलेज में 40 से बढ़कर 60 हुईं जीएनएम की सीटें

अनंत ज्ञान



**ऊना।** हिमकैप्स नर्सिंग कॉलेज के लिए बड़ी उपलब्धि सामने आई है। भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी), नई दिल्ली ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से संस्थान के जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) पाठ्यक्रम की सीटों में 20 सीटों की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। अब जीएनएम पाठ्यक्रम में 40 के बजाय 60 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा। इस निर्णय से संस्थान में खुशी का माहौल है। कॉलेज प्रबंधन समिति एवं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि आईएनसी द्वारा जीएनएम कार्यक्रम की सीटों में वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान के लिए गर्व का विषय है और इससे क्षेत्र के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को नर्सिंग शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि आगामी शैक्षणिक सत्र में बीएससी नर्सिंग में 60 सीटें, जीएनएम में 60 सीटें तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग में 30 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे। इस उपलब्धि पर चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ने कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. ए. कौशिगई सेल्वी तथा समस्त स्टाफ सदस्यों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

### योग दिवस कार्यक्रम में पंचायतें निभाएं सक्रिय भूमिका : डीपीओ

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला पंचायत अधिकारी ऊना श्रवण कुमार ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों से 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें अपने-अपने क्षेत्रों में योग कार्यक्रमों के आयोजन और अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त निदेशक के माध्यम से प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री द्वारा देशभर के ग्राम प्रधानों को योग के महत्व पर संदेश भेजा गया है, जिसमें दैनिक जीवन में योग को अपनाने तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन में ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया गया है। जिला पंचायत अधिकारी ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' है। इसके तहत पंचायत भवनों, विद्यालयों और अन्य सामुदायिक स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

# डॉ. अंकिता ने रचा इतिहास, पीएचडी के साथ शोध को मिला राष्ट्रीय पेटेंट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** हिमाचल प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटी डॉ. अंकिता रघुवंशी ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि और नवाचार से प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) गांधीनगर के दीक्षांत समारोह में उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी.) की उपाधि से सम्मानित किया गया। इससे पहले उनके शोध कार्य को भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय पेटेंट भी प्रदान किया जा चुका है। पीएचडी और राष्ट्रीय पेटेंट की यह दोहरी उपलब्धि प्रदेश के लिए गर्व का विषय बन गई है।

पालमपुर निवासी डॉ. अंकिता रघुवंशी पूनम रघुवंशी एवं डॉ. अजय रघुवंशी की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपने शोध के दौरान पार्किंसन रोग से पीड़ित मरीजों की सहायता के लिए एक अत्याधुनिक तकनीक विकसित की, जिसे भारतीय पेटेंट कार्यालय ने मान्यता देते हुए राष्ट्रीय पेटेंट प्रदान किया।

**स्मार्ट जूतों से पहले ही मिल जाएगी खतरे की चेतावनी**




डॉ. अंकिता द्वारा विकसित तकनीक पार्किंसन रोगियों में चलने के दौरान अचानक होने वाली रुकावट (फ्रीजिंग ऑफ गेट) का पहले से अनुमान लगाने में सक्षम है। सेंसर-आधारित स्मार्ट जूतों और आधुनिक डेटा विश्लेषण प्रणाली पर आधारित यह तकनीक मरीज की चाल, गति और गतिविधियों के पैटर्न का विश्लेषण कर संभावित खतरे की समय रहते पहचान करती है। इससे चिकित्सकों और देखभाल करने वालों को समय पर आवश्यक कदम उठाने में मदद मिलेगी, जिससे रोगियों की सुरक्षा और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो सकेगा।

# समाज को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

## संस्कृति भवन बिलासपुर में साहित्यिक गोष्ठी का हुआ आयोजन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर द्वारा शनिवार को संस्कृति भवन बिलासपुर में मासिक साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। 'नशा मुक्त भारत अभियान-विकसित भारत की पहचान' विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में साहित्यकारों, कवियों एवं कलाकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने की, जबकि मंच संचालन रवींद्र कुमार शर्मा ने किया। गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। गोष्ठी में प्रस्तुत रचनाओं के माध्यम से नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, उसके दुष्प्रभावों तथा समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर प्रभावशाली विचार रखे गए। डॉ. अनेक राम सांख्यान ने चिट्टे के नशे पर आधारित दोहे और छंद सुनाए, जबकि जीत राम सुमन ने अपनी चर्चित पहाड़ी रचना 'किने बग्याड़े गबरू म्हारे' प्रस्तुत कर युवाओं में बढ़ रही नशे की लत पर चिंता व्यक्त की। बृजलाल लखनपाल ने पहाड़ी गीत और कर्मवीर कंडेरा ने पहाड़ी कविता के माध्यम से समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त रवीन्द्र कुमार शर्मा, केशव शर्मा, सुनील शर्मा, बीरबल राम धीमान, नरेणु राम हितेषी, रामपाल डोगरा, सुमन चड्ढा तथा शमशेर सिंह ने भी अपनी रचनाओं एवं विचारों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को उजागर किया। कार्यक्रम में परवीन्द्र शर्मा, राकेश, मनीष, कौशल्या तथा प्यारी देवी सहित अनेक साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने कहा कि साहित्य और कला समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत जैसे विषयों पर आयोजित साहित्यिक गोष्ठियां युवाओं को सही दिशा देने और समाज में जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सभी साहित्यकारों और कलाकारों का आभार व्यक्त करते हुए उनकी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाओं की सराहना की।

गोष्ठी का मुख्य संदेश यही रहा कि साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक और संस्कारित करने की एक सशक्त शक्ति भी है।

### अनुराग शर्मा ने जताया कांग्रेस नेतृत्व का आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के नवनियुक्त महासचिव अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन पर पुनः विश्वास व्यक्त करते हुए महासचिव का दायित्व सौंपने पर हार्दिक आभार व्यक्त किया है। अनुराग शर्मा ने अपने जारी बयान में कहा कि वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा जिला कांग्रेस बिलासपुर के समस्त वरिष्ठ नेताओं के प्रति कृतज्ञ हैं, जिन्होंने उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर सम्मानित किया है। उन्होंने विशेष रूप से जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती अंजना धीमान का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, जनहित के मुद्दों तथा संगठन की मजबूती के लिए वे पहले की भांति निरंतर कार्य करते रहेंगे। पार्टी द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी तथा वे कार्यकर्ताओं की भावनाओं और जनता की अपेक्षाओं को संगठन तक पहुंचाने का कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे।

# बीमारी से जूझ रहे मां-बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अनंत ज्ञान

◆ **कुछ समय से बिलासपुर के रौड़ा सेक्टर में रह रहे थे अर्की के कुमुद व अक्षांश**

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के रौड़ा क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला और उनके पुत्र की मौत से इलाके में शोक की लहर है। दोनों अपने किराए के आवास में मृत पाए गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मृतकों की पहचान 66 वर्षीय कुमुद शर्मा तथा उनके 36 वर्षीय पुत्र अक्षांश के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों मूल रूप से अर्की क्षेत्र के निवासी थे और पिछले कुछ समय से बिलासपुर के रौड़ा सेक्टर में रह रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार अक्षांश लंबे समय से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा था, जिसके कारण वह सामान्य गतिविधियां करने में भी असमर्थ था। उसकी देखभाल का पूरा दायित्व उसकी माता पर ही था।

शुक्रवार को जब घर के भीतर लंबे समय तक कोई हलचल दिखाई नहीं दी तो आसपास के लोगों को चिंता हुई। पड़ोसियों ने स्थिति का पता लगाने का प्रयास किया और बाद में दोनों को अचेत अवस्था में पाया। सूचना मिलने पर पुलिस और अन्य संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में किसी जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका व्यक्त की जा रही है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि परिवार लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों और अन्य कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहा था। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर क्षेत्रीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### पांच केंद्रों में 1352 अभ्यर्थी देंगे नीट परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** 21 जून यानी आज आयोजित होने जा रही नीट (यूजी) 2026 परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन बिलासपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के लिए की गई सभी तैयारियों की संबंधित विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की गई। जिला बिलासपुर में बिलासपुर मुख्यालय में तीन तथा घुमारवीं में दो परीक्षा केंद्र स्थापित किये गए हैं, जिनमें 1352 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उपायुक्त राहुल कुमार ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को परीक्षा का सफल संचालन सुनिश्चित बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर सभी आवश्यक प्रबंध समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित बनाए रखने, अभ्यर्थियों के लिए परिवहन सेवाओं की सुगमता, पेयजल आपूर्ति, इंटरनेट सुविधा तथा आपातकालीन सेवाओं के तहत एंबुलेंस एवं अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

### लिली मेडिकल स्टोर ने कॉलेज को भेंट किया स्ट्रेचर

**अनंत ज्ञान बिलासपुर।** विद्यार्थियों की स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से लिली मेडिकल स्टोर ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर को एक स्ट्रेचर भेंट किया। महाविद्यालय प्रशासन ने इसे फर्स्ट एड कमेटी को सौंप दिया, जिससे जरूरत पड़ने पर विद्यार्थियों को त्वरित सहायता उपलब्ध करवाई जा सकेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने लिली मेडिकल स्टोर का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इससे पहले भी संस्थान को एक व्हीलचेयर प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा कि बड़े शैक्षणिक संस्थानों में स्वास्थ्य संबंधी आधारभूत सुविधाएं अत्यंत आवश्यक हैं और स्ट्रेचर जैसी सुविधा आपातकालीन परिस्थितियों में महत्वपूर्ण साबित होगी। इस अवसर पर एडवाइजरी कमेटी तथा फर्स्ट एड कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन ने लिली मेडिकल स्टोर के इस जनहितकारी सहयोग की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।

### मेडिकल बिलों के भुगतान में देरी से पेंशनर्स चिंतित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्ज ज्वाइंट फ्रंट के पदाधिकारियों ने कहा कि चिकित्सा बिलों के भुगतान में देरी के लिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने समय रहते विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए थे। फ्रंट का आरोप है कि कई विभागों के आहरण एवं वितरण अधिकारी बजट की मांग समय पर नहीं भेज रहे हैं, जिससे हजारों पेंशनरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। संगठन ने शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### अर्शिता मिस और सौरव बने मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आदर्श शिक्षा महाविद्यालय अमरपुर में वार्षिक उत्सव एवं फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। बीएड द्वितीय वर्ष के केशवानंद को स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुना गया। वहीं अर्शिता ठाकुर मिस फेयरवेल और सौरव चौहान मिस्टर फेयरवेल बने। मुख्य अतिथि दीनानाथ शर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षा का उपयोग समाजहित में करने का संदेश दिया।

### बरठीं में 1000 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** चेतना संस्था और ह्यूमैनिटी फर्स्ट के संयुक्त तत्वावधान में बरठीं क्षेत्र में निशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। करीब 1000 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा विभिन्न कैंसर परीक्षण निःशुल्क किए गए। संस्था के सचिव हरीश नड्डा ने समय पर जांच और जागरूकता को कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताया।

### फटोह आंगनबाड़ी केंद्र में लगा समर मेला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** झंडूता ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र फटोह में समर मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, भाषाई और सामाजिक विकास से संबंधित सात स्टॉल लगाए गए। पंचायत प्रधान मंगल ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

### झंडूता कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार, प्राध्यापकगण, गैर-शिक्षण कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नियमित योगाभ्यास को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. दीपक के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संसाधन व्यक्ति प्रो. नितेश शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को विभिन्न प्राणायाम तकनीकों का अभ्यास करवाया। उन्होंने जल नेति क्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया तथा इसके माध्यम से श्वसन तंत्र को स्वस्थ रखने, साइनस संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**सुविधा** जनता की सुविधा के लिए जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने किए व्यापक प्रबंध

# बिलासपुर जिले में 254 उचित मूल्य की दुकानें : बृजेंद्र पठानिया

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान
मुलाकात जो बदले हालात

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने तथा उपभोक्ताओं की सुविधाओं को सुनिश्चित बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं और सुविधाएं संचालित की जा रही हैं। दैनिक अनंत ज्ञान से विशेष मुलाकात के दौरान जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक बृजेंद्र पठानिया ने यह जानकारी दी।

दैनिक आनंद ज्ञान प्रभारी द्वारा उन्हें समाचार पत्र की प्रति भी भेंट की गई। बताया कि विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विभाग का मुख्य उद्देश्य पात्र उपभोक्ताओं तक आवश्यक वस्तुओं की समयबद्ध, पारदर्शी और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में 254 उचित मूल्य की दुकानें कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से पात्र परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गेहूं, चावल, दालें, खाद्य तेल तथा अन्य आवश्यक वस्तुएं निर्धारित दरों पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में आवश्यकता महसूस की जाती है, वहां नई उचित मूल्य की दुकानें खोलने की प्रक्रिया भी अपनाई जा रही है, ताकि लोगों को अपने घरों के नजदीक ही राशन संबंधी सुविधाएं मिल सकें।

बृजेंद्र पठानिया ने बताया कि विभाग द्वारा राशन कार्डों का डिजिटलीकरण किया गया है तथा ई-पीओएस मशीनों के माध्यम से राशन वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया गया है। इससे लाभार्थियों को आधार आधारित प्रमाणीकरण के जरिए निर्धारित मात्रा में राशन प्राप्त करने में सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि नए राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने अथवा हटाने, परिवार के विवरण में संशोधन करने जैसी सेवाओं को भी सरल बनाया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को विभागीय कार्यालयों के कम चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग समय-समय पर विभिन्न अभियान चलाता है। गैस एजेंसियों के कार्यों की निगरानी की जाती है तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है, ताकि प्रत्येक पात्र उपभोक्ता को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक और प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री के उपयोग पर रोक सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण और जांच अभियान भी चलाए जाते हैं। इसके साथ ही बाजारों में दुकानदारों द्वारा प्रदर्शित मूल्य सूचियों की भी जांच की जाती है, ताकि उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि न वसूली जाए। बृजेंद्र पठानिया ने बताया कि विभाग आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, गुणवत्ता और कीमतों पर लगातार नजर रखता है। कालाबाजारी, जमाखोरी तथा अधिक मूल्य वसूली जैसी गतिविधियों पर विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि यदि कहीं राशन वितरण में अनियमितता, कम तौल, अधिक मूल्य वसूली या अन्य कोई समस्या सामने आती है तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को दें।

उन्होंने कहा कि विभाग समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक कर रहा है। पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितैषी सेवाएं प्रदान करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा भविष्य में भी उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विभाग निरंतर कार्य करता रहेगा।

### मानसून को लेकर शुरू करें तैयारियां: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि आगामी दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर सभी विभाग समयबद्ध तैयारी करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि मानसून मौसम के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क यातायात सहित अन्य तमाम तैयारियों को समयबद्ध पूर्ण कर लें ताकि आमजन को असुविधाओं का सामना न करना पड़े। उपायुक्त आज बचत भवन में आगामी मानसून मौसम को लेकर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को फोरलेन में समलेटू, जबल तथा थापना में भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक प्रबंध समयबद्ध पूर्ण करने को कहा ताकि यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग को पर्याप्त कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग को जिला के सभी प्रमुख सड़क मार्गों में यातायात अवरुद्ध होने की स्थिति में सभी आवश्यक प्रबंध समयबद्ध पूर्ण करने को भी कहा।

## नशे से बचना है तो अपने शौक को बनाइए ताकत: मंजुल ठाकुर



आईटीआई चंबा में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** 17 जून से 26 जून तक चल रहे 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत आईटीआई चंबा में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में जिला कल्याण अधिकारी मंजुल ठाकुर ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए प्रेरणादायक संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि यदि नशे से दूर रहना है, तो अपनी हॉबीज, प्रतिभा और सकारात्मक रुचियों को समय देना बेहद जरूरी है। यही आदतें युवाओं को गलत संगत और नशे जैसी बुराइयों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि खेल, संगीत, चित्रकला, लेखन, पढ़ाई, योग और अन्य रचनात्मक गतिविधियां न केवल व्यक्तित्व का विकास करती हैं, बल्कि युवाओं के भीतर आत्मविश्वास और अनुशासन भी पैदा करती हैं। जो युवा अपने सपनों और शौकों के प्रति समर्पित रहते हैं, वे जीवन में सफलता की नई ऊंचाइयां हासिल करते हैं और नशे जैसी विनाशकारी प्रवृत्तियों से दूर रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई तथा चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से नशे के खिलाफ जनजागरुकता का संदेश दिया गया। मंजुल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने खाली समय का सदुपयोग करें, अपनी प्रतिभा को पहचानें और समाज में नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

# शिक्षकों के रिक्त पदों पर सलूणी में फूटा जनाक्रोश, सड़क पर उतरे अभिभावक

### सरकार को दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी, तहसीलदार के माध्यम से भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



अभिभावकों ने सरकार और विभाग के खिलाफ रैली भी निकाली। अनंत ज्ञान

**सुनील पहाड़ी, सलूणी।** पीएम श्री आदर्श विद्यालय सलूणी में लंबे समय से शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर शनिवार को जनाक्रोश खुलकर सामने आया। स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी), स्थानीय समाजसेवियों और बड़ी संख्या में अभिभावकों ने सरकार और शिक्षा विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए विशाल रैली निकाली तथा तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा।

बीते कई दिनों से जारी क्रमिक अनशन शनिवार को व्यापक विरोध प्रदर्शन में बदल गया। स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शिक्षकों के कई पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और बार-बार मांग उठाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। प्रदर्शन के दौरान अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा विद्यालय में सभी रिक्त पदों को तत्काल भरने की मांग दोहराई। इसके बाद आंदोलनकारियों ने स्थानीय तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजकर चेतावनी दी कि यदि जल्द नियुक्तियां नहीं की गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय में पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता अनिवार्य है और सरकार को विद्यार्थियों के हित में तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

## 58 साल की पक्की नौकरी का वादा भूली कांग्रेस : जय सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह ने कांग्रेस सरकार पर चुनावी वादों से मुकरने और आउटसोर्स भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं। शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान 58 साल की पक्की सरकारी नौकरी का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार अब अपने चहेतों को कथित रूप से पिछले दरवाजे से आउटसोर्स आधार पर ज्वॉइनिंग लेटर जारी कर रही है। दावा किया कि मेडिकल कॉलेज चंबा में एक निजी कंपनी के माध्यम से पदों को भरने के लिए हो रहे इंटरव्यू केवल औपचारिकता हैं, जबकि चयनित लोगों को पहले ही जॉइनिंग लेटर जारी किए जा चुके हैं। इस संबंध में उनके पास सबूत मौजूद हैं और उचित समय पर उन्हें सार्वजनिक किया जाएगा। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया में निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक भ्रष्टाचार शामिल है। इसमें कांग्रेस के विधायक, मंत्री तथा सीएम तक की भूमिका होने का दावा किया।

## उदयपुर-किलाड़ सड़क का पक्कीकरण बनेगा पांगी की तरक्की की राह: हर्ष महाजन

**अनंत ज्ञान, चंबा/पांगी।** राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के मुख्य अभियंता राजीव कुमार से शिष्टाचार भेंट कर हिमाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में विशेष रूप से उदयपुर-किलाड़ सड़क के पक्कीकरण कार्य तथा चंबा-पांगी सड़क मार्ग के विकास को लेकर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ। हर्ष महाजन ने कहा कि उदयपुर से किलाड़ तक सड़क के पक्कीकरण का कार्य पूरा होने के बाद दोनों स्थानों के बीच यात्रा का समय घटकर लगभग दो घंटे रह जाएगा। इससे पांगी घाटी के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का संपर्क कुल्लू सहित अन्य इलाकों से और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से न केवल लोगों की आवाजाही आसान होगी, बल्कि पर्यटन, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। बैठक के दौरान चंबा-पांगी सड़क मार्ग की वर्तमान स्थिति और इसके उन्नयन कार्यों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता राजीव कुमार ने आश्वस्त किया कि इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के लिए बीआरओ हरसंभव प्रयास करेगा। बीआरओ की ओर से जानकारी दी गई कि संगठन का वार्षिक बजट लगभग 800 करोड़ रुपए है। इस पर हर्ष महाजन ने प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे सरकार: अर्पित जरयाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) चंबा विभाग ने प्रदेश सरकार पर छात्र विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए महाविद्यालयों में बंद की गई कक्षाओं को पुन: शुरू करने और रिक्त शिक्षकीय पदों को शीघ्र भरने की मांग की है।



एबीवीपी चंबा विभाग के विभाग संयोजक अर्पित जरयाल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सरकार के फैसलों से विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले स्कूलों को बंद और मर्ज किया गया तथा अब महाविद्यालयों में पाठ्यक्रमों को समाप्त करने के निर्णय लिए जा रहे हैं। जरयाल ने कहा कि तेलका महाविद्यालय में बीकॉम तथा भरमौर महाविद्यालय में बीएससी की कक्षाएं बंद करने का निर्णय छात्रों के हितों के विपरीत है। उनका कहना है कि इससे अनेक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसरों से वंचित होना पड़ेगा। एबीवीपी ने आरोप लगाया कि सलूणी, लिल्ह, बनीखेत और भरमौर सहित कई महाविद्यालय लंबे समय से शिक्षकों की कमी और रिक्त पदों की समस्या से जूझ रहे हैं। परिषद का कहना है कि सरकार इन पदों को भरने के बजाय पाठ्यक्रम और कक्षाएं बंद कर रही है, जो शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। परिषद ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बीएससी और बीकॉम की बंद की गई कक्षाओं को तत्काल बहाल किया जाए तथा सभी महाविद्यालयों में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तियां की जाएं। एबीवीपी ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों के हितों की अनदेखी जारी रही तो संगठन व्यापक आंदोलन शुरू करेगा।

## नीट पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था पर कांग्रेस का हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं हिमाचल प्रदेश व चंडीगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी चेतन चौहान रविवार को अपने तीन दिवसीय दौरे के तहत दोपहर 3 बजे चंबा पहुंचेंगे। उनके दौरे का मुख्य उद्देश्य नीट पेपर लीक, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) सहित प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों की कार्यप्रणाली और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस का पक्ष रखना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाम 4 बजे चंबा परिधि गृह में चेतन चौहान पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे नीट पेपर लीक प्रकरण, केंद्र सरकार की कथित विफलताओं और छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस का पक्ष रखेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी चंबा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस पार्टी देशभर में लाखों युवाओं के साथ हुए कथित अन्याय और परीक्षा प्रणाली में आई खामियों के खिलाफ मुखर होकर आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस केंद्र सरकार की जवाबदेही तय करने और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। चेतन चौहान का रात्रि विश्राम चंबा में होगा। इसके बाद वे अगले दिन पांगी रवाना होंगे, जहां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पांगी के पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक बैठक करेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी, सदर विधायक नीरज नैय्यर तथा कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## योग की शक्ति से गूंजा दरकोटी स्कूल, महिंद्र सिंह को प्रशस्ति-पत्र से किया सम्मानित



राजकीय प्राथमिक पाठशाला दरकोटी में योग करते बच्चे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शिक्षा खंड कियाणी के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला दरकोटी योगमय वातावरण में सराबोर नजर आई। विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष योग शिविर में विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वस्थ जीवन और अनुशासित दिनचर्या का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद प्रतिभागियों ने सूक्ष्म व्यायाम के साथ ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, हस्तपादोत्तानासन, मंडूकासन, तितली आसन, भुजंगासन, शलभासन, धनुरासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, सेतुबंधासन और शवासन सहित अनेक योगासनों का अभ्यास किया। साथ ही भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का संदेश दिया गया। योग शिविर का संचालन योग प्रशिक्षक महिंदर सिंह ने किया। स्कूल प्रभारी सुनील जरियाल ने योग प्रशिक्षक के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि योग स्वस्थ समाज की मजबूत नींव है। वहीं, विद्यालय परिवार की ओर से महिंदर सिंह को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## संविधान डिजिटल साथी' अभियान से जुड़ें युवा लोकतांत्रिक मूल्यों को करें मजबूत: शुभ्राजिंटा



'संविधान डिजिटल साथी' अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता शुभ्राजिंटा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चंबा मुख्यालय से देशभर के युवाओं से 'संविधान डिजिटल साथी' अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संविधान के मूल्यों, नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में युवाओं की सक्रिय भूमिका निर्णायक साबित हो सकती है।

शुभ्रा जिंटा ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से युवा सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संविधान से संबंधित जानकारी, नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक आदर्शों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इससे न केवल संवैधानिक जागरूकता का विस्तार होगा, बल्कि युवाओं को भी देश के संविधान और उसकी मूल भावना को गहराई से समझने का अवसर मिलेगा। आज का युवा डिजिटल माध्यमों के जरिए लाखों लोगों तक प्रभावी ढंग से अपनी बात पहुंचाने की क्षमता रखता है। उन्होंने सभी युवाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। इसके सिद्धांतों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक जागरूक नागरिक की जिम्मेदारी है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 61वीं-62वीं बस रवाना



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पंजाब सरकार की जनहितैषी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक स. कुलजीत सिंह रंधावा ने गांव हमायूंपुर और तसिंबली से श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के लिए जा रही 61वीं और 62वीं बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना 50 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से वे लोग, जो आर्थिक या अन्य कारणों से धार्मिक स्थलों के दर्शन करने से वंचित रह जाते थे, अब सरकार के सहयोग से पवित्र धार्मिक स्थलों की यात्रा कर पा रहे हैं।

बसों की रवानगी के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी, मन में अटूट श्रद्धा और वातावरण में आध्यात्मिक उत्साह की अनूठी झलक देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने पंजाब सरकार और स्थानीय विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह योजना उनकी लंबे समय से चली आ रही धार्मिक इच्छा को पूरा करने का माध्यम बनी है। इस अवसर पर गांवों के सरपंच, आम आदमी पार्टी के नेता, पार्टी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।

## जींद में सेलर मालिक ने की बिजली कर्मियों पर फायरिंग

**अनंत ज्ञान, जींद।** गांव हरनामपुरा में शुक्रवार रात सेलर की बिजली बंद करने को लेकर की गई फायरिंग के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मात्र 12 घंटों में काबू कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नरवाना खंड के गांव धमतान साहिब निवासी बसाबा राम के रूप में हुई है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

शनिवार को पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए उपपुलिस अधीक्षक उचाना संजय कुमार ने बताया कि 19 जून को गांव हरनामपुरा में बिजली कर्मचारी बिजली मुरम्मत का काम कर रहे थे। तभी वहां पर धमतान साहिब का बसाबा राम पहुंचा और बिजली बंद को लेकर कर्मचारियों से बहस करने लगा। उसी समय मौके पर हरनामपुरा वासी गुरचरण जो सैर कर रहा था पहुंच गया जो बिजली कर्मचारियों और आरोपी बसाबा के बीच चल रही कहासुनी में बीच बचाव करने लगा।

आरोपी बसाबा ने एकदम गुस्सा में आकर गुरचरण के ऊपर अपने लिए हुए लाइसेंसी असला से फायर कर दिए। जिसमें गुरचरण की सातल (पट) पर गोली लगने से वह घायल हो गया । आरोपी मौका से हथियार सहित फरार हो गया । आरोपी बसाबा के खिलाफ घायल गुरचरण के बयान पर थाना सदर नरवाना में मुकदमा दर्ज किया गया । पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया । जिस पर सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम तुरंत आरोपी की तलाश में रेड शुरू की गई और आरोपी को काबू कर लिया है।

## रेवाड़ी में नीट परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था हुई चाक-चौबंद

अनंत ज्ञान



**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में रविवार को आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। परीक्षा से एक दिन पहले शनिवार को पुलिस ने मॉक ड्रिल आयोजित कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पुलिस लाइन में आयोजित ब्रीफिंग के दौरान डीएसपी मुख्यालय डॉ. रविंद्र सिंह ने बताया कि जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। सभी केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा जाएगा तथा नकल माफिया, अफवाह फैलाने वालों और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ विशेष पुलिस बल भी तैनात रहेगा।

पुलिस प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सख्त सुरक्षा घेरा बनाने का निर्णय लिया है। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में अभिभावकों और अन्य अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा वाहनों की पार्किंग भी केंद्रों से कम से कम 500 मीटर दूर निर्धारित की गई है, ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की भीड़भाड़ या अव्यवस्था न हो। डीएसपी ने बताया कि जिले में 12 विशेष पुलिस नाके भी स्थापित किए गए हैं। परीक्षा संचालन के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का सभी केंद्रों पर कड़ाई से पालन कराया जाएगा। इसका उद्देश्य नकल, पेपर लीक जैसी किसी भी आशंका को पूरी तरह समाप्त करना और परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण माहौल उपलब्ध कराना है। प्रशासन ने अभिभावकों और आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है।

## एक्सीडेंट में घायल लोगों की मदद करने वालों को 2000 का इनाम

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** जला साहिबजादा अजीत सिंह नगर के सीनियर पुलिस सुपरिंटेंडेंट हरमनदीप सिंह हंस के निर्देश पर, पुलिस सुपरिंटेंडेंट ट्रैफिक नवनीत सिंह महल के नेतृत्व में, ट्रैफिक पुलिस मोहाली द्वारा चलाए जा रहे ड्रग्स के खिलाफ और रोड सेफ्टी कैंपेन के तहत, डिप्टी पुलिस सुपरिटेंडेंट ट्रैफिक एस. करनैल सिंह कल एलन करियर इंस्टीट्यूट सेक्टर-66 मोहाली पहुंचे और एक सेमिनार का आयोजन किया। डिप्टी पुलिस सुपरिंटेंडेंट ट्रैफिक ने एलन करियर इंस्टीट्यूट, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च मोहाली और अलग-अलग स्कूल बसों के ड्राइवरों से अपील की कि पंजाब सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ कैंपेन शुरू किया है। अगर आपको कोई भी व्यक्ति नशा बेचता या इस्तेमाल करता दिखे तो आप तुरंत व्हाट्सएप नंबर 9779100200 पर मैसेज भेज सकते हैं या पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 या नजदीकी पुलिस स्टेशन को बता सकते हैं, ताकि नशा बेचने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके और नशे के आदी लोगों का इलाज किया जा सके और नशे के बुरे असर के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। उन्होंने कहा कि नशा तबाही का घर है, जिससे आम लोगों को जान-माल का नुकसान होता है। उप पुलिस प्रमुख ट्रैफिक ने मौजूद ड्राइवरों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने और तेज स्पीड में गाड़ी न चलाने के बारे में जागरूक किया और अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन न करें, जिससे आम लोगों को जान का नुकसान होता है।

## सुखना लेक पर 'लिवाथॉन-योग फॉर लाइफ', 350 लोगों ने किया योगाभ्यास

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर प्रिवेंटिव हेल्थकेयर को समर्पित लिवासा हॉस्पिटल्स द्वारा सुखना लेक पर आयोजित 'लिवाथॉन-योग फॉर लाइफ' में 350 से अधिक लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। प्रमाणित योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित विशेष योग सत्र में स्थानीय निवासियों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, फिटनेस प्रेमियों, वरिष्ठ नागरिकों तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र के दौरान शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य, ध्यान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच, रिफ्रेशमेंट तथा स्मृति-चिह्न स्वरूप टी-शर्ट की भी व्यवस्था की गई।

सीईओ-लिवासा हॉस्पिटल्स, अनुराग यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल अस्पतालों तक सीमित नहीं है, बल्कि योग जैसे अभ्यास लोगों को अपने शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य की जिम्मेदारी स्वयं लेने के लिए प्रेरित करते हैं। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-ऑपरेशंस, डॉ. जितेंद्र अरोड़ा ने कहा कि योग शारीरिक लचीलापन और फिटनेस बढ़ाने के साथ-साथ मानसिक मजबूती तथा तनाव प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. अभिषेक गर्ग ने कहा कि सभी आयु वर्ग के लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि एक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में उनकी जिम्मेदारी केवल बीमारियों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना भी है।

## पानीपत: ड्यूटी में कोताही बरतने वाले बीएलओ पर होगी एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। शनिवार को जिला सचिवालय सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे की अध्यक्षता में नगर निगम के विभिन्न वार्डों के पार्षदों, अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी, पारदर्शी और जन सहभागिता आधारित बनाने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई बीएलओ अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतता है या जानबूझकर कार्य में कोताही करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कर्मचारियों के निलंबन के साथ-साथ आवश्यक होने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

# पंचकूला में 3600 से अधिक पेड़ों की कथित अवैध कटाई, जांच की मांग तेज

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** प्रेस क्लब चंडीगढ़ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पर्यावरणविद् शीशपाल और अधिवक्ता संजीव चौधरी ने पंचकूला जिले के मुवास, असरेवाली और एचएमटी पिंजौर क्षेत्रों में हजारों पेड़ों की कथित अवैध कटाई को लेकर वन विभाग पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने मामले की स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार, मुवास क्षेत्र में मार्च 2025 के दौरान पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम, 1900 के तहत संरक्षित क्षेत्र में लगभग 2,000 सफेदा पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया था। निरीक्षण में लगभग 4,000 में से करीब 2,000 पेड़ कटे पाए गए थे। इसके बाद फरवरी-मार्च 2026 में असरेवाली क्षेत्र में 1,138 खैर वृक्षों की कथित अवैध कटाई का मामला सामने आया, जबकि पिंजौर स्थित एचएमटी परिसर में 1,456 खैर वृक्षों की कटाई की बात कही गई। इन तीनों मामलों को मिलाकर कुल 4,594 पेड़ों की कटाई का दावा किया गया है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारियों को निलंबित किए जाने के बावजूद उन्हें बाद में उसी क्षेत्र में पुन: तैनात किया गया, जिससे जांच की निष्पक्षता प्रभावित होने की आशंका जताई गई। उन्होंने इसे चयनात्मक कार्रवाई बताते हुए उच्च स्तर पर समीक्षा की मांग की। मामला वर्तमान में राष्ट्रीय हरित अधिकरण में विचाराधीन है, जहां संबंधित याचिका पर सुनवाई जारी है। याचिकाकर्ताओं ने यह भी आपत्ति जताई है कि कुछ अधिकारियों की भूमिका रहते हुए ही उनकी ओर से जवाब दाखिल किया गया, जिस पर अधिकरण ने स्पष्ट तथ्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। पर्यावरणविदों का कहना है कि हरियाणा में पहले से ही वन क्षेत्र सीमित है, ऐसे में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई पर्यावरण, भूजल और वन्यजीवों के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने दोषियों की जवाबदेही तय करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## फतेहाबाद में देह व्यापार का रैकेट चलाने वाली महिला गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भूना रोड स्थित आईजी कॉलेज के सामने चल रहे हाई-प्रोफाइल अनैतिक देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस रैकेट को चलाने वाली मुख्य आरोपी महिला को दबोच लिया है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मास्टर कॉलोनी में आईजी कॉलेज के बिल्कुल सामने एक मकान में बाहर से महिलाओं को बुलाकर देह व्यापार का धंधा धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत पुलिस उपाधीक्षक भट्टू के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। टीम में महिला पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया गया ताकि जाल बिछाकर आरोपियों को रंगे हाथों दबोचा जा सके।

पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए बताए गए ठिकाने पर अचानक रेड की गई। जैसे ही पुलिस मकान के भीतर दाखिल हुई, वहां हड़कंप मच गया। मौके पर मकान मालिक मौजूद मिली। तलाशी के दौरान पुलिस को कमरे से एक अन्य महिला और एक पुरुष संदिग्ध हालत में मिले। आरोपी महिला अपने ही मकान में दूसरी महिलाओं को बुलाती थी और उनसे जबरन देह व्यापार करवाती थी। इस घिनौने धंधे से होने वाली कमाई का एक बड़ा हिस्सा वह खुद अपनी जेब में रख लेती थी। जांच में साफ हुआ कि वह भोली-भाली महिलाओं को इस दलदल में धकेलने के लिए उकसाती थी और उन्हें ठिकाना मुहैया कराती थी। निरीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि पुलिस इस मामले के हर एक पहलू की गहराई से तफ्तीश कर रही है। इस अवैध धंधे के पीछे और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं, इसकी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जयराम ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने लोक भवन में शनिवार को राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों, जनकल्याणकारी गतिविधियों तथा सामाजिक सरोकारों पर सार्थक चर्चा हुई। राज्यपाल ने समाज के सर्वांगीण विकास में सकारात्मक सहभागिता और जनसेवा की भावना को महत्वपूर्ण बताया। भेंट के दौरान प्रदेश के विकास, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने पर बल देते हुए सभी को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

### पीओके में पाक के खिलाफ बढ़ रहा असंतोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि पाकिस्तान में एक बार फिर 1971 जैसे हालात बनते दिखाई दे रहे हैं और यदि परिस्थितियां इसी दिशा में बढ़ती रहीं तो भविष्य में पाकिस्तान का अस्तित्व भी संकट में पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) के लोग लगातार अपने अधिकारों और मूलभूत सुविधाओं की मांग उठा रहे हैं तथा स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। राज्यपाल ने यह बातें शनिवार को शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहीं। राज्यपाल ने कहा कि भारत ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन और जनकल्याण को प्राथमिकता दी है, जबकि पाकिस्तान अधिकृत क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की मजबूत कूटनीति और संतुलित विदेश नीति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ किया है। इस अवसर पर उन्होंने शिमला में हाल ही में एक विदेशी महिला द्वारा प्रसारित गंदगी संबंधी वीडियो पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वच्छता, नागरिक संवेदनशीलता और बेहतर सामाजिक संस्कारों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

### राज्यपाल से मिले दिव्य ज्योति जागृति के प्रतिनिधि

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से लोकभवन में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें 29 जून से खलीनी स्थित क्योंथल बैंक्वेट हॉल में आयोजित होने वाली भगवान शिव कथा में शामिल होने का सादर निमंत्रण दिया। इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने संस्थान द्वारा देश-विदेश में संचालित आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा की। बैठक के दौरान सत्संग, संस्कारशालाओं, नारी सशक्तिकरण, युवा जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा नशा मुक्ति जैसे विभिन्न सेवा प्रकल्पों पर विस्तार से चर्चा हुई। संस्थान की ओर से बताया गया कि आध्यात्मिक ज्ञान और मानव सेवा को आधार बनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि संस्थान केवल आध्यात्मिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों के माध्यम से भी लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रहा है। इस दौरान संस्थान द्वारा संचालित कामधेनु गौशाला की गतिविधियों पर भी विशेष चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने बताया कि गौशाला में भारतीय देसी गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने संस्थान के सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संस्थान को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए जनकल्याण के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मिला बल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजभवन स्थित लोकभवन में शनिवार को पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस के अवसर पर 'मिलन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश में रह रहे पश्चिम बंगाल के नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने अतिथियों को पारंपरिक हिमाचली टोपी और मफलर भेंट कर सम्मानित किया तथा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत आयोजित ऐसे कार्यक्रम देश की विविधता में एकता को मजबूत करते हैं और विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच सांस्कृतिक एवं भावनात्मक जुड़ाव बढ़ाते हैं। उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक विरासत, भाषाई विविधता और परंपराओं के संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि इन मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने पश्चिम बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जानकारी साझा की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव संदीप भारद्वाज भी उपस्थित रहे।

### रामपुर में निकाली गई जागरूकता रैली




**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से आज रामपुर में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा उन्मूलन एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस वर्ष अभियान का विषय नशा मुक्त भारत अभियान, विकसित भारत की पहचान रखा गया है, जिसके माध्यम से युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। तहसील कल्याण अधिकारी रामपुर मोहन केदारटा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जागरूकता रैली में पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बालिका) रामपुर के लगभग 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली को पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर के प्रधानाचार्य राजेश परमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारम्भ होकर पुराना बस स्टैंड सहित रामपुर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां एवं बैनर लेकर नशे के खिलाफ प्रभावशाली संदेश दिए।

### किशाऊ बांध समझौते से प्रदेश को मिलेगा लाभ : तृप्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष तृप्ता ठाकुर ने किशाऊ बांध परियोजना की पूरी लागत केंद्र सरकार द्वारा वहन किए जाने के समझौते का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को बधाई दी है। राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि यह समझौता प्रदेश के लिए बड़ी आर्थिक राहत लेकर आया है और हिमाचल को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यमुना नदी पर बनने वाले इस बांध से प्रदेश को प्रतिवर्ष लगभग 600 करोड़ रुपये की आय होगी। तृप्ता ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के विशेष प्रयासों और गंभीर पहल से इस परियोजना को अंतिम रूप मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व जयराम सरकार इस समझौते को अंतिम रूप देने में सफल नहीं हो सकी थी, जबकि वर्तमान सरकार ने प्रदेश पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को समाप्त कर एक बड़ी राहत दिलाई है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# मनीषा मित्तल को हमलावरों ने सिर पर मारी थीं तीन गोलियां

## वारदात के सीसीटीवी फुटेज आए सामने, आरोपी सात दिन के पुलिस रिमांड पर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली स्थित सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की संचालिका मनीषा मित्तल हत्याकांड में जांच लगातार गहराती जा रही है। मामले में गिरफ्तार दोनों शूटरों को अदालत ने सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

इसी बीच वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें नकाबपोश हमलावर मनीषा मित्तल पर बेहद करीब से गोलियां चलाते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने उनके सिर पर तीन गोलियां दागीं, जिनमें से दो आर-पार हो गईं, जबकि एक गोली पोस्टमार्टम के दौरान बरामद की गई। पुलिस ने इस मामले में हरियाणा के रोहतक और झज्जर जिलों से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आशीष अहलावत और दीपक के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। ऐसे में जांच एजेंसियां हत्या को सुपारी किलिंग, व्यक्तिगत रंजिश और अन्य संभावित कारणों से जोड़कर विभिन्न पहलुओं पर पड़ताल कर रही हैं। पुलिस की विशेष जांच टीम आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है ताकि इस हत्याकांड के पीछे छिपे असली सूत्रधार तक पहुंचा जा सके।




सीसीटीवी फुटेज में मनीषा पर फायरिंग करते दिखाई देते नकाबपोश हमलावर।


मामले में एक नया और अहम तथ्य भी सामने आया है। जिस दिन मनीषा मित्तल की हत्या हुई, उसी दिन स्कूल की संचालन समिति का तीन वर्षीय कार्यकाल भी समाप्त हुआ था। इस संयोग ने कई नए सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला प्रशासन ने अभिभावकों की मांग पर स्कूल को अपने नियंत्रण में लेते हुए प्रशासक नियुक्त कर दिया है और स्कूल से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्कूल प्रबंधन को तीन दिन के भीतर पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

उधर, अभिभावकों और स्थानीय लोगों की निगाहें अब पुलिस जांच पर टिकी हैं। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान पूछताछ से हत्या के पीछे के कारणों और संभावित मास्टरमाइंड के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है। वहीं स्कूल की नई संचालन समिति के गठन की प्रक्रिया भी अगले छह माह के भीतर पूरी की जाएगी। इस बहुचर्चित हत्याकांड ने प्रदेश भर में सनसनी फैला दी है और हर दिन नए खुलासे सामने आ रहे हैं।

# हिमाचल में 2183 सड़कों को मिलेगी कानूनी मंजूरी : सीएम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में बिना वन स्वीकृति के निर्मित 2183 सड़कों के मामलों को नियमित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग को निर्देश दिए हैं कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 तथा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप इन सड़कों के लिए वन भूमि हस्तांतरण की व्यापक योजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने और दुर्गम क्षेत्रों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनेक गांवों और दूरस्थ बस्तियों के लिए ये सड़कें जीवनरेखा का कार्य कर रही हैं। विशेष रूप से प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में इन मार्गों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। बैठक में जानकारी दी गई कि संबंधित सड़कें वर्ष 2006 में एफआरए लागू होने से पहले निर्मित की गई थीं। इसके बावजूद वन भूमि से जुड़े कानूनी प्रावधानों के कारण इनके नियमितीकरण की प्रक्रिया लंबे समय तक अटकी रही। वर्ष 2016 से 2026 के बीच केवल 150 सड़क मामलों को ही स्वीकृति मिल सकी, जिससे हजारों ग्रामीणों की उम्मीदें अधूरी रह गई थीं।



**लंबित मामलों का जल्द निपटान करने के निर्देश**

इस बीच उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका के बाद न्यायालय ने विभाग को एफआरए के प्रावधानों के तहत सभी मामलों की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास परियोजनाओं को गति मिल सके और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# जनता की संपत्तियों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी : कश्यप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने प्रदेश सरकार की आर्थिक नीतियों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश को कर्ज और निजीकरण की राह पर धकेल रही है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सरकार एक बार फिर 700 करोड़ रुपये का ऋण लेने जा रही है, जबकि पहले से ही प्रदेश पर कर्ज का भारी बोझ है। कश्यप ने कहा कि सरकार को जनता को बताना चाहिए कि लगातार लिए जा रहे हजारों करोड़ रुपये के ऋण का उपयोग किस कार्य में किया जा रहा है। सांसद सुरेश कश्यप ने एचपीटीडीसी के होटलों को पीपीपी मॉडल के तहत निजी क्षेत्र को सौंपने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार सार्वजनिक संस्थानों को मजबूत करने व पर्यटन से राजस्व बढ़ाने के बजाय सरकारी परिसंपत्तियों के निजीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है। कश्यप ने आरोप लगाया कि आर्थिक कुप्रबंधन के कारण विकास कार्य प्रभावित हुए हैं और अब सरकार अपने खर्चों के लिए ऋण लेने के साथ-साथ सार्वजनिक संपत्तियों को भी निजी हाथों में देने की तैयारी कर रही है।



**◆ 700 करोड़ के नए ऋण व एचपीटीडीसी होटलों के पीपीपी मॉडल पर उठाए सवाल**

# विनोद जिंटा ने पेपर लीक मामले में घेरी केंद्र सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री विनोद जिंटा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 12 वर्ष में यूजीसी, नीट सहित कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने से देश के युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का कार्यकाल बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, कमजोर होती अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की गिरती साख के लिए याद किया जाएगा। ज़िंटा ने भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की तुलना देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से किए जाने को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि नेहरू का देश निर्माण में योगदान ऐतिहासिक और अतुलनीय रहा है।

ज़िंटा ने केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के साथ भेदभाव किया है और विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लिए मिलने वाले फंड में कटौती की है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय घोषित विशेष राहत राशि आज तक प्रदेश को नहीं मिली, जबकि आरडीजी जैसी महत्वपूर्ण सहायता भी बंद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस देकर ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जबकि भाजपा हमेशा इसका विरोध करती रही है।

# पीएम-वीबीआरवाई योजना के तहत 22 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

## रोजगार सृजन कर युवाओं को कार्यबल से जोड़ने पर विशेष जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सीपीआरआई शिमला में आयोजित कार्यक्रम में रोजगार सृजन और युवाओं को औपचारिक कार्यबल से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 लाख से अधिक लाभार्थियों को 2,400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि वितरित किए जाने के क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में 174 लाभार्थियों, 24 नियोक्ताओं तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान, सांसद सुरेश कुमार कश्यप और विधायक हरीश जनारथा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा 22 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसरों को बल मिला। पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र पर आधारित शिमला की अर्थव्यवस्था के लिए यह योजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है। योजना के तहत पहली बार नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं को आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलेगा, जबकि अतिरिक्त रोजगार सृजित करने वाले नियोक्ताओं को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि इससे निजी क्षेत्र में नई भर्तियों को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार की लागत कम होगी और युवाओं को संगठित क्षेत्र में स्थायी अवसर प्राप्त होंगे।



# रमा और सतीश राजटा कांग्रेस में शामिल

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर थामा 'हाथ'

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में कांग्रेस को उस समय मजबूती मिली जब भाजपा से जुड़े दो प्रमुख कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत पराली बदरूनी की नव-निर्वाचित प्रधान रमा सुदेईक तथा ग्राम पंचायत देवरी खनेटी की रेओ घाटी से भाजपा के पन्ना प्रमुख एवं युवा कार्यकर्ता सतीश राजटा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। दोनों नेताओं ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की जनहितैषी कार्यशैली और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया।

कांग्रेस में शामिल होने के अवसर पर दोनों नेताओं ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और अन्य आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे आम जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसेवा की भावना को देखते हुए उन्होंने कांग्रेस पार्टी की नीतियों पर विश्वास जताते हुए पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मेहता तथा युवा कांग्रेस कार्यकर्ता चेतन भीमटा सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष जितेन्द्र मेहता ने दोनों नेताओं का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में उन्हें पूरा सम्मान और जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके कांग्रेस में शामिल होने से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को नया बल प्राप्त होगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी दोनों नेताओं के निर्णय का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।



कांग्रेस में शामिल हुए लोग शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ। अनंत ज्ञान

# 300 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा निकला छलावा : जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल की बिजली पर कांग्रेस सरकार द्वारा टैक्स आतंक जारी है और जनता से खुली लूट हो रही है। भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्बाल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों के दौरान प्रदेश की जनता से 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का बड़ा वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद यह वादा पूरी तरह छलावा साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार मुफ्त बिजली की बात करती है, वहीं दूसरी ओर फ्यूल चार्ज, विभिन्न टैक्सों और अतिरिक्त शुल्कों के माध्यम से जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है। राकेश जम्बाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार स्वयं को टैक्स फ्री बजट पेश करने वाली सरकार बताती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि जनता से विभिन्न माध्यमों से अतिरिक्त वसूली की जा रही है। बिजली बिलों में लगाए गए नए फ्यूल चार्ज ने सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर स्पष्ट कर दिया है। राकेश ने कहा कि हाल ही में बिजली उपभोक्ताओं पर 33.8 पैसे प्रति यूनिट का नया फ्यूल चार्ज लगाया गया है। सरकार इसे तकनीकी प्रक्रिया बताकर उचित ठहराने का प्रयास कर रही है, लेकिन इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है। जितनी अधिक बिजली की खपत होगी, उतना ही अधिक अतिरिक्त भुगतान लोगों को करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार वित्तीय प्रबंधन की कमियों को छिपाने के लिए लगातार नए आर्थिक बोझ जनता पर डाल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए मुफ्त सुविधाओं के वादे अब जनता के सामने सवालों के घेरे में हैं। यदि सरकार वास्तव में राहत देना चाहती है तो उसे बिजली बिलों में लगाए जा रहे अतिरिक्त शुल्कों और टैक्सों की समीक्षा करनी चाहिए।

# पत्नी को गुजारा भत्ता न देने पर पति अरेस्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पत्नी को भरण-पोषण की राशि न चुकाना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। करीब चार साल से अदालत के आदेशों का पालन नहीं करने वाले आरोपी को पुलिस ने गरफ्तार कर लिया। मामला शिमला जिले के कुमारसैन क्षेत्र का है, जहां आरोपी पर बकाया भरण-पोषण राशि दो लाख रुपये से अधिक पहुंच चुकी है। पुलिस के अनुसार निहाल पुत्र भगत राम, निवासी गांव कंडा, तहसील कुमारसैन के खिलाफ वर्ष 2022 से पत्नी को भरण-पोषण राशि न देने का मामला अदालत में विचाराधीन है। यह मामला घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 की धारा 20(1) के तहत चल रहा है। अदालत द्वारा कई बार आदेश दिए जाने के बावजूद आरोपी ने राशि का भुगतान नहीं किया, जिसके बाद उसके खिलाफ चार गैर-जमानती वारंट जारी किए गए। पुलिस थाना कुमारसैन की टीम ने 18 जून को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने भरण-पोषण राशि की अदायगी सुनिश्चित करने के लिए आरोपी की संपत्ति को संबंधित राजस्व अधिकारियों के माध्यम से संलग्न (अटैच) करने के आदेश भी दिए हैं।

**समारोह** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के 14वें दीक्षांत समारोह में बांटी डिग्रियां

# 643 विद्यार्थियों के सपनों को मिली नई उड़ान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी के कटौला परिसर में शनिवार को 14वें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह अवसर संस्थान के 643 विद्यार्थियों के लिए उनके शैक्षणिक जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का साक्षी बना। समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा विद्यावाचस्पति (पीएचडी) कार्यक्रमों के विद्यार्थियों को उनकी डिग्रियां प्रदान की गईं और उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान को सम्मानित किया गया। समारोह में वेलस्पन वर्ल्ड के संस्थापक बीके गोयंका मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंगन बनर्जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस वर्ष डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 321 स्नातक, 259 स्नातकोत्तर तथा 63 पीएचडी शोधार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, नेतृत्व क्षमता और समग्र उत्कृष्टता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न पदक और सम्मान भी प्रदान किए गए। विशेष बात यह रही कि इस वर्ष का बीटेक बैच संस्थान के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा स्नातक समूह रहा। इस अवसर पर आईआईटी मंडी के निदेशक प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समर्पण, अनुशासन और सतत प्रयासों का उत्सव है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान से निकलने वाले युवा नवाचार, नैतिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों को साथ लेकर देश और दुनिया में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनेंगे।

उन्होंने कहा कि आईआईटी मंडी बहुविषयी शिक्षा, अनुसंधान उत्कृष्टता, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी समाधान विकसित कर सकें।




**◆ वेलस्पन वर्ल्ड के संस्थापक बीके गोयंका रहे मुख्यातिथि**

# जेओए आईटी कर्मचारियों ने उठाई नियमितीकरण की मांग



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी) पोस्ट कोड-817 कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सचिवालय में भेंट कर एकमुश्त नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्ष 2020 में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया विभिन्न न्यायालयीय मामलों और प्रशासनिक कारणों से लंबी चली, जिसके चलते समान चयन प्रक्रिया से नियुक्त कर्मचारियों के नियमितीकरण में छह माह तक का अंतर आ गया है। मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया कि विशेष परिस्थितियों को देखते हुए पोस्ट कोड-817 के सभी कर्मचारियों को 1 अक्टूबर 2026 से एक साथ नियमित किया जाए। कर्मचारियों ने कहा कि इससे वेतन एवं अन्य सेवा लाभों में समानता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की मांग को गंभीरता से सुना और मामले पर पुनर्विचार का आश्वासन दिया।